# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

# आइये नए रिश्ते बनाएं, रक्तदान कर जिंदगी बचाएं

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी के निर्देशन में कांस्टेबल मुकेश सोलंकी, शिवाम्बुज पटेल, शशांक तिवारी के सहयोग से मंगलवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर फातिमा अस्पताल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पहुंचे एसएसपी डा. विपिन टाडा ने रक्तदान करने आए हुए पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजनमानस को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। एसएसपी ने गोरखपुर पुलिस द्वारा आगे भी इसी प्रकार रक्तदान जैसे महादान को जारी रखने के कार्य करने की बात कही। इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जनता के व पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा रक्तदान किया गया। एसएसपी ने लोगों को रक्तदान जैसे महादान का महत्व समझाते हुए, रक्तदान करने हेतु लोगो को प्रेरित किया गया।




विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर फातिमा अस्पताल में रक्तदान के शुभारम्भ कार्यक्रम में उपस्थित एसएसपी डा. विपिन ताडा। फोटो : एसएनबी।

# राजस्व विवाद में संयुक्त टीम मौके पर जांचकर करें कार्रवाई : डीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी व एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में राजपत्रित अधिकारियों के साथ जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण को लेकर बैठक की। जिलाधिकारी ने अफसरों से कहा कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक स्वयं जन सुनवाई सुनिश्चित करें। यदि तुरंत निस्तारण संभव न हो सक्षम अधिकारी को जन सुनवाई हेतु नामित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कहा कि जन शिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि समस्या ज्यादा समय से लंबित है तो अधिनस्थ अधिकारियों को मौके पर भेजकर प्राप्त समस्या का निस्तारण करायें। आवश्यकता प्रतिपुष्टि/फोटोग्राफ सहित आख्या प्राप्त करें और इसकी क्रास चेकिंग भी करायी जाये। भूमि संबंधी विवादों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके। यदि किसी शिकायतकर्ता द्वारा एक बार से अधिक अपनी शिकायत दी जाती है तो समस्या के मूल कारण को समझकर दोषी कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना समाधान दिवस प्रभारी द्वारा रेण्डम आधार कुछ जन शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच हेतु आवेदक से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताडा, पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई, पुलिस अधीक्षक लाइन राहुल भाटी, एसपी गोरखनाथ मंदिर लाल भरत पाल, एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सभी एसडीएम व सीओ आदि मौजूद रहे।



कृष्णा करुणेश-डीएम

**गुणवत्ता युक्त त्वरित मामलों का करें निस्तारणः डीएम**

**एसडीएम व सीओ अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कानून व्यवस्था को रखें दुरुस्तः एसएसपी**

# खेत से मिट्टी चुराने पर चोरी का केस दर्ज

पाली (एसएनबी)। सहजनवा के घघसरा चौकी क्षेत्र के नारंगपट्टी गांव में खेत से लोडर मशीन से मिट्टी खोद ले जाने के मामले मे मंगलवार को पुलिस ने तीन लोगो के चोरी के मामले में केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया विनोद कुमार के तहरीर पर नारंगपट्टी निवासी हरिराम उसके बेट सुधीर व रामजीत के खिलाफ धारा 504, 506,379 मे केस दर्ज कर कारवाई की गयी है।

# जेडी अभियोजन सहित दो अधिकारियों पर केस

गोरखपुर(एसएनबी)। गोरखपुर के प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रण विजय सिंह घूस लेने के मामले दीपक यादव की तहरीर पर मंगलवार की रात इन अधिकारियों के खिलाफ कैंट थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7/13 के तहत केस दर्ज किया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वताया कि सस्पेंड दोनों अधिकारियों को वहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सपा नेता जिला वदर वदमाश कपिलमुनि यादव पर गैंगेस्टर लगाने की सिफारिश की थी। गैंगेस्टर से जुड़ी फाइल पर पहले आपत्ति लगाने, फिर केस आगे वढाने के लिए गोरखपुर के संयक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा और ज्येष्ट अभियोजन अधिकारी रण विजय सिंह ने घूस लिया था। जिसका स्टिंग आपरेशन दीपक यादव ने किया था। जिसकी जांच एडीएम सिटी विनीत सिंह ने की। जांच में घूस लेने की पुष्टि होने पर एडीएम सिटी ने रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी थी। जिसके वाद डीएम ने अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को रिपोर्ट भेजकर मामले में कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की थी। आरोप है कि घूस लेने के वाद प्रभारी सहायक अभियोजन अधिकारी अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ने आपत्ति लगाकर फाइल वापस कर दी थी। कपिलमुनि ने मामले की पैरवी कर रहे दीपक यादव को धमकी दी थी। जिस पर उसने कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दीपक ने दोनों अफसरों का स्टिंग अपरेशन कर लिया। ऐसे कई मामलों में सहायक अभियोजन अधिकारी व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी पहले भी आपत्ति लगा चुके हैं।

**कैंट थाने में दर्ज हुआ केस, बहुत जल्द होगें गिरफ्तारःएसपी सिटी**

**साहब को सलाम करते रहिए, सब हो जाएगा :** वायरल वीडियो में संयुक्त निदेशक अभियोजन के साथ एक वर्दीधारी भी दिख रहा है। वह कह रहा है कि गैंगस्टर लगाने के नियम वहुत वदल गए। साहव को सलाम करते रहिए, सव हो जाएगा। इससे पहले एक व्यक्ति गैंगस्टर के मामले को आगे वढ़ाने की वात करता है। वह कहता है कि फाइल पर आपत्ति लगा दी। पहले भी एक फाइल पर आपत्ति लगी थी, लेकिन उसे दूर कराया था। इसके वाद व्यक्ति रुपये संयुक्त निदेशक अभियोजन को पकड़ाता है। संयुक्त निदेशक रुपये लेते हैं, फिर पूछते हैं कि विवेचक कौन है फाइल मेरे टेवल तक पहुंचवा दीजिए, सव हो जाएगा।

**कपिलमुनि पर चुनाव से पहले हुई थी गैंगस्टर की सिफारिश :** रामगढ़ताल पुलिस ने कपिलमुनि यादव को जिला वदर कर दिया है। साथ ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ही थाना पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की सिफारिश की थी, लेकिन आपत्ति लगाकर फाइल वापस कर दी गई। कई मामले सामने आए आरोपों से घिरे प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा का एक और कारनामा सामने आया है। पता चला है कि जिलाधिकारी के संज्ञान में लाए वगैर ही मुकदमों में नामजद आरोपियों को सरकारी विभागों में कार्यभार ग्रहण करा दिया। ऐसे तीन मामले सामने आए हैं। इसी लिहाज से जिलाधिकारी ने अशोक वर्मा से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को पत्र लिखकर संयुक्त निदेशक को तत्काल हटाने व कार्रवाई की सिफारिश की है।

जिलाधिकारी ने अपर मुख्य सचिव गृह को लिखे पत्र में कहा कि वड़हलगंज क्षेत्र के परसिया तिवारी गांव के विमलेश तिवारी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमे न्यायालय विचाराधीन हैं। इसके वावजूद सहायक निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा ने पीएसी के सेनानायक को पत्र भेजकर विमलेश तिवारी को कार्यभार ग्रहण करा दिया। इसकी अनुमति जिलाधिकारी से लेने की जरूरत नहीं समझी गई। नियमानुसार, जिलाधिकारी की अनुमति जरूरी होती है। इसी तरह चौरीचौरा क्षेत्र के सोनवरसा खुर्द निवासी पवन कुमार के मामले में भी क्षेत्राधिकार से वाहर जाकर विधिक राय दी गई है। पवन कुमार के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। इसके वावजूद पवन कुमार की नियुक्ति सरकारी महकमे में करा दी गई। गोला क्षेत्र के कोहरा वुजुर्ग निवासी देवेश चन्द के मामले में भी ऐसे ही किया गया है।

**जुलाई में हो जाएगें अशोक वर्मा सेवानिवृत :** 31 जुलाई को होंगे सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा जुलाई में सेवानिवृत्त हो जाएंगे, लेकिन पहले ही गंभीर मामले में फंस गए। वताया जा रहा है कि अशोक वर्मा की सेवानिवृत्ति आयु 31 जुलाई को पूरी होगी।

# चेक बाउंस पर आरोपित को छह माह की कैद व जुर्माना

गोरखपुर (एसएनबी)। चेक वाउंस होने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक नाथ सरस्वती ने कोतवाली थाना क्षेत्र के वजरंग मिल के सामने मोहल्ला इस्माईलपुर निवासी अभियुक्त महेंद्र कुमार अग्रवाल को छह माह के कारावास एवं तीन लाख 70 हजार पांच सौ रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

कोर्ट में कोतवाली थाना क्षेत्र के करोड़ी लाल का हाता सुमेर सागर निवासी परिवादी अरुण कुमार गोयल ने दाखिल परिवाद में कहा था कि अभियुक्त ने परिवादी से अपने व्यापार का हवाला देकर दो लाख 57 हजार रुपया उधार लिया था। जिसे छह माह के अंदर वापस करने का वायदा किया। परिवादी ने जव अभियुक्त से अपना रुपया वापस मांगा तो अभियुक्त ने परिवादी दो लाख 57 हजार रुपए के भुगतान के लिए कुल छह पोस्ट डेटेड चेक वंधन वैंक शाखा पार्क रोड का दिया। अभियुक्त के कहे अनुसार परिवादी ने 18 जुलाई, 2020 को उक्त पांच चेक कुल दो लाख 47 हजार रुपए के भुगतान के लिए वैंक आफ वड़ौदा शाखा वैंक रोड के अपने खाते में लगाया तो उक्त पांचों चेक उसी दिन खाते में अपर्याप्त धन की सूचना के साथ वाउंस हो गया।

# लूट की घटना में शामिल बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने लूट के मामले में प्रकाश में आए अभियुक्त आदित्य विक्रम सिंह निवासी बिलन्दपुर थाना कैंट को एक मोबाइल के साथ सीनियर सेकण्डरी स्कूल कौवाबाग के पास से मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया। युवक ने दो जनवरी को रात में शाहपुर इलाके में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। विवेचना के दौरान उसका नाम प्रकाश में आया था।

# अवैध असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। सिकरीगंज पुलिस ने 'आपरेशन पाताल' अभियान के तहत मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर राहुल यादव पुत्र इन्द्रेश यादव निवासी ग्राम भेउसा ऊर्फ बनकटा टोला उफरौली थाना सिकरीगंज को दोपहर 12.30 बजे, ढेबरा बाजार तिराहे पर से गिरफ्तार किया।

# चोरी हुए ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने अभियुक्त मूलचन्द यादव पुत्र मोहित निवासी आशापार थाना खजनी को चोरी के ट्रैक्टर के साथ मंगलवार को सुबह आशापार थाना खजनी से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# मिट्टी निकलवाने के मामले में केस

घघसरा। सहजनवा के घघसरा चौकी क्षेत्र के नारंगपट्टी गांव बीते सप्ताह रात में आधा एकड़ खेत से लोडर मशीन से चार फीट मिट्टी खोद ले जाने के मामले मे मंगलवार को पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के नारंगपट्टी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि गांव का व्यक्ति मिट्टी खनन का कारोबार करता है। उसने बीते सप्ताह रात में करीब आधा एकड़ खेत से चार फीट मिट्टी खोद ले गया। रविवार रात करीब 11 बजे खनन माफिया ने फोन कर गाली गुप्ता देते हुए केस दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी।

तोड़फोड़ सहित अन्य मामलों में दर्ज हुए थे 4 मुकदमे, निगरानी की जद में हैं 261 लोग

# सीएए के 'जिन्न' से पत्थरबाजों पर नजर

**54** के खिलाफ जारी किया जा चुका है नोटिस, छतों पर मिले थे ईंट-पत्थर

## यह थी स्थिति

•गोरखपुर जिले में दर्ज हुए चार मुकदमे, कुल प्रकाश में आए 62 अभियुक्त,• देवरिया जिले में दर्ज हुए दो मुकदमें, कुल 27 अभियुक्त सामने आए थे,• कुशीनगर जिले में दर्ज हुआ एक मुकदमा, कुल 81 अभियुक्त सामने आए,• संतकबीरनगर में दर्ज हुए तीन केस, कुल 18 अभियुक्त सामने आए,• गोंडा जिले में एक केस दर्ज हुए, कुल 38 आरोपित सामने आए • बहराइच में दर्ज हुए छह केस, कुल 188 अभियुक्त सामने आए।

**सतर्कता**



- मुकदमों में सामने आए पत्थरबाजों की फिर कुंडली खंगाली जा रही
- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नए सिरे से देखा जा रहा वीडियो फुटेज

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता ।** नुपूर शर्मा के बयान को लेकर जुमे पर हो रहे विवाद के बाद गोरखपुर पुलिस ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर हुए बवाल के 'जिन्न' को एक बार फिर अपने बोतल से बाहर निकाल दिया है। सीएए के बवाल में शामिल आरोपितों की न सिर्फ फाइलें खंगाली जा रही हैं बल्कि कितने आरोपित आज तक पुलिस के शिकंजे में नहीं आ पाए हैं, उस पर भी काम चल रहा है।

उस समय वीडियो फुटेज, तब के अखबारों के फोटो और कतरनें भी पुलिस उलट-पलट रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी साइबर सेल ने अपनी निगाह गड़ा रखी है। इसी तहत 261 लोग निगरानी की जद में हैं। घर की छतों पर ईंट-पत्थर मिलने पर 54 पर नोटिस भी जारी किया जा चुका है। कुल मिलाकर अफसर किसी तरह की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहते हैं।

दरअसल, दिसम्बर 2019 में दूसरे सप्ताह से गोरखपुर में सीएए को लेकर तनाव शुरू हुआ था और 22 दिसम्बर को जुमा के दिन यह बवाल काफी बढ़ गया था। कोतवाली इलाके के नखास चौक तथा रेती रोड पर पथराव और तोड़फोड़ सहित कई घटनाएं सामने आई थी। वहीं राजघाट इलाके में जामा मस्जिद पर धारा 144 के लागू होने के बाद भी भीड़ रेती रोड और नखास की तरफ बढ़ी थी। इस बवाल और पथराव में पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हुई थी। भगदड़ में सड़क पर सैकड़ों ईंट पत्थर व लोगों के चप्पल भी पड़े थे।

इस मामले में गोरखपुर पुलिस ने कोतवाली व राजघाट थाने में अलग-अलग चार केस दर्ज किए थे। आरोपितों की पहचान के लिए पोस्टर भी चस्पा किया गया था। बवाल के बाद पुलिस ने तब जो सख्ती दिखाई थी उससे लगा था कि अब जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस इसमें चार्जशीट दाखिल कर देगी। लेकिन पुलिस ने करीब छह महीने बाद चार्जशीट तो दाखिल कर दिया लेकिन अभी भी उस मामले में सैकड़ों अज्ञात लोग नामजद नहीं हो पाए हैं। जिन्हें गिरफ्तार किया गया उन्हीं का चार्जशीट में नाम आया। दर्जनों फोटो की आज तक पहचान नहीं हो पाई। यह भी नहीं पता चल पाया कि ये लोग शहर के ही हैं तो या फिर उस दिन बवाल के इरादे से यह बाहर से आए थे। उस दौरान पुलिस से जो चूक हुई थी, इस बार वह चूक न हो इसकी भी तैयारी चल रही है।

**छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार : गोरखपुर।** चिलुआताल पुलिस ने छेड़खानी व दुष्कर्म के आरोपी फूलदेव यादव निवासी हरखपुरा पोस्ट डोमरा थाना पनियरा जिला महाराजगंज हाल मुकाम निवासी ग्राम तरहवा मोहरीपुर थाना चिलुआताल को उसके घर मोहरीपुर से मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# चेक बाउंस होने पर छह महीने का कारावास

गोरखपुर। चेक बाउंस होने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक नाथ सरस्वती ने कोतवाली थाना क्षेत्र के बजरंग मिल के सामने मोहल्ला इस्माइलपुर निवासी अभियुक्त महेंद्र कुमार अग्रवाल को छह माह के कारावास एवं 3.70 लाख अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# भड़काऊ पोस्ट डालने वाले युवक को जेल

गोरखपुर। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में गिरफ्तार युवक को चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नूपुर शर्मा के बयान के बाद युवक ने जुमे की नमाज बाद जुलूस निकालने के लिए भड़काया था।

जानकारी के अनुसार बिट्टू खान पुत्र जैनुद्दीन खान निवासी करीम नगर थाना चिलुआताल जिला गोरखपुर ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्ट्राग्राम पर एक भड़काऊ पोस्ट वायरल किया है, बीपीओ ने बिट्टू खान उपरोक्त की इंस्ट्राग्राम आईडी को इंस्ट्राग्राम एप से चेक किया तो पाया गया कि बिट्टू खान उपरोक्त ने अपनी आईडी की स्टोरी पर दो वर्गो समुदायों के बीच नफरत फैलाने व सौहार्द बिगाड़ने के लिए भड़काऊ पोस्ट वायरल किया है।

# यूपी पुलिस को मिले 65 डिप्टी एसपी और 85 घुड़सवार

**जागरण संवाददाता, मुरादाबाद :** प्रदेश की पुलिस में मंगलवार को 65 उपाधीक्षक (डीएसपी) और 85 घुड़सवार जवान शामिल हो गए। उपाधीक्षकों में प्रतापगढ़ की शुचिता सिंह सर्वांग सर्वोत्तम बनीं। कुल पास होने वाले 65 प्रशिक्षुओं में 13 बेटियां हैं। प्रदेश को घुड़सवार दल 23 वर्ष बाद मिला है। इसमें देवरिया के सत्यम सिंह दल में सर्वांग सर्वोत्तम रहे।



सत्यम सिंह। ● जागरण

● **घुड़सवारी दल में देवरिया के सत्यम बनें सर्वांग सर्वोत्तम**

डा. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में पहली बार एक साथ उपाधीक्षक व घुड़सवार जवानों की पासिंग आउट परेड हुई। उपाधीक्षकों को एक वर्ष और घुड़सवार दल को छह माह का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि महानिदेशक (प्रशिक्षण) आरपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। तीन टोलियों में डिप्टी एसपी के साथ ही घुड़सवार दल की टोलियों ने सधे हुए कदमों के साथ आगे बढ़ते हुए महानिदेशक को सलामी दी। परेड के बाद मुख्य अतिथि ने शुचिता सिंह को सर्वांग सर्वोत्तम व इनडोर टापर की ट्राफी देकर सम्मानित किया। जबकि आउटडोर टापर की ट्राफी राघवेन्द्र सिंह को सौंपी गई। घुड़सवारी दल में सर्वांग सर्वोत्तम की ट्राफी सत्यम सिंह और इनडोर टापर की ट्राफी राहुल यादव को प्रदान की गई।

# प्रभारी जेडी व एसपीओ पर भ्रष्टाचार का मुकदमा

## मुकदमा वादी की तहरीर पर हुई कार्रवाई, गैंगस्टर के मामले में रुपये लेने का वीडियो हुआ था वायरल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** प्रभारी जेडी (संयुक्त निदेशक अभियोजन) अशोक वर्मा तथा एसपीओ (ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी) रणविजय के खिलाफ मंगलवार की देर रात कैंट पुलिस ने भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कर लिया। कार्यालय में रुपये लेने का वीडियो बनाने वाले युवक की तहरीर पर यह कार्रवाई हुई है। मामले की विवेचना सीओ कैंट करेंगे।

रामगढ़ताल के कजाकपुर निवासी दीपक यादव ने मंगलवार की रात कैंट थाने पहुंचकर तहरीर दी। थानेदार को उसने बताया कि सपा नेता कपिलमुनि ने 2016 में उसके भाई संजय यादव की हत्या करा दी। आरोपित व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया जा रहा है। बात न मानने पर पूरे परिवार धमकी मिल रही है। बात न मानने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। अधिकारियों से शिकायत करने पर रामगढ़ताल पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू की।




एसपीओ रणविजय सिंह व प्रभारी जेडी अशोक वर्मा ● सौ. इंटरनेट मीडिया

कपिलमुनि के साथ ही उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिए दो बार फाइल प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय के पास पहुंची, लेकिन आरोपितों के प्रभाव में आपत्ति लगाते हुए उन्होंने फाइल लौटा दी। वह बात करने गया तो गैंगस्टर की कार्रवाई अनुमति देने के लिए रुपये मांगने लगे। दोनों अधिकारियों के रुपये लेने का वीडियो उसके पास मौजूद है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीओ कैंट मामले की विवेचना करेंगे।

**रविवार को वायरल हुआ था वीडियो :** प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी के रुपये लेने का वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसे अविरल सिंह के ट्विटर हैंडल से पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीएम, यूपी पुलिस और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को टैग किया गया था।

पोस्ट में लिखा है कि 'गैंगस्टर के मामलों में घूस लिया जा रहा है, वो भी गोरखपुर में। प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा तथा ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय द्वारा गैंगस्टर अपराधियों को बचाने के लिए स्टिंग हुआ वायरल।'

## पीड़ित को मिली सुरक्षा, हत्यारोपितों पर कसेगा शिकंजा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** चर्चित संजय यादव हत्याकांड की पैरवी आपरेशन शिकंजा के तहत होगी। इस मामले की निगरानी एसएसपी डा. विपिन ताडा करेंगे। हत्या के मुकदमे की पैरवी कर रहे संजय के छोटे भाई दीपक की सुरक्षा में सिपाही की ड्यूटी लगा दी गई। हत्यारोपित सपा नेता कपिलमुनि और उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस उनकी संपत्ति को जब्त कराएगी। मंगलवार को एसएसपी डा. विपिन ताडा ने संजय यादव कांड की पैरवी करने वाले उसके छोटे भाई दीपक यादव को कार्यालय में बुलाकर मुलाकात की। सुरक्षा देने के साथ ही मुकदमे की पैरवी आपरेशन शिकंजा के तहत किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि डरने की जरुरत नहीं है। समझौता करने की धमकी देने वाले आरोपितों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। कपिलमुनि व उसके साथियों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया फिर से शुरु कर दी गई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद अपराध से अर्जित उनकी संपत्ति को जब्त कराई जाएगी। दोपहर बाद एसएसपी ने सपा नेता कपिलमुनि पर दर्ज हुए सभी मुकदमों की समीक्षा करने के साथ ही मुकदमा दर्ज कराने वाले तीन लोगों से बात की सभी को भरोसा दिया कि अगर कोई समझौता करने का दबाव दे रहा है तो फोन से तुरंत बताएं। पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी।

- **एसएसपी ने कपिलमुनि पर दर्ज सभी मुकदमों की समीक्षा की**
- **आपरेशन शिकंजा में पैरवी कर सजा दिलाएगी पुलिस**

"संजय यादव हत्याकांड के मुकदमा वादी को सुरक्षा दी गई है। धमकी देने वाले आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त कराई जाएगी। मंगलवार को आरोपितों पर दर्ज सभी मुकदमें की समीक्षा की गई।

डा. विपिन ताडा, एसएसपी

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने पुलिस लाइन में की स्थिति की समीक्षा

# बिना अनुमति जुटी भीड़ तो पुलिस दिखाएगी सख्ती

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। थानों में दंगा नियंत्रण करने का रिहर्सल हो रहा है। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र को जोन व सेक्टर में बांटकर पुलिस गश्त कर रही है। बिना अनुमति के सड़क पर निकलने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

मंगलवार की दोपहर डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डा. विपिन ताडा ने पुलिस लाइन के सभागार में प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों संग बैठक की। स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही कहा गया कि सभी लोग अभी से इसकी तैयारी में जुट जाएं। धर्मगुरुओं से वार्ता करने के साथ ही शांति कमेटी की बैठक कर लें। सभी को यह बता दें कि जिले में निषेधाज्ञा लागू है। बिना अनुमति के अगर कहीं पर भीड़ जुटी तो आयोजक के खिलाफ कार्रवाई होगी। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शुक्रवार को सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों की निगरानी की जा रही है। स्थिति बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।



पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक करते जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा.विपिन ताडा ● जागरण

### भड़काऊ पोस्ट डालने वाले को भेजा जेल

चिलुआताल पुलिस ने जुमे की नमाज के दिन रैली निकालने और भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोपित करीमनगर निवासी बिट्टू खान को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है। अब्दुल खान उर्फ बिट्टू ने अपने इंस्ट्राग्राम अकाउंट पर सोमवार को भड़काऊ पोस्ट वायरल किया था। शुक्रवार को रैली निकालने की अपील की थी। बीट सिपाही की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ दो समुदाय के बीच नफरत फैलाने, सौहार्द बिगाड़ने, भड़काऊ पोस्ट वायरल करने और आईटी एक्ट के तहत चिलुआताल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

# छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : छेड़खानी व दुष्कर्म के आरोपित को चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि महराजगंज जिले के पनियरा थानाक्षेत्र स्थित डोमरा गांव निवासी फूलदेव यादव मोहरीपुर के तरहवा में रहता था। एक साल पहले उसके खिलाफ युवती ने छेड़खानी, दुष्कर्म व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार की सुबह बरगदवा चौकी प्रभारी ने उसे मोहरीपुर से गिरफ्तार किया। (जासं.)

# चोरी के ट्रैक्टर के साथ आरोपित को पकड़ा

गोरखपुर : चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार की सुबह चोरी गए ट्रैक्टर के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि आरोपित की पहचान खजनी के आशापार निवासी मूलचंद यादव के रूप में हुई। उसके कब्जे से बरामद ट्रैक्टर दो पहले मजनू क्षेत्र से चोरी हुआ था। (जासं.)

# जबरन खेत से मिट्टी निकलवाने पर मुकदमा

पाली : खेत से जबरन मिट्टी निकालने के आरोप में सहजनवां थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सहजनवां क्षेत्र के नारंगपट्टी निवासी विनोद कुमार ने बताया कि कुछ लोग जबरन उनके खेत से मिट्टी निकाल रहे थे। मना करने पर वह मारपीट पर आमादा हो जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक सहजनवां अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि विनोद की तहरीर पर नारंगपट्टी निवासी हरिराम उसके पुत्र सुधीर व रामजीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं.)

# अवैध असलहा बरामद बदमाश गिरफ्तार

जासं, कुई बाजार : सिकरीगंज पुलिस ने अवैध असलहे के साथ सोमवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित राहुल यादव सिकरीगंज थाने के भेउसा उर्फ बनकटा के टोला उफरौली का रहने वाला है।

थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि वह ढेबरा चौराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान राहुल संदिग्ध स्थिति में दिखा। तलाशी में उसके पास तमंचा बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक संजय पाल, रवि यादव, हेड कांस्टेबल राजेश, शैलेंद्र सिंह व कांस्टेबल अमित यादव शामिल रहे।

# लूटे गए मोबाइल के साथ बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर : शाहपुर पुलिस ने मंगलवार की सुबह लूटे गए मोबाइल के साथ बदमाश को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान कैंट थाना क्षेत्र के बिलंदपुर निवासी आदित्य विक्रम सिंह के रूप में हुई। उसके पास से चार माह पहले लूटा गया मोबाइल फोन मिला।

# यूपी पुलिस को मिले 65 डिप्टी एसपी और 85 घुड़सवार

मुरादाबाद : प्रदेश की पुलिस में मंगलवार को 65 उपाधीक्षक (डीएसपी) और 85 घुड़सवार जवान शामिल हो गए। उपाधीक्षकों में प्रतापगढ़ की शुचिता सिंह सर्वांग सर्वोत्तम बनीं। पास 65 प्रशिक्षुओं में 13 बेटियां हैं। देखें >> 9

# किशोरी का अपहरण मुकदमा

पीपीगंज : किशोरी के अपहरण के आरोप में पीपीगंज पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित शैलेन्द्र प्रसाद महराजगंज जिले में फरेंदा कस्बे का रहने वाला है। पीपीगंज पुलिस ने बताया कि सोमवार रात किशोरी कुछ काम से घर से बाहर निकली हुई थी। उसी दौरान युवक ने उसका अपहरण कर लिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं.)

# घूस कांड : संयुक्त निदेशक अशोक वर्मा पर केस

## ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का मुकदमा, कैंट पुलिस ने मंगलवार देर रात की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिला बदर और 11 मुकदमों में नामजद कपिलमुनि यादव की गैंगस्टर की फाइल रोकने, फिर उसे आगे बढ़ाने के लिए घूस लेने वाले गोरखपुर के प्रभारी संयुक्त निदेशक अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह के खिलाफ मंगलवार की देर रात कैंट थाना पुलिस ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले का स्टिंग ऑपरेशन करने वाले दीपक यादव की तहरीर पर ही मुकदमा हुआ है।

गोरखपुर में तैनात संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह ने बदमाश व सपा नेता रहे कपिलमुनि यादव की गैंगस्टर की फाइल दो बार रोक दी थी। इसपर मामले की पैरवी कर रहे दीपक यादव ने आपत्ति जताई थी। कपिलमुनि ने दीपक के भाई संजय यादव की वर्ष 2016 में हत्या की थी। आरोप था कि कपिलमुनि ने संजय की हत्या की, फिर उनके शव को खेत में गाड़ दिया। इसी खेत में गेहूं की बुआई कर दी। गेहूं कटाई के बाद संजय यादव की घड़ी बरामद हुई, फिर हत्या का केस दर्ज हुआ। इसमें दीपक गवाह हैं।

कैंट पुलिस को दी तहरीर में दीपक ने लिखा है कि गैंगस्टर की फाइल आगे बढ़ाने के लिए अशोक वर्मा व रणविजय सिंह ने घूस ली है। इसका स्टिंग ऑपरेशन भी किया गया था। साक्ष्य के तौर पर वीडियो अपर मुख्य सचिव गृह और गोरखपुर के जिलाधिकारी को दिया गया था। जिलाधिकारी की जांच में भी घूसखोरी की पुष्टि हुई है। लिहाजा, केस दर्ज करके कार्रवाई की जाए। इसी आधार पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।



अशोक वर्मा

**स्टिंग ऑपरेशन करने वाले दीपक यादव ने दी थी थाने में तहरीर**



रणविजय सिंह

**बदमाश कपिलमुनि की गैंगस्टर की फाइल लौटाने, फिर आगे बढ़ाने के लिए लिया था घूस**

### बदमाश कपिलमुनि पर लगेगा गैंगस्टर

जिला बदर बदमाश कपिलमुनि यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। पुलिस ने फाइल तैयार कर ली है। एसएसपी का कहना है कि बदमाश के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। दो बार फाइल पर आपत्ति लगाई गई थी। अब तीसरी बार फाइल भेजी जा रही है।

बदमाश कपिलमुनि यादव ने ही 2016 में दीपक यादव के भाई संजय यादव की हत्या की थी। मामले में मुकदमा दर्ज है। दीपक की तरफ से गैंगस्टर की कार्रवाई की मांग की जा रही थी। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने पहले ही कपिलमुनि के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की सिफारिश की थी, लेकिन इसे अभियोजन से वापस कर दिया गया। इस बीच दीपक ने स्टिंग ऑपरेशन किया और अफसर फंस गए। दीपक की तहरीर पर ही संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। - **डॉ विपिन ताडा, एसएसपी**

**शासन से हरी झंडी [redacted] बाद दर्ज हुआ मुकदमा**

भ्रष्टाचार के इस मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। इसी का नतीजा रहा कि दो वरिष्ठ अभियोजन अधिकारियों के खिलाफ मंगलवार की देर रात मुकदमा दर्ज [redacted] बताया जा रहा है कि [redacted] हरी झंडी मिलने के बाद ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

**दीपक यादव को फिर मिली सुरक्षा :** बदमाश कपिलमुनि यादव के मामले की पैरवी कर रहे दीपक यादव को दोबारा पुलिस की सुरक्षा दी गई। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने की है। एसएसपी का कहना है कि दीपक को गनर दिया गया है। हालांकि, पहले दीपक की सुरक्षा हटा ली गई थी। इसपर तत्कालीन जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई थी और सीओ को पत्र भी लिखा था।

**ऑपरेशन शिकंजा के तहत मुकदमे की पैरवी :** बदमाश कपिलमुनि यादव के खिलाफ 11 केस दर्ज हैं। अब इन मामलों को ऑपरेशन शिकंजा के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। ऑपरेशन शिकंजा में मुकदमे की पैरवी तेजी से की जाती है। एसएसपी डॉ विपिन ताडा का कहना है कि बदमाश पर कई मुकदमे दर्ज हैं। अब मुकदमों की पैरवी कराई जाएगी।

**एसएसपी से मिले दीपक यादव :** अभियोजन अधिकारियों का स्टिंग ऑपरेशन करने वाले दीपक ने मंगलवार को एसएसपी से मुलाकात की है। दीपक ने अपनी सुरक्षा की मांग रखी।

## अपर निदेशक की जांच में भी फंसे अफसर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह के खिलाफ प्रारंभिक विभागीय जांच मंगलवार को पूरी हो गई है। जांच अधिकारी व अपर निदेशक अभियोजन अयोध्या जय प्रकाश पांडेय ने रिपोर्ट मंगलवार को ही एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय को दे दी है। बताया जा रहा है कि अपर निदेशक की जांच में भी घूसखोरी की पुष्टि हुई है। अब शासन स्तर से दोनों अफसरों को निलंबित किया जा सकता है। साथ ही विभागीय जांच को और आगे बढ़ाई जा सकती है।

संयुक्त निदेशक और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी पर घूस लेने के आरोपों की पुष्टि एडीएम सिटी विनीत सिंह की जांच में हो गई थी। यह जांच जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कराई थी। साथ ही

### अयोध्या के अपर निदेशक ने जांच रिपोर्ट एडीजी अभियोजन को सौंपी

अभियोजन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश अपर मुख्य सचिव गृह से की थी। इसी का नतीजा रहा कि शासन ने अयोध्या के अपर निदेशक अभियोजन जय प्रकाश पांडेय को विभागीय जांच अधिकारी नामित किया और 24 घंटे के अंदर ही रिपोर्ट तलब कर ली। अपर निदेशक ने गोरखपुर आकर साक्ष्यों की जांच की। साथ ही जिलाधिकारी, एसएसपी और एडीएम सिटी से मिलकर पूरे मामले की जानकारी ली। अभियोजन कार्यालय के कर्मचारी सत्येंद्र का बयान दर्ज किया। अब जांच रिपोर्ट सौंप दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, वायरल वीडियो में अभियोजन अधिकारी कैद हुए हैं। इसकी पुष्टि जांच में हो गई है। पता चला गया है कि दोनों ने घूस ली है। घूसखोरी से

### और भी फाइलें खुलेंगी

संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह से जुड़ी दूसरी फाइलें भी खोली जाएंगी। आरोप है कि अफसरों ने मनमाने तरीके से कानूनी राय दी है। संयुक्त निदेशक ने मुकदमा दर्ज होने के बाद भी तीन अभ्यर्थियों को सरकारी विभागों में तैनाती करा दी थी। इसपर जिलाधिकारी ने आपत्ति जताते हुए स्पष्टीकरण भी मांगा था।

जुड़े इस मामले की जांच एसपी इंटेलीजेंस ने भी की है। बताया जा रहा है कि एसपी इंटेलीजेंस गोरखपुर आए। अलग-अलग अफसरों के बयान भी दर्ज किए हैं। सूत्रों ने बताया कि एसपी इंटेलीजेंस उस पुलिस कर्मी की तलाश में हैं, जो घूसखोरी से जुड़े वायरल वीडियो में वर्दी पहने दिख रहा है। बताया जा रहा है कि वर्दीधारी दरोगा है। वह भी गैंगस्टर की फाइल आगे बढ़ाने की बात कर रहा है।

**ठगी**

### साइबर ठगी में आला अफसरों के नाम का इस्तेमाल करने से भी नहीं हिचक रहे जालसाज

# डीएम के नाम पर अधिकारियों से मांगे रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जालसाजों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि साइबर ठगी में आला अफसरों के नाम का इस्तेमाल करने से भी नहीं हिचक रहे। ऐसा ही वाकया डीएम कृष्णा करूणेश के साथ भी हुआ। जालसाजों ने उनके व्हाट्सएप का क्लोन बनाकर मंगलवार सुबह एडीएम और एसडीएम रैंक के अधिकारियों से रुपये की मांग कर डाली।

जालसाज ने अपनी चैटिंग में जरूरी बैठक में होने का हवाला देते हुए कॉल नहीं कर पाने की बात कही। डीएम ठीक उसी समय एयरफोर्स की बैठक में मौजूद भी थे। हालांकि, चैटिंग के मजमून से अफसरों ने जालसाजी को भांप लिया। कुछ अफसरों ने प्रारंभिक चैटिंग के बाद जवाब देना बंद कर दिया तो कुछ ने सीधे डीएम के सीयूजी नंबर पर फोन कर बात कर ली, जिसके बाद उन्हें असलियत की जानकारी हुई। वहीं सूचना मिलते ही डीएम ने इसकी जानकारी एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को दी जिसके बाद साइबर सेल जांच में जुट गया। सेल ने तत्काल फर्जी व्हाट्सएप आईडी को बंद कर दिया। एसएसपी का कहना है कि जल्द ही जालसाज पकड़ में आ जाएगा।

### ये है चैटिंग के अंश

**सुबह** 8:57 बजे। हैलो! आप कैसे हैं, इस समय आप कहां हैं? इसके बाद अधिकारियों ने समझा कि ये हमारे डीएम साहब हैं। अधिकारियों ने लिखा सुप्रभात सर, आवास पर हैं। जालसाज ने लिखा...एक ऐसी चीज है जो मुझे आपके लिए तत्काल करने की आवश्यकता है। क्योंकि मैं वर्तमान में सीमित फोन कॉल के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक में भाग ले रहा हूं। अधिकारियों ने 9:16 पर लिखा कि सर क्या आवश्यक है? क्या आप किसी अमेजन पे गिफ्ट कार्ड से परिचित हैं? अधिकारी...हां बहुत अच्छी तरह से। जिसके बाद रुपये की डिमांड करते हुए जालसाज ने लिखा कि कुछ सूचीबद्ध संभावनाएं हैं मैं उन्हें आज प्रस्तुत कर रहा हूं, मैं इसे पूरा नहीं कर सकता हूं।

जालसाज ने डीएम की फोटो समेत व्हाट्सएप का क्लोन बनाकर मंगलवार सुबह 8:57 पर अधिकारियों से चैटिंग शुरू की। डीएम बनकर उसने बताया कि वह बैठक में हैं और ज्यादा कॉल नहीं कर पाएंगे इसलिए मैसेज चैटिंग से बात कर रहा हूं। फिर जालसाज ने 9:16 पर रुपये मांगने लगा। कहा कि अमेजान पे पर गिफ्ट पैकेट आया है। उसी को लेने के लिए रुपये देने होंगे।

### व्हाट्सएप क्लोन बनाकर सुबह 8.57 पर ही शुरू की चैटिंग जांच में जुटा साइबर सेल

सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि चैटिंग करने वाले व्यक्ति ने बताया कि सीमित कॉल के साथ बैठक में हूं। अब इसे संयोग कह सकते हैं या फिर जालसाज को डीएम के रुटीन की सटीक जानकारी थी। चैटिंग के समय डीएम, एयरफोर्स के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। ऐसे में पहले तो अधिकारियों को लगा कि वास्तव में चैटिंग डीएम ही कर रहे हैं। मगर जैसे ही उन्होंने आगे का मजमून पढ़ा उन्हें संदेह हो गया।

जालसाज इससे पहले गोरखपुर में एडीजी रहे दावा शेरपा और एसएसपी रहे दिनेश प्रभु का व्हाट्सएप और फेसबुक एकाउंट का क्लोन बना रुपये मांग चुके हैं।

# सचिन निषाद के खिलाफ होगी कुर्की की कार्रवाई

सरहरी। ठाकुरपुर नंबर दो टोला बोहा निवासी सचिन निषाद के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई होगी। सचिन अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो का आरोपी है। चौकी इंचार्ज ने कहा कि न्यायालय की मदद से कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। ब्यूरो

# 'उत्पात मचाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं, कड़ी कार्रवाई होगी'



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम और एसएसपी। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

## डीएम व एसएसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।

असफरों ने साफ कहा है कि उत्पात मचाने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिस मुद्दे पर विवाद हो रहा है, उससे गोरखपुर के लोगों का कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी व्यक्ति या पक्ष अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से कहने के लिए स्वतंत्र है।

पुलिस लाइंस में आयोजित समीक्षा के दौरान एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने कहा कि वैमनस्यता फैलाने की कोई कोशिश सफल नहीं होगी। सोशल मीडिया की भी सतत निगरानी कराई जा रही है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 15-6-22

# कोर्ट के आदेश पर ग्यारह पर केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** कोर्ट के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने स्थानीय थानाक्षेत्र के मदारीपट्टी गांव के दस लोगों के खिलाफ डकैती, बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वादी के घर में घुसकर गोलबंद होकर आरोपी लूटपाट, डकैती व मारपीट किए थे।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के मदारीपट्टी गांव के मोतीलाल पुत्र वीगंन ने कोर्ट में धारा 156‍३ के तहत वाद दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ लोग गोलबंद होकर उनके घर पहुंचे और अपशब्द वोलते हुए घर में घुस गए। परिवार के लोग अभी कुछ समझते कि उक्त गोलबंद लोग भद्दी-भद्दी गलियां देते हुए लाठी, डंडा और लात मुक्का से मारने पीटने लगे। उक्त लोगों ने घर में रखे जेवरात व बर्तन लूट लिए तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया। मामले को नजरअंदाज कर पुलिस ने कोई कर्रवाई नही किया। पुलिस से न्याय नही मिलने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने तरकुलवा पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध अपराध के आधार पर केस दर्ज करते हुए कर्रवाई का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने श्याम बिहारी पुत्र सिंगार, मुन्ना व श्रीष्ण उर्फ पप्पू पुत्रगण श्याम बिहारी, संदीप पुत्र रामजन्म, अमित पुत्र श्रीष्ण उर्फ पप्पू, अभिषेक पुत्र राम मिलन, मीना पत्नी श्रीष्ण उर्फ पप्पू, मीना पत्नी मुन्ना निवासीगण तरकुलवा टोला मदारीपट्टी, राघवेंद्र प्रताप, ष्ण प्रताप उर्फ मंटू पुत्रगण रुदल निवासी ग्राम जमुनी टोला केशरीपुर, राम मनोहर पुत्र श्याम देव निवासी ग्राम गढ़ रामपुर थाना तरकुलवा के खिलाफ धारा 147, 323, 452, 395, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीत कर लिया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 15-6-22

# अवैध कच्ची के ठिकानों पर हुई छापामारी



अवैध कच्ची शराब की भट्ठियों को तोड़ती पुलिस।

**बरहज (एसएनबी)।** नदी पार के दियारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब का कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है। अवैध कारोबारियों का हौंसला इतना बुलन्द है कि पुलिस की छापेमारी के बाद फिर से दूने उत्साह से अपने कारोबार को अंजाम देने में जुट जाते है और शराब की भट्ठियां दियारा क्षेत्र में धधकने लगती है। मंगलवार को आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने परसिया देवार में अवैध शराब के निर्माताओं के वहां छापेमारी कर बड़े पैमाने पर लहन और कच्ची शराब के साथ शराब की भट्ठियों को तोड़ा।

जानकारी के अनुसार नदी पार के परसिया देवार, विशुनपुर देवार में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार चलता है। पुलिस की छापेमारी के दौरान भट्ठियां तोड़ दी जाती और लहन नष्ट कर दी जाती है लेकिन पुलिस के वापस लौटते ही कुछ दिनों बाद पुनः दियारा क्षेत्र में अवैध शराब की भट्ठियां धधकने लगती है। अवैध कारोबारी नाव के रास्ते कटइलवा, गौरा, कूर्ह परसिया नदी के तट पर उस पार से इस पार लाकर बड़े पैमाने पर सप्लाई दी जाती है। कच्ची पीने से प्रतिवर्ष दर्जनों लोग अपनी जान गवा देते है। दियारा क्षेत्र में थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र व आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 16 कुन्तल लहन 180 लीटर निर्मित देशी शराब व तीन शराब की धधकती भट्ठियां व शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया। पुलिस के इस कार्यवाही से दियारा क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कम्प मच गया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-15-6-22

# तमंचा के साथ एक धराया

**देवरिया(एसएनबी)**। रामपुर कारखाना पुलिस ने डुमरी तिराहे के पास से एक व्यक्ति को एक अदद नाजायज तमंचा एवं एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थाना रामपुर कारखाना के थानाध्यक्ष मंगलवार को मय फोर्स क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर डुमरी तिराहे के पास से एक व्यक्ति को एक अदद नाजायज तमंचा एवं एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम व पता हिमांशु सिंह उर्फ टुन्नू सिंह पुत्र अनिल सिंह उर्फ पिन्टू सिंह निवासी ग्राम डुमरी थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया बताया। इस मामले में रामपुर कारखाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीत कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 15-6-22

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

**तरकुलवा(एसएनबी)**। स्थानीय थानाक्षेत्र के बंजरिया गांव में हुई मारपीट की एक घटना में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में बंजरिया बाजार की श्रीमती अंजली देवी पत्नी रामचन्द्र की शिकायत पर राम अशीष पुत्र रघुनाथ, सुर्यन्शु पुत्र राम अशीष, श्रीनिवास सिंह पुत्र शंकर सिंह व सुशीला देवी पत्नी राम अशीष निवासीगण बंजरिया बाजार थाना तरकुलवा के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 15-6-22

# शांतिभंग में आठ लोगों का चालान

**तरकुलवा(एसएनबी)**। तरकुलवा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों के आठ लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि आपसी विवाद एवं शांतिभंग के आरोप में शिव कुमार पुत्र स्वफ़ुलेना निवासी बसंतपुर, सत्येन्द्र कुशवाहा पुत्र रामप्रसाद, जमशेद अंसारी पुत्र वजीर निवासीगण कंचनपुर, सुनील पुत्र यदुनंदन निवासी पकड़ी गोसाईं, यशवंत चौहान पुत्र राम चीज निवासी पोखरभिन्डा, पंकज यादव पुत्र राम बेलास व विशाल यादव पुत्र लालजी यादव निवासीगण ग्राम लक्ष्मीपुर व गोपाल निषाद पुत्र जोधन निवासी ग्राम कोन्हवलिया के विरुद्ध धारा 151, 107 व 116 के तहत कर्रवाई की गई है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 15-6-24

# पारिवारिक रंजिश को लेकर मारपीट का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में मोनिका चौहान पत्नी सतीश कुमार ग्राम बेलुआर घाट थाना मदनपुर ने तहरीर देकर कहा कि पारिवारिक रंजिश को लेकर प्रतिवादी गण द्वारा वादनी के बेलुआर घाट से रुद्रपुर आते समय कैथवलिया गांव के समीप रोककर मारपीट करते हुए गालीगुत्ता देने के संबंध में पुलिस ने आरोपी उमेश सिंह, अभिषेक सिंह के विरुद्ध धारा 323, 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०- 15-6-22

# तीन पर दहेज हत्या का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत के मामले में पुलिस ने रमेश साहनी पुत्र पाचू ग्राम मथौली बाजारं थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर ने दिये तहरीर में कहा कि मेरी पुत्री सबिता देवी (उम्र 22 वर्ष) की शादी 4 वर्ष पूर्व रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अरबिन्द निषाद से दान दहेज देकर किया गया था। किन्तु शादी के बाद से उसके पति व परिवार के लोगों द्वारा दहेज में मोटरसाईकिल की मांग को लेकर हमेशा प्रताड़ित किया जाता रहा तथा सबिता को मारकर पंखे से लटका दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 169, 2022 धारा 498 ए, 304 बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के तहत अरबिन्द निषाद पुत्र कैलाश निषाद, सत्येन्द्र निषाद पुत्र रामअशीष, सुनीता देवी पत्नी रामअशीष निवासी लक्ष्मीपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा

# बनकटा पुलिस ने पकड़ा 20 पेटी शराब

**बनकटा(एसएनबी)।** बीती सोमवार की रात बनकटा पुलिस ने क्षेत्र के राजेन्द्र बाबू महाविद्यालय बनकटिया दुबे के समीप से मुखबीर की सूचना पाकर विहार ले जा रहे एक 30 वर्षीय युवक को चारपहिया वाहन व 20 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात तकरीबन 9.45 बजे मुखबीर द्वारा मिली जानकारी के आधार पर गश्त के दौरान मारूति सूजकी इको सिल्वर रंग नम्बर बीआर 01 सीसी 2569 की तलाशी से 10 पेटी किंगफिसर बीयर, 8 पेटी मेकिंग 10000, 2 पेटी अन्य शराब बरामद हुआ। कडाई से पूछताछ पर उक्त गिरफ्तार चालक ने अपना राज़ आर्यन (30) पुत्र रामइकबाल प्रसाद , निवासी ग्राम बेतिया, थाना बैरिया, जनपद पश्चिमी चम्पारन, विहार बताया। शराब की खेप पकड़ने के दौरान पुलिस टीम में उप निरीक्षक बीरेन्द्र मौर्य, का.राजकुमार यादव, ईश्वरचंद आदि शामिल रहे। पुलिस ने उक्त अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-15-6-22

# तीन चेन स्नेचर महिला पकड़ी गई

**भलुअनी।** थाना क्षेत्र के बारीपुर हनुमान मंदिर पर पूजन दर्शन करने आयों लोगों ने तीन महिला चरों को पकड़कर कार्यवाही के लिए पुलिस को सौप दिया। जानकारी के अनुसार बारीपुर स्थित हनुमान मंदिर पर मंगलवार को मंदिर पर आस पास सहित क्षेत्र से आए लोग मंदिर में पूजन दर्शन कर रहे थे। महिलायें भी मंदिर पर आई हुई थी। भींड अधिक होने के कारण तीन महिलाएं मंदिर परिसर के अलग,अलग स्थानों से भीड़ का लाभ उठाते हुए गले से चेन खींचने के दौरान लोगों ने पकड़ कर मंदिर पर मौजूद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस महिलाओं को थाने लाकर पूछताछ की। पुलिस की सख्ती के बाद महिलाओं के बताये जाने पर पुलिस सलेमपुर लेकर गई। लेकिन सलेमपुर पहुंचने के बाद पकड़ी गई महिलाओं ने पुलिस को झांसा देकर भागना चाहा। पुलिस महिलाओं को वापस थाना लेकर चली आई।

हिन्दुस्तान दि० - 15 - 6 - 22

# एक दर्जन लोगों पर बलवा व मारपीट का केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। गांव में बारात से भोजन कर घर के दरवाजे पर आकर बैठे व्यक्ति को हमलवरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक जिला पंचायत सदस्य का पति है। जिला पंचायत सदस्य ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में छह नामजद समेत 12 लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बढ़या बुजुर्ग गांव की रहने वाली बबिता चौहान पत्नी शत्रुधन चौहान ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए पार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि भाजपा की महिला मोर्चा की जिला महामंत्री है। इसके साथ ही देवरिया उत्तरी मध्य वार्ड नम्बर 54 से जिला पंचायत सदस्य हैं।

महिला के पट्टीदार हरिलाल चौहान के घर 12 जून को बारात आई थी। जिसमें शामिल होने के लिए उसके पति गए थे। देर रात को भोजन करने के बाद वह वापस घर लौट आए। दरवाजे पर बैठे थे इसी बीच पुरानी रंजिश के चलते एक दर्जन लोग लाठी डंडे से लैस होकर हमला कर दिया। शत्रुधन को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

हिन्दुस्तान दि०-15-6-22

# संयुक्त टीम ने नष्ट किया 16 कुंतल लहन

## छापेमारी

बरहज, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को दियारा में कच्ची के अड्डों पर सघन छापेमारी की। घंटों चली कार्रवाई के दौरान रेतीले भाग में 10 ड्रमों में छुपाकर रखी गई 16 कुंतल लहन व शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट किया। जहां मौके पर मिली तीन भट्ठियां भी तोड़ी गईं। इस दौरान टीम ने 180 लीटर कच्ची भी बरामद किया। घंटों चली कार्रवाई से धंधे में संलिप्त कारोबारियों में हड़कंप रहा।

थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-तीन पंकज विवेक के नेतृत्व में संयुक्त टीम अल सुबह करीब पांच बजे परसिया देवार पहुंची। इस दौरान रेतीले भाग में 10 ड्रमों में छुपाकर रखी गई 16 कुंतल लहन को नष्ट किया। जहां मौके पर मिली तीन भट्ठियों को तोड़ शराब बनाने के उपकरणों को जला दिया। वहीं, टीम ने 180 लीटर कच्ची बरामद किया। छापेमारी करने वाली टीम में वीरेन्द्र चौहान, अजय यादव, राहुल, राकेश यादव, देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, पूनम, अखिलेश अन्य सिपाही रहे।



परसिया देवार में संयुक्त टीम ने ड्रमों में छुपाकर रखे गए 16 कुंतल लहन को नष्ट किया।

> परसिया देवार में संयुक्त टीम से की गई छापेमारी में 10 ड्रमों में छुपाकर रखी गई 16 कुंतल लहन व शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट कराया गया है। टीम ने 180 लीटर कच्ची भी बरामद किया। मौके पर मिली तीन भट्ठियां भी तोड़ी गई हैं। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। -**जयशंकर मिश्र**, थानाध्यक्ष-बरहज

हिन्दुस्तान दि०-15-6-22

# बीट पर रुचि नहीं लेने वाले 19 बीपीओ लाइन से संबद्ध

- एसपी ने एक सप्ताह के लिए थानों में तैनात बीपीओ को भेजा लाइन
- खुखुन्दू थाना छोड़ कर सभी थानों से एक-एक बीपीओ को हटाया गया

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के थानों में तैनात बीपीओ को बीट पर मुस्तैदी से रहते हुए कार्य करना होता है। लेकिन कुछ बीपीओ कार्य में रुची नहीं लेते हैं। इसे देखते हुए एसपी ने जिले के 19 थाने से एक एक बीपीओ को लाइन से एक सप्ताह के लिए संबंध किया है। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। अप्रैल माह में कार्य में बीट के बीपीओ ने लापरवाही बरती थी।

जिले के तीन कोतवाली समेत 22 थाने हैं। जिसमें एक महिला और एचटीयू थाना है। जिसमें प्रमुख 20 थाने और कोतवाली है। जहां पुलिस कर्मियों को बीट मिला हुआ है। बीट में पुलिस सर्किय रहना होता है। थाने से कोई भी सूचना बीट क्षेत्र में पहुंचाना और क्षेत्र में कोई भी विवाद और घटना होने पर दरोगा और थानेदार को बताना होता है। अप्रैल माह में जिले के थाने के बीट के बीपीओ के कार्यो की समीक्षा की गई। जिसमें जिले के खुखुन्दू थाने को छोड़ कर सभी थाने और कोतवाली से एक एक बीपीओ कार्य में रुची लिया था। इसे नवागत एसपी ने गंभीरता से लिया। एसपी ने थाने में तैनात 19 बीपीओ को एक सप्ताह के लिए लाइन से संबंध कर दिया। सभी पुलिस कर्मी 13 जून से लाइन में आमद करा लिए हैं। उनसे विशेश ड्यूटी कराई जाएंगी।

**पुलिस लाइन संबंध किए गए यह है बीपीओ:** सदर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल रोशन यादव, रामपुर कारखाना में तैनात ऋषिराज यादव, तरकुलवा में तैनात कांस्टेबल पंकज यादव, बघौचघाट थाने में तैनात कांस्टेबल अकलेश कुमार, महुआडीह थाने में तैनात कांस्टेबल मोहन सरोज, रुद्रपुर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल ह्दयनारायण, गौरीबाजार के कांस्टेबल जियालाल, मदनपुर के कांस्टेबल रमेश कुमार यादव,एकौना कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार, सलेमपुर कोतवाली के कांस्टेबल संदीप कुमार, लार थाने के कांस्टेबल सूरज वर्मा, बरियारपुर थाने के कांस्टेबल रघुनाथ यादव, बरहज के कांस्टेबल सर्वेश यादव, साहिल वर्मा, सम्पति वर्मा, विकास दूबे, रतन कुमार विन्द, दिलशाद अहमद, चन्दन गौड़ को लाइन से संबंध दिया गया है।

हिन्दुस्तान दि० - 15-6-22

# 15 लाख के 108 मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपा

## साइबर सेल

देवरिया, निज संवाददाता। साइबर सेल ने दो माह में जिले के अलग-अलग स्थानों से 15 लाख रुपये के 108 मोबाइल बरामद कर पुलिस लाइन में उनके स्वामी को सौंपा। गायब हुए मोबाइल को पाकर महिला और पुरुषों के चेहरे खिल गए। मोबाइलों की बरामदगी का खुलासा क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में किया।

उन्होंने बताया कि जिले में मोबाइल गिराने और चोरी की घटनाओं पर लोग परेशन होते थे। इसे देखते हुए साइबर सेल को मोबाइल बरामद के लिए लगाया गया था। टीम के सदस्यों ने मार्च, अप्रैल और मई माह में जिले के अलग अलग स्थानों से कुल 108 मोबाइल को बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये की है। सीओ सिटी ने एक एक कर सभी मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपा। गिरे हुए मोबाइल को वापस पाने पर उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### ये मोबाइल हुए बरामद

साइबर सेल टीम ने दो माह में जो मोबाइल बरामद किया है। रेडमी की 26, एमआई की 21, रियलमी 20, सैमसंग की 8, वीवो की 22, ओपो की 11, इन फिनिक्स 7, पोको 5, टेक्नो 5 समेत अन्य कंपनियों के 2 मोबाइल बरामद हुआ।

हिन्दुस्तान 15-6-22

# नाबालिग को भगाने वाला गया जेल

खुखुन्दू। नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने वाले को पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रेमी अपने गांव से दूर दूसरे जाति की प्रेमिका को कोचिंग करने के दौरान जाल में फंसा लिया था। इस मामले में प्रेमिका के पिता ने 17 मार्च 2021 को खुखुन्दू थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस इस मामलें में प्रेमी-प्रेमिका की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इस दौरान प्रेमी प्रेमिका को लेकर बाहर दूसरे कई जगहों पर घूमता रहा। मुखबिर की सूचना पर खुखुन्दू थाने के एसआई अखिलेश कुमार, कांस्टेबल दयाशंकर यादव एवं महिला कांस्टेबल पूनम ने फरार प्रेमी को मुसैला चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिग प्रेमिका को मेडिकल परीक्षण के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने खखड़ी गांव के अभय चौहान पुत्र उमेश चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि०-15-6-22

# कोर्ट के आदेश पर 10 पर दर्ज हुआ लूट का मुकदमा

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। कोर्ट के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने स्थानीय थानाक्षेत्र के मदारीपट्टी गांव के दस लोगों के खिलाफ डकैती, बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वादी के घर में घुसकर गोलबंद होकर आरोपी लूटपाट, डकैती व मारपीट किए थे।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के मदारीपट्टी गांव के मोतीलाल पुत्र वीगन ने कोर्ट में धारा 156/3 के तहत वाद दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ लोग गोलबंद होकर उनके घर पहुंचे और अपशब्द बोलते हुए घर में घुस गए। परिवार के लोग अभी कुछ समझते कि उक्त गोलबंद लोग भद्दी-भद्दी गलियां देते हुए लाठी, डंडा और लात मुक्का से मारने पीटने लगे। उक्त लोगों ने घर में रखे जेवरात व बर्तन लूट लिए तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित घटना की तहरीर पुलिस को दिया। मामले को नजरअंदाज कर पुलिस ने कोई कर्रवाई नही किया। पुलिस से न्याय नही मिलने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हिन्दुस्तान दि० 15-6-22

# पुलिस संग हाथापाई करने वाला गया जेल

बरियारपुर। पुलिस के साथ हाथापाई करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। नगर पंचायत बरियारपुर के वार्ड नंबर 7 के टोला रामनगर में सोमवार रात को बबलू का अपनी पत्नी सोनी से विवाद हो गया और वह सोनी को मारने लगा।

सोनी की सूचना पर मौके पर पंहुची डायल 112 की पुलिस ने बरियारपुर थाना को मौके की जानकारी दी। थाने से कांस्टेबल अजय वर्मा व सुनील कुमार पीड़ित पक्ष से आवश्यक जानकारी ले रहे थे। तभी गांव का ही कयामत अली नाम का युवक पुलिस से हाथापाई करने लगा। पुलिस उसको हिरासत में लेकर थाने गई।

हिन्दुस्तान दि० - 15-6-22

# पति सहित तीन के खिलाफ दहेज हत्या का केस

रुद्रपुर। लक्ष्मीपुर गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मृतका के पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज की है। लक्ष्मीपुर गांव के विधायक टोला निवासी अरविन्द निषाद पुत्र कैलाश निषाद की शादी कुशीनगर के कप्तानगंज के मथौली बाजार की रहने वाली सविता के साथ 10 फरवरी 2018 को हुई थी।

हिन्दुस्तान दि० - 15-6-22

# दरवाजे पर शव रख मिट्टी देने से इनकार

## दोहरा हत्याकाण्ड



मंगलवार की सायं महराजगंज गांव में पिता और पुत्र का शव रखकर अधिकारियों से वार्ता करते परिजन।

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के महराजगंज गांव में दोहरे हत्याकाण्ड के बाद दिन भर चौराहा पर तनाव रहा। जबकि शाम को पोस्टमार्टम के बाद पिता और पुत्र के शव को दरवाजे पर रखकर परिजन मिट्टी देने से इंकार कर दिए। करीब एक घण्टे बाद एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय व सीओ जिलाजीत चौधरी के आश्वासन पर दोनों शव को मिट्टी दी गई।

महराजगंज गांव में मृतक शहीद अली के घर से सटे कब्रिस्तान है। पिता और पुत्र की हत्या के बाद सुबह ही गांव के लोगों ने दोनों शव को अलग अलग दफन करने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदवा दिया था। लेकिन परिजन लाश को दफनाने के लिए दिन भर कोई इंतजाम नहीं किए थे। सायं करीब चार बजे पोस्टमार्टम के बाद शहीद अली और नजीर अली का शव गांव पहुंचा। जहां शव को दरवाजे पर रखकर परिजन मिट्टी देने से इंकार कर दिए। शहीद अली की पत्नी तेतरा ने कहा कि देवरिया के देवरही टोला में उनका पैतृक जमीन है। जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। उसने आरोप लगाया कि मुकदमें की पैरवी करने के लिए जब घर के लोग जाते हैं तो पट्टीदार मारपीट करते हैं। उसने परिवार की सुरक्षा के साथ ही आर्थिक सहायता की मांग किया। जिस पर एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय व सीओ जिलाजीत चौधरी ने शासन द्वारा मिलने वाले सभी सुविधाओं को दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिपं सदस्य प्रतिनिधि सूर्यभान सिंह के साथ ही गांव की महिलाओं ने चौराहा से देशी शराब की दुकान को हटवाने की मांग किया।

हिन्दुस्तान दि०-15-6-22



मंगलवार को बनकटा में शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बनकटा। बनकटा थाना क्षेत्र के राजेंद्र बाबू डिग्री कॉलेज के निकट पुलिस ने कार से बिहार भेजी जा रही शराब के साथ एक तस्कर को दबोच लिया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह के अनुसार सोमवार की रात पुलिस गस्त कर रही थी।

दैनिक जागरण दि०-15-6-22

# चेन स्नेचिंग की आरोपित तीन महिलाओं को पुलिस को सौंपा

जासं, भलुअनी : बारीपुर स्थित हनुमान मंदिर से मंगलवार को मंदिर पर आए लोगों ने तीन महिलाओं को चेन स्नेचिंग के आरोप में पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस महिलाओं को थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

बारीपुर हनुमान मंदिर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। भीड़ का फायदा उठाकर पिछले मंगलवार को महिलाओं का चेन स्नेचिंग की थी। आज मंगलवार को भी शंका होने पर मंदिर से लोगों ने तीन महिलाओं को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़ी गई महिलाओं को थाने लाकर पूछताछ की।

दैनिक जागरण दि० 15-6-22

# कच्ची के अड्डे पर टीम ने की छापेमारी

- 16 क्विंटल लहन, 180 लीटर कच्ची बरामद
- पुलिस की कार्रवाई से धंधेबाजों में मची खलबली

जागरण संवाददाता, बरहजः पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने परसिया देवार में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने तीन भट्ठी व शराब बनाने का उपकरण को नष्ट कर दिया। उधर पुलिस के आने की भनक पाते ही धंधेबाज भाग गए। मौके पर 16 क्विंटल लहन नष्ट किया। 180 लीटर कच्ची बरामद किया गया है।

बरहज पुलिस और आबकारी विभाग की टीम परसिया देवार की झाड़ियों में कच्ची के धंधेबाजों द्वारा बनाए गए कच्ची के अड्डों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कच्ची बनाने के भारी संख्या में उपकरणों को नष्ट किया। करीब 16 क्विंटल मौके पर लहन नष्ट की। पुलिस ने 180 लीटर कच्ची बरामद की। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि कच्ची के अड्डों पर कार्रवाई की गई है। धंधेबाजों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। अभियान जारी रहेगा। इस दौरान आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक मौजूद रहे।



बरहज में कच्ची के अड्डे को नष्ट करते पुलिसकर्मी • जागरण

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

भाटपाररानीः पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह ने बताया कि सोमवार की र शराब तस्कर मारुति कार से शराब लादकर राजेंद्र बाबू डिग्री कालेज बनकटिया दुबे के रास्ते बिहार जाने की फिराक में है। सूचना पाकर पुलिस बनकटिया दुबे स्कूल के समीप नाकाबंदी कर ली। इसी बीच सोहनपुर की तरफ से आ रही कार को पुलिस ने रोका। भागने पर उसे पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम आर्यन पुत्र राम इकबाल निवासी बेतिया बताया।

दैनिक जागरण दि-15-6-22

# तीन लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

जासं, रुद्रपुर : ग्राम लक्ष्मीपुर में सोमवार की रात संदिग्ध हालत में एक विवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस मृतका के भाई की तहरीर ससुराल पक्ष के तीन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

लक्ष्मीपुर की रहने वाली सविता देवी पत्नी अरविंद निषाद घर की दूसरी मंजिल पर शव पड़ा था । गले से पंखे की कुंडी में साड़ी का फंदा डाले उसका शव बेड के नीचे गिरा था। बेड पर स्टूल रखा गया था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कुशीनगर जनपद के मथौली बाजार के रहने वाले रमेश साहनी पुत्र पांचू साहनी की तहरीर पर पति अरविंद निषाद, सत्येन्द्र निषाद सुनीता देवी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में दहेज की अतिरिक्त रकम न देने पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया था। कोतवाल विजय सिंह ने कहा कि पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि० 15-6-22

# 11 लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, तरकुलवा :** न्यायालय के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध मारपीट, बलवा एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

23 जनवरी वर्ष 2022 को मदारीपट्टी गांव में कुछ लोगों ने मोतीलाल पुत्र विग्रन को मारपीट करके घायल कर दिया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की तो न्याय नहीं मिला। पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिस पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का निर्देश हुआ। इस क्रम में तरकुलवा पुलिस ने श्यामबिहारी पुत्र सिंगार, मुन्ना, श्रीकृष्ण उर्फ पप्पू पुत्रगण श्यामबिहारी, संदीप पुत्र रामजनम, अमित पुत्र श्रीकृष्ण उर्फ पप्पू ,अभिषेक पुत्र राममिलन, मीना पत्नी श्रीकृष्ण उर्फ पप्पू, मीना पत्नी मुन्ना मदारीपट्टी तथा जमुनी टोला केशरीपुर के राघवेन्द्र प्रताप, कृष्णा प्रताप उर्फ मन्टू पुत्रगण रुदल एवं गढ़रामपुर के रहने वाले राममनोहर पुत्र श्यामदेव शामिल हैं।

इंस्पेक्टर टीजे सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर उक्त आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण दि० 15-6-22

# करीबियों की तरफ घूम रही पुलिस की विवेचना

- घटना को अंजाम देने में ली गई किराये के शूटरों की मदद
- सहयोग के लिए लगाई गई एसओजी सहित तीन टीमें

जासं, भाटपाररानी : खामपार क्षेत्र के नटुवाबीर चौराहे पर सेमरौना टोला निवासी बैरिस्टर यादव की हुई हत्या में जनदीकी लोगों के बारे में जानकारी होने की तरफ पुलिस की विवेचना शुरू हो गई है। बैरिस्टर यादव एक चिट फंड चलाने वाले एमडी का काफी करीबी था। उस चिटफंड कंपनी ने काफी लोगों का रुपया डकार रखा है।

बैरिस्टर उस चिटफंड कंपनी के मालिक का काफी दिनों तक करीबी रहा लेकिन बीच में पैसे के लेनदेन के कारण दोनों में मनमुटाव हो गया। बैरिस्टर उसके राजदारी की तमाम बातें वह जानता था। कहीं यह राजदारी तो बैरिस्टर के हत्या का कारण तो नहीं बन गई। हत्या में किराये के शूटरो का प्रयोग हुआ है। चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ हैं। लेकिन पुलिस दावा कर रही है कि हम मामले के काफी करीब पहुंचे हैं और इसका शीघ्र पर्दाफाश होगा।

हत्या में कई और तथ्यों पर पुलिस की जांच टिकी है। घटना के पर्दाफाश के लिए स्थानीय स्तर से दो टीमें काम कर रही हैं। घटना के बाद से मामले के पर्दाफाश के लिए एसओजी व अन्य टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। अब तक लगभग एक दर्जन जगहों पर पुलिस ने छापेमारी की है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए भी उठाया है।

घटना के पर्दाफाश के लिए एक टीम थानाध्यक्ष बृजेश मिश्रा तो दूसरी टीम एसआइ चौकी इंचार्ज भवानी छापर अश्वनी सिंह के नेतृत्व में लगाई गई है। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने कहा कि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। शीघ्र ही मामले का पर्दाफाश होगा।

दैनिक जागरण दि० 15-6-22

# सात पर बलवा का मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर: कोतवाली के ग्राम फतेहपुर के कोईरी टोला में आम तोड़ने के विवाद में बालक की पिटाई के मामले में पुलिस ने सात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि०-15-6-22

# पुलिस ने सौंपे गायब मोबाइल तो खिले चेहरे


पुलिस लाइंस के प्रेक्षागृह में मोबाइल के साथ प्रसन्न मुद्रा में असल मालिक के साथ सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: साइबर सेल ने 15 लाख कीमत के गायब 108 मोबाइल बरामद किए। साथ ही 11 लोगों के साथ जालसाजी कर बैंक खाते से निकाले गए 5.35 लाख रुपये वापस कराए। पुलिस लाइंस स्थित प्रेक्षागृह में मंगलवार को असल मालिकों को सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने जब मोबाइल सौंपे तो उनके चेहरे खिल उठे।

सीओ ने प्रेसवार्ता में बताया कि जनपद में मोबाइल गायब होने की आए दिन घटनाएं हो रही हैं। साइबर सेल ऐसे मामलों को गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। एक माह के भीतर साइबर सेल ने 108 गायब मोबाइल बरामद किए। इसके अलावा आनलाइन धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई की।

11 व्यक्तियों के बैंक खाते से 5.35 लाख रुपये की निकासी कर ली गई थी। इसमें श्रीकृष्ण मिश्रा के खाते से 97 हजार, सावन यादव के खाते से 42 हजार, रामपुर कारखाना के अब्दुल गनी के खाते से दस हजार, भाटपाररानी थाने में तैनात सिपाही प्रद्युम्न कन्नौजिया के खाते से 68 हजार रुपये, दानोपुर की विजयलक्ष्मी गुप्ता पत्नी राधेश्याम के खाते से 1500, रामपुर कारखाना के अनिल कुमार के खाते से 30 हजार रुपये, सदर कोतवाली के सिसवा पांडेय की संध्या पांडेय पत्नी स्व.रमेश के खाते से 20 हजार, लार के कुंडौली के विशुन दयाल सिंह के खाते से 80 हजार, सुरेंद्र प्रजापति के खाते से 1.50 लाख, कुशीनगर के आधार छपरा गांव के मारकंडेय गुप्ता के खाते से 29856 रुपये, विपुल राय के खाते से 10500 रुपये की निकासी हुई थी। सभी के रुपये वापस कराए गए हैं।

साइबर सेल की टीम में प्रभारी उप निरीक्षक राहुल सिंह, दीवान शिवमंगल यादव, सिपाही प्रद्युम्न जायसवाल, दीपक सोनी, विजय राय, प्रियंका मिश्रा, पूर्णिमा चौधरी शामिल रहीं।

दैनिक जागरण दि० 15-6-22

## चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**तरकुलवा** : बंजरिया में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। जिसके आधार पर अन्जली देवी पत्नी रामचन्द्र प्रसाद की तहरीर पर रामअशीष पुत्र रघुनाथ, श्रीनिवास सिंह पुत्र शंकर सिंह, सुशीला देवी पत्नी रामआशीष के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**रामपुर कारखाना** : रामपुर कारखाना पुलिस मंगलवार को डुमरी तिराहे से तमंचा के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना भ्रमण पर निकले थे। इसी बीच सूचना मिली कि डुमारी तिराहे के पास से एक व्यक्ति तमंचा व कारतूस के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने नाम हिमांशु सिंह उर्फ टुन्नू सिंह पुत्र अनिल सिंह उर्फ पिन्टू सिंह, ग्राम डुमरी, थाना रामपुर कारखाना, बताया।

दैनिक जागरण दि० 25-6-22

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

बंगरा बाजार, देवरिया : बनकटा थाना क्षेत्र के सिकटिया पेट्रोल पंप के पास से पुलिस ने राजाराम तिवारी शाहपुर थाना नौतन बिहार को 30 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया । थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि युवक को अबकारी एक्टके तहत जेल भेज दिया गया है ।

दैनिक जागरण दि० 15-6-22

# प्रेमी संग महिला फरार, युवक ने एसपी से की शिकायत

बरहज : नगर के एक मोहल्ले के युवक पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी पत्नी गांव के ही एक युवक के साथ भाग गई है। दो बच्चों की मां है। उसे दो दिन पूर्व बहला फुसला कर रात में भगा ले गया है। प्रार्थी ट्रेक्टर चला कर सपने परिवार की जीविका चलता है। पत्नी का कुछ दिन से मधुर संबंध चलता था। योजना बनाकर पत्नी को भगा ले गया है। काफी तलाश किया कही नहीं मिली। इसकी सूचना बरहज पुलिस को दी थी। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की।

# कोर्ट के आदेश पर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा

अमर उजाला दि० 15-6-22

बघौचघाट। कोर्ट के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने थानाक्षेत्र के मदारीपट्टी गांव के दस लोगों के खिलाफ डकैती, बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वादी के घर में घुसकर आरोपियों ने लूटपाट, डकैती व मारपीट की थी।

मदारीपट्टी गांव के मोतीलाल ने कोर्ट में वाद दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ लोग गोलबंद होकर अपशब्द बोलते हुए उनके घर में घुस गए। परिवार के लोग कुछ समझते कि गलियां देते हुए लाठी-डंडे से मारने पीटने लगे। हमलावर घर में रखे जेवरात व बर्तन लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर को पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने तरकुलवा पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस ने श्याम बिहारी, मुन्ना, श्रीकृष्ण उर्फ पप्पू, संदीप, अमित, अभिषेक, मीना निवासी मदारीपट्टी, राघवेंद्र प्रताप, कृष्ण प्रताप उर्फ मंटू पुत्रगण रुदल निवासी ग्राम जमुनी टोला केशरीपुर, राम मनोहर निवासी ग्राम गढ़रामपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जल्द गिरफ्तारी भी की जाएगी। संवाद

अमर उजाला दि0-15-6-22

# 108 मोबाइल फोन बरामद कर साइबर सेल ने लौटाए



मोबाइल फोन बरामद करने के बाद आवेदकों को किया गया सुपुर्द। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुलिस लाइंस प्रेक्षागृह में मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों के चोरी और गायब हुए 108 मोबाइल फोन को साइबर सेल ने पीड़ितों को सौंप दिया। 11 लोगों के खाते से निकाले गए करीब 5.35 लाख रुपये खातों में वापस कराए गए हैं।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता में बताया कि गुमशुदा और चोरी के मोबाइल फोन के लिए साइबर सेल ने लगातार प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि 108 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल फोन को पीड़ितों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। जबकि मई में 11 व्यक्तियों के 5.35 लाख रुपये खाते से अवैध तरीके से निकाले गए थे। धनराशि को उनके खाते में वापस कराई गई है। इनमें जनपद के निवासी कृष्णा मिश्रा, राम के खाते में 97 हजार रुपये, सावन कुमार यादव के खाते में 42 हजार रुपये, अनिल कुमार विश्वकर्मा निवासी रामपुर कारखाना के खाते में 30 हजार रुपये, संध्या पांडेय निवासी सिसवां पांडेय के खाते में 20 हजार रुपये, विशुन दयाल निवासी निवासी कुंडौली के खाते में 80 हजार रुपये और सुरेंद्र प्रजापति निवासी देवरिया के खाते में एक लाख 50 हजार रुपये के साथ अन्य लोगों के खाते में रुपये वापस कराए गए। बरामद करने वाली टीम में राहुल सिंह, शिवमंगल यादव, प्रद्युम्न जायसवाल, दीपक सोनी, विजय राय प्रियंका मिश्रा, पूर्णिमा चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 15-6-22

# परसियां-विशुनपुर देवार में कच्ची शराब के खिलाफ चला अभियान

## पुलिस और आबकारी टीम ने तोड़ीं तीन भट्ठियां, 16 क्विंटल लहन नष्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। सरयू नदी पार परसियां-विशुनपुर देवार में मंगलवार को पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम ने कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने तीन भट्ठियों और 16 क्विंटल लहन को नष्ट कर दिया। साथ ही 180 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप रहा।



बरहज के परसियां-विशुनपुर देवार में लहन नष्ट करती पुलिस। संवाद

पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम सुबह पांच बजे नाव आदि के जरिए परसियां-विशुनपुर देवार पहुंची। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को देख अवैध शराब के कारोबारी भाग खड़े हुए। करीब सात घंटे तक चली कार्रवाई में संयुक्त टीम ने कच्ची शराब बनाने के उपकरण, लहन आदि नष्ट किया। टीम में आबकारी इंस्पेक्टर पंकज विवेक, थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, मिथिलेश कुमार, मुन्ना खरवार, रामूराज, सूरज, अजय कुमार यादव, अखिलेश कुमार आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब का कारोबार बंद होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। संलिप्त लोगों पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला दि० 15-06-22







अमर उजाला दि० 15-6-22

अमर उजाला दि०-15-6-22

# देवरिया में पिता-पुत्र की गला काटकर हत्या, दो गिरफ्तार




शहीद और नजीर (फाइल फोटो)

रुद्रपुर/रामलक्षन (देवरिया)। कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज गांव में सोमवार की रात एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर सोते समय अधेड़ और उसके बेटे की गला काट कर हत्या कर दी। युवक ने अधेड़ के बड़े बेटे की भी हत्या की कोशिश की। उसे सीएचसी रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि मोबाइल फोन में गाली की रिकार्डिंग सुनने के बाद हत्या की बात सामने आ रही है।

महराजगंज निवासी शहीद (57) गांव के चौराहे पर गुमटी में श्रृंगार का सामान बेचते थे। बेटा नजीर (20) बड़े भाइयों सोनू (28) और शकील (35) के साथ चौराहे पर सैलून चलाता था। चौराहा निवासी अमरनाथ निषाद ने शहीद के परिवार के बारे में एक सप्ताह पूर्व टिप्पणी की थी। जानकारी होने पर नजीर ने उसे गाली दी थी, जिसे एक युवक ने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर अमरनाथ को सुना दिया। पुलिस के मुताबिक इससे क्रोधित अमरनाथ ने गांव के कमलेश के साथ रात करीब 11 बजे शहीद के घर पहुंचा और भुजाली से गुमटी में सो रहे शहीद का सिर काट दिया। इसके बाद गर्दन पर वार कर नजीर की हत्या कर दी और सोनू पर जानलेवा हमला किया। शकील ने भाग कर जान बचाई। शकील की तहरीर पर पुलिस ने हत्या व हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर अमरनाथ और कमलेश को गिरफ्तार कर लिया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

# महिला पुलिस पात्रों को दिलाएंगी योजनाओं का लाभ

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** अब जिले के सभी थानों की महिला पुलिस बीट अधिकारी भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पात्रों तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभाएंगी। क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जहां भी उन्हें पात्र व्यक्ति या परिवार सरकार की योजनाओं से वंचित मिला, जिम्मेदारों को सूचना देकर न केवल योजनाओं का लाभ दिलाएंगी।

कार्यवाहक सीडीओ ने मंगलवार को जिल भर की महिला पुलिस बीट अधिकारियों को इस बाबत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जिले भर के ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सचिव व ग्राम्य विकास से जुड़े अन्य विभागों के जिम्मेदार भी उपस्थित रहे। पुलिस व विकास विभाग के समन्वय पर भी खासा जोर दिया गया। विकास भवन के सभागार में कार्यवाहक सीडीओ ने सबसे पहले केन्द्र व प्रदेश की सभी कल्याणकारी योजनाओं मसलन- आवास, पेंशन, राशन, मुफ्त बिजली व गैस, इलाज, आयुष्मान योजना आदि के बारे में महिला पुलिस को विस्तार से जानकारी दी। पात्रता के बारे में बताया और कहा कि जब आप अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था के संबंध में क्षेत्र में कहीं भी जाते हैं तो ऐसे लोग भी जरूर मिल जाते हैं, जिन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला। जबकि वह सरकार की गाइडलाइन के अनुसार पात्र हैं।



मंगलवार को विकास भवन में महिला पुलिस बीट अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ।

> महिला पुलिस बीट अधिकारियों को विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर योजनाओं से वंचित पात्र गरीबों को योजनाओं से संतृप्त कराने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें विकास विभाग के ग्रुप से भी जोड़ा जा रहा है।
>
> **-आरपी भगत**
> पीडी डीआरडीए (कार्यवाहक सीडीओ)

# आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कोर्ट ने दो को भेजा जेल

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना को आहत करने वाला पोस्ट वायरल करने के मामले में एसडीएम कोर्ट ने दो लोगों को जेल भेजा है। कोर्ट ने शांति भंग की आशंका में पाबंद किये गए इन दोनों आरोपियों को भारी मुचलके में पाबंद भी किया है।

इस मामले को लेकर सोशल मिडिया पर उलूल जुलूल पोस्ट करने वाले आरोपियों के परिजनों में हड़कम्प की स्थिति रही। नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद तमकुहीराज तहसील क्षेत्र निवासी कुछ मनबढ़ युवकों द्वारा सोशल प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करना महंगा पड़ गया। विशुनपुरा थानाक्षेत्र के दुबौली बाजार निवासी तसौव्वरदिन अंसारी व सेवरही थानाक्षेत्र के पिपरा मुस्तक़िल अगरवा निवासी सुदर्शन कुशवाहा के पुत्र घनश्याम कुशवाहा को पुलिस ने धार्मिक भावना आहत करने का प्रयास करने व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास करने का दोषी मानते हुए एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया था। दोनों आरोपियों के इस कार्य को दुर्भाग्यपूर्ण मानते एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने जमानत मुचलका निरस्त कर उन्हें जेल भेज दिया।

# चोरी का ट्रैक्टर बरामद, एक गिरफ्तार

खड्डा। खड्डा पुलिस ने गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र से चोरी हुए एक ट्रैक्टर को बरामद करते हुए खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवा गोपाल निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस चोरी की ट्रैक्टर के साथ थाना क्षेत्र के सिसवागोपाल निवासी रमाकान्त कुशवाहा को गिरफ्तार कर थाने लायी और उसके विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया।

# पिकअप से चार प्रतिबंधित पशु बरामद

**जोकवा बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरिया पावा पब्लिक स्कूल के निकट हाइवे पर मधुरिया चौकी की पुलिस ने एक पिकअप से मंगलवार की देर शाम को चार प्रतिबंधित पशु बरामद किया है। पुलिस को देखते ही वाहन चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया है।

# खुदकुशी के लिए उकसाने वाली पत्नी हुई गिरफ्तार

- गांधी नगर के युवक की खुदकुशी का मामला
- फंदे से लटका मिला था युवक का शव

**पडरौना, निज संवाददाता।** नगर के धर्मशाला रोड गांधी नगर के रहने वाले युवक के खुदकुशी के मामले में पुलिस ने खुदकुशी के लिए उत्प्रेरित करने वाली पत्नी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस मामले में युवक के ससुराल वाले अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उन्हें सरगर्मी से तलाश कर रही है।

धर्मशाला रोड गांधी नगर निवासी 25 वर्षीय अमित उर्फ रोशन कुमार पुत्र शिवपूजन कसेरा प्रत्येक दिन की भांति बीते 27 मई को सुबह घर से दुकान पर ड्यूटी करने गया था। 12 बजे तक दुकान पर था। उसी समय पत्नी का फोन आया और वह रामधाम विशुनपुरा वाले अपने दूसरे मकान पर चला गया। दोपहर दो बजे के आसपास मोहल्ले के लोगों ने उसे घर के बरामदे में दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। रोशन ने दिसंबर 2021 में मोहल्ले की ही रहने वाली लड़की से प्रेम विवाह किया था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार कुछ दिनों से दोनों के बीच संबंध ठीक नहीं थे और अक्सर उनके बीच विवाद होता रहता था। घटना के एक दिन पूर्व भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। पिता शिवपूजन कसेरा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बहू तथा उसके परिजनों के विरुद्ध खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# गोष्ठी में दिया गया शांति का संदेश

पडरौना। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण, समस्त पुलिस अधिकारीगण एवं सभी धर्मो धर्मगुरूओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अमन और शांति बनाये रखने के उद्देश्य से गोष्ठी आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में हुयी कुछ घटनाओं को लेकर शासन के निर्देशानुसार सभी धर्मगुरुओं की मीटिंग आयोजित की गयी है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से कहा कि किसी भी प्रकार के कारणों से जनपद की शांति व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी जरूरी है।

# पोखरे से मिट्टी खुदवा कर बेचने की हुई जांच

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुही विकास खण्ड के गांव बिहार बुजुर्ग में ग्राम सभा के पोखरे से मिट्टी निकाल कर बेचे जाने के आरोप पर तमकुही ब्लाक के बीडीओ व ब्लाक की टीम ने गांव में जाकर मामले की जांच की।

बिहार बुजुर्ग के ग्रामीण रामप्रवेश सिंह, दीपक, रविन्द्र, बांके बिहारी आदि ने दस जून को एसडीएम तमकुही को पत्र देकर ग्राम सभा के पोखरे से मिट्टी निकाल बेचने का आरोप लगाते जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की थी। संज्ञान लेते हुए एसडीएम तमकुही ने बीडीओ तमकुही को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था।

- **तमकुही क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव का मामला**
- **ग्राम सभा के पोखरे से मिट्टी बेचने का था आरोप**

"ग्राम सभा के पोखरे की जांच की गयी लेकिन ब्लाक से पोखरे में किसी कार्य के लिए कोई आईडी नहीं निकाली गयी है। न ही मनरेगा से कोई भुगतान किया गया है। यह मामला राजस्व विभाग का है।

**मनोज शर्मा**, बीडीओ

निर्माण
दिख
बड़े
क्रम
नगर
क्षेत्र
कान
है।
प्यारे
धुसी
ण को
था।
कर
गया।
शीष
प्रताप
राव,
हे।

# बुजुर्ग की पिटाई मामले में केस दर्ज

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के कोपजंगल में लड़की पर छींटाकशी कसने वाले युवक के घर उलहना देने पहुंचे लड़की के दादा को मारपीट घायल करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

खड्डा क्षेत्र के ग्राम कोपजंगल निवासी नन्हकू की नाबालिग पौत्री अकेली थी। इसी दौरान मौके पर पहुंचा पड़ोसी रामदुलारे लड़की पर फब्तियां कसने लगा। इसकी शिकायत लड़की ने चाचा गिरजेश से की। जिस पर गिरजेश इसकी शिकायत लेकर आरोपी रामदुलारे के घर पहुंचे तो युवक समेत उसके घरवाले शिकायतकर्ता गिरजेश से ही भिड़ गये। इसकी जानकारी होने पर 60 वर्षीय दादा नन्हकू भी मौके पर पहुंच गए। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक समेत उसके परिजनों ने बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया।

# युवक को ससुर और पत्नी ने बांधकर पीटा

समउर बाजार, हिसं। पटहेरवा थाना क्षेत्र के बिहार खुर्द में पति पत्नी के बीच चली आ रही अनबन को दूर करने के लिए पति को दावत के बहाने उसी के घर पर बुलाकर ससुर व पत्नी द्वारा बांधकर पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी होने पर मुहल्ले की महिलाओं ने पत्नी व उसके पिता की पिटाई करते हुए पुलिस चौकी पर पहुंचा दिया। पति की तहरीर पर पत्नी व ससुर को पुलिस ने चौकी से थाने पहुंचाया, जहां पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

बिहार खुर्द (समउर बाजार) निवासी एक व्यक्ति का अपने पत्नी से किसी बात को लेकर काफी दिनों से झगड़ा हो रहा था। पत्नी से अनबन होने के चलते पति करीब दो माह से अपने घर नहीं जा रहा था बल्कि घर से थोड़ी दूर कस्बे में ही किराए के मकान में रह रहा था। उसकी पत्नी ससुराल में ही रह रही थी। बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच का अनबन समाप्त करने के लिए उसके ससुर भी सोमवार की रात को बेटी के घर आया हुआ था। इसके बाद पत्नी ने अपने पति को किराए के मकान से दावत पर घर बुलाया और भोजन कराया। भोजन कराने के बाद आपसी मनमुटाव दूर करने के लिए समझौते की बातचीत शुरू होते ही पति पत्नी दोनों उग्र होकर लड़ने झगड़ने लगे।

पति का आरोप है कि सोमवार की रात्रि समझौते के लिए बातचीत के दौरान उसके ससुर व पत्नी ने उसके घर में रस्सी से बांधते हुए मुंह में कपड़ा ठूसकर उसकी बुरी तरह से पिटाई की। इस संबंध में चौकी इंचार्ज समउर प्रमोद कुमार ने बताया कि पति की तहरीर पर आरोपी पत्नी व उसके पिता पर कार्रवाई करते हुए शांति भंग के आरोप में चालान किया जा रहा है।

# दामाद पर बेटी की पिटाई करने का आरोप

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवदत्त छपरा निवासी एक महिला ने अपने दामाद पर बेटी को बेरहमी से मारने पीटने का आरोप लगाया है। इस मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को थाने में दी गई तहरीर में शिवदत्त छपरा निवासी गीता ने बताया कि गांव का एक युवक आरओ पानी गांव में सप्लाई करता है। इस दौरान वह उसकी पुत्री को प्रेमजाल में फंसा बीते 17 मार्च को उसे भगा ले गया। हरियाणा में ले जाकर कोर्ट में फर्जी दस्तावेज लगाकर आरोपी ने शादी कर ली। बाद में वह उसे मारने पीटने लगा।

# प्रशासन ने धर्म गुरुओं मांगा सहयोग

**जासं, पडरौना:** कलेक्ट्रेट सभागार में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मंगलवार को डीएम-एसपी ने धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। उनसे सहयोग की अपील की।

शाम सात बजे से आठ बजे तक चली बैठक में डीएम एस राजलिंगम एवं एसपी धवल जायसवाल ने शासन की प्राथमिकताएं बताईं तो इसमें धर्म गुरुओं की सहयोगात्मक भूमिका का भी उल्लेख किया। एसपी ने कहा कि बारीकी से सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले बच नहीं सकते। धर्म गुरु आमजन को शांतिपूर्ण एवं भाई-चारे से रहने हेतु जागरूक करें। किसी भी प्रकार का भ्रामक संदेश प्रसारित ना करें और प्राप्त होने पर तुरंत पुलिस को बताएं। डीएम ने कहा कि प्रदेश में हुई कुछ घटनाओं को लेकर शासन के निर्देश पर यह बैठक की गई है।

# आत्महत्या के मामले में पत्नी गिरफ्तार

**जासं,पडरौना:** नगर के गांधी नगर धर्मशाला रोड के रहने वाले युवक की आत्महत्या मामले में पुलिस ने आरोपित पत्नी सलोनी को सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुलिस उसे न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पैदल मार्च कर पुलिस ने की सौहार्द बनाए रखने की अपील



पडरौना नगर के खिरिया टोला में मुस्लिम समुदाय के लोगों से बात करती पुलिस • जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** सामाजिक सौहार्द को लेकर पुलिस चौकन्ना है। मंगलवार को नगर समेत जिले भर में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने पैदल मार्च कर नागरिकों से एकजुटता कायम रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

सीओ खड्डा के नेतृत्व में रामकोला कस्बा व आसपास के गांवों में पुलिस ने पैदल मार्च कर अराजक तत्वों को सख्त संदेश दिया। लोगों से संपर्क कर सहयोग की अपील की। सीओ ने कहा कि अराजकतत्वों द्वारा जानबूझकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। एसएचओ रामकोला नीरज कुमार राय सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। दूसरी तरफ एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि सामाजिक सौहार्द को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

# घर में बंधक बनाकर पति को ससुर के साथ मिलकर पीटा

- चीख पुकार सुनकर जुटी मोहल्ले की महिलाओं ने युवक को बचाया
- लोगों ने पत्नी व ससुर को पीटकर पुलिस को सौंपा

**जासं, समउर बाजार:** आपसी विवाद के बाद पत्नी रमिता ने ससुर मोती संग मिलकर पति को बंधकर बनाकर सोमवार की रात जमकर पीटा। चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले की महिलाओं ने बंधक बने युवक को बाहर निकाला। आरोपित ससुर व पत्नी की जमकर पिटाई करते हुए पुलिस चौकी समउर ले गईं और कार्रवाई की मांग करने लगीं। पीड़ित पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों को शांति भंग के मामले में जेल भेज दिया।

पटहेरवा के बिहार खुर्द गांव के बुधराम से उनके पत्नी का विवाद चल रहा था। इसको लेकर दोनों अलग-अलग रह रहे थे। आरोप है कि सोमवार की देर शाम किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होने लगा। इसके बाद पत्नी व ससुर ने घर में बंधक बनाकर युवक की पूरी रात पिटाई की। चीख पुकार सुनकर सुबह मोहल्ले की महिलाओं ने युवक को बचाया तथा पत्नी व ससुर की पिटाई करने लगीं। चौकी इंचार्ज समउर प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# पिकअप सहित गोवंश छोड़कर तस्कर फरार

**जासं, जोकवा बाजार :** मधुरिया चौहानपट्टी हाइवे पर मंगलवार की सुबह गोवंश लदी पिकअप का पहिया फट गया। पशु तस्कर पकड़े जाने के भय से पशु सहित वाहन छोड़कर फरार हो गए। तुर्कपट्टी पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

सुबह नौ बजे गोवंश लदी पिकअप कसया की तरफ से बिहार जा रही थी। मधुरिया चौहानपट्टी हाईवे पर एक विद्यालय के सामने उसका पहिया अचानक फट गया। तस्कर वाहन किनारे खड़ा कर पहिया बदलने की फिराक में थे। इस बीच कुछ लोगों को आता देख भाग गए। इस पर तीन गाय व एक बछड़ा लदे हैं। मधुरिया चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# बेखौफ बालू खनन, बैलगाड़ी से ढुलाई

**जागरण संवाददाता, खिरकिया बाजार :** क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गांव के समीप नारायणी नदी के किनारे बेखौफ बालू का खनन हो रहा है। ट्रैक्टर-ट्राली की जगह बैलगाड़ी से बालू की ढुलाई हो रही है। पहले रात में खनन होता था, अब दिन में भी हो रहा है। चार दिन पहले खनन अधिकारी ने कुछ वाहनों को पकड़ा था, चेतावनी देकर छोड़ दिए थे। इसके बाद भी बालू के अवैध खनन पर रोक नहीं लग रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बालू माफिया बैलगाड़ियों पर बालू लदवाकर ठिकाने लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस धंधे में पुलिस व सिंचाई विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। शिकायत पर चार दिन पहले खनन अधिकारी राघवेंद्र कुमार कटाई भरपुरवा गांव के समीप खनन स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वाहनों के पहियों से हवा निकलवा दी थी। चेतावनी देते हुए कहा था कि दोबारा खनन हुआ था सख्त कार्रवाई की जाएगी। सख्ती के बाद भी खनन रुका नहीं है। एडीएम देवीदयाल वर्मा ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है, इसकी जांच कराई जाएगी।

## एसडीएम ने सीज की बालू लदी ट्राली

**जासं, कप्तानगंज :** तहसील क्षेत्र में बालू खनन स्थलों पर सोमवार की रात एसडीएम गोपाल शर्मा ने छापेमारी की। भुतहिया घाट, कारी मदरहवां, भिऊरा हसनगंज, बभनौली, टेढ़िया आदि अवैध घाटों पर रखे गए बालू को नदी में डलवाया और अज्ञात धंधेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। दूसरे दिन एक ट्रैक्टर-ट्राली को भी सीज करा दिया। कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में छोटी गंडक के विभिन्न घाटों पर बालू खनन की शिकायत का संज्ञान लेकर एसडीएम ने रात में छापेमारी की थी। मंगलवार को दोपहर में सुधियानी चौराहे के पास भंडारण स्थल से बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को सीज करना दिया। एसडीएम ने बताया कि बालू खनन रोकने के लिए लगातार छापेमारी की जाएगी।

PGD
& H
SPEC
Hea
Hos
Hea
GLOBA
MAHIDO
RAK HO
ADM
SESSI
HURI
Limited

# शिविर में उत्साह पूर्वक लोगों ने किया महादान

## रक्तदाताओं को अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हाटा में रक्तदान करते सीएमओ डॉ.सुरेश पटारिया। संवाद



रक्तदाता को प्रमाण पत्र देते विधायक मोहन वर्मा व एसपी धवल जायसवाल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मंगलवार सुबह दस बजे लेकर दोपहर बाद दो बजे तक अमर उजाला फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सीएमओ सहित 15 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर महादान की प्रेरणा दी।

यह रक्तदान शिविर जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हाटा नगर के नोवल एकेडमी फॉर कंप्यूटर एजुकेशन एंड टेक्निकल सोसाइटी (नेसेट्स) पर आयोजित हुआ। इस दौरान रक्तदान करने वाले महादानियों को अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधायक मोहन वर्मा और एसपी धवल जायसवाल ने फीता काटकर किया।

**रक्तदान से नहीं होता कोई नुकसान :** विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। यह भी जानना जरूरी है कि एक यूनिट रक्तदान कर चार लोगों की जान बचाई जा सकती है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इसका सेहत पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से आयोजित मंगलवार को रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक टीम का योगदान रहा। जिसमें ब्लड बैंक प्रभारी एजाज अहमद, एसएलटी लल्लन गुप्ता, एलटी अश्विनी त्रिपाठी, आनंद कुमार, वार्ड ब्वॉय रामविनोद सिंह,नीतिश कुमार, सुरेंद्र यादव के अलावा एंबुलेंस के दुर्गेश अग्रहरी व एमटी शत्रुघ्न यादव ने सहयोग कर शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य काम नहीं है। हम रक्तदान करके किसी की भी जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने के साथ दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। यह सिर्फ मनुष्य ही दे सकता है। इसलिए इस तरह के पुनीत कार्य में आगे बढ़कर योगदान देना चाहिए। इस मौके पर सीएमओ सुरेश पटारिया ने भी रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है। इससे हार्ट स्वस्थ रहता है और शरीर में नए रक्त का संचार होता है। कहा कि रक्तदान से डरने की जरूरत नहीं है। इससे कोई परेशानी नहीं होती। हमारे शरीर में यह फिर से बनकर तैयार हो जाता है। इस दौरान रोटरी क्लब के सचिव वाहिद अली, प्रबंधक गोविंद विश्वकर्मा, शाखा प्रबंधक प्रकाश जायसवाल,अजीत चौहान, विनय कुशवाहा, नीतिश मद्धेशिया, सलोनी वर्मा, अंशिका सिंह, सुजीत प्रजापति समेत लोग मौजूद रहे।

### इन्होंने किया महादान

सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया, सुजीत प्रजापति, अंगद मद्धेशिया, इंद्रपाल चौरसिया, हेड कांस्टेबल विजय कुमार मिश्र, एसआई अमरजीत चौहान, विनय कुशवाहा, जगदीश खरवार, विजय प्रताप, सलोनी वर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, प्रकाश जायसवाल, मनोज गिरी,मनोज तिवारी और अमित सिंह ने रक्तदान किया। रक्तदान के बाद महादानियों को अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कोई पहली तो कोई तीसरी बार रक्तदान करने पहुंचा



सुजीत



विजय कुमार



अमरजीत



सलोनी वर्मा

सुजीत प्रजापति ने कहा कि पहली बार रक्तदान कर रहा हूं। रक्तदान से पुण्य कोई नहीं। ऐसे में हमारा फर्ज है कि रक्तदान कर लोगों की जान बचाएं। ऐसा करने से समाज के अन्य लोगों के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचता है और लोगों को प्रेरणा मिलेगी। हेड कांस्टेबल विजय कुमार मिश्र ने बताया कि अब तक सात बार रक्तदान कर चुका हूं। रक्तदान करना हम सबका नैतिक दायित्व है। रक्तदान करने से कोई परेशानी नहीं होती। किसी के जीवन में संकट पर एक यूनिट ब्लड ही उसे जीवनदान दे सकता है। ऐसे आयोजनों में योगदान करना चाहिए। एसआई,अमरजीत चौहान ने कहा कि मैं तीन बार रक्तदानकर चुका हूं। यह चौथा अवसर है जब रक्तदान करने का मौका मिला है। अमर उजाला फाउंडेशन का आभार है,जो हाटा नगरी में यह पुनीत कार्य करने का मौका दिया। सलोनी वर्मा ने बताया कि एकेडमी में कार्यरत युवती ने कहा कि रक्तदान हम सबको को करना चाहिए। आज पहली बार अमर उजाला फाउंडेशन के बैनर तले रक्तदान कर अपार खुशी महसूस कर रही हूं। रक्तदान कर संकट के घड़ी में फंसे लोगों की जान बचाई जा सकती है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-06-2022

# 205 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 205 वाहनों का चालान किया गया। **दस लीटर कच्ची शराब बरामद** : जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए पांच व्यक्तियों के कब्जे से10 लीटर कच्ची व 63 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# शान्ति कमेटी की बैठक

**पनियरा ( एसएनबी )**। थाना पनियरा के थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने शान्ति कमेटी की



पहली बैठक की। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानोंव सम्भ्रांत नागरिकों से कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि विवाद की मुख्य जड़ जमीनी विवाद, नाली, खड़ंजा आदि होता है। इन सब के त्वरित समाधान में पुलिस का सहयोग करें। गांव में नए उम्र के लड़को को चौपाल लगाकर उनको समझाएं कि मात्र एनसीआर या 151 कि कार्यवाही भी उनके भविष्य को बर्बाद कर देती है। इसलिए वें तैश में आकर किसी तरह के विवाद में न पड़ें। इस अवसर पर एसआई उप निरीक्षक संजय यादव, ओम जीत पटेल, मनोज कुमार गुप्ता, हेड कां. सोनू यादव, रवि सिंह, बजरंगी, अनिल, बांकेलाल, राधेश्याम, अदालती, असलम अंसारी, सलीम अली, सूर्यभान साहनी व राम मिलन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थानों पर सक्रिय रही एंटी रोमियो टीम

**सिसवा बाजार (एसएनबी)**। मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम इंचार्ज मधु सिंह व महिला का. नीतू वर्मा की टीम ने कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सोहट में चौपाल लगाकर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया।टीम ने महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा के उपाय बताए। उन्हें डायल 112, 1076 व 1090 आदि महिला हेल्प लाइन नम्बर के प्रयोग के विषय में जानकारी दी गयी। इसी क्रम में सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व बैंक शाखाओं के आस पास भीड़ वाले क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला कर बिना हेलमेट गाड़ी चलाते व बेमतलब खड़े या घूम रहे मनचलों की खबर लेते हुए उनसे पूछताछ की गयी।



# शांतिभंग की आशंका में 57 गिरफ्तार

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में कुल 57 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला गिरफ्तार



**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के धनेवा-धनेई के टोला गबडुआ निवासी  सईदुर रहमान कोसोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला अफवाह फैलानेका मामला प्रकाश में आया है। इस मामलेमें पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भादं वि की धारा 505 (2 ), 506 व आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। साथ ही उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भे ज दिया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि आरोपी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सौ हार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को मं गलवार की सुबह टोला गबडुआ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी उप निरीक्षक श्री राय, उप निरीक्षक प्रवीन सि ंह, हेका धर्मेन्द्र पां डेय व आरक्षी रामअशीष यादव शामिल रहे।

# जनपद में धारा 144 लागू

**महराजगंज (एसएनबी)**। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में बोर्ड एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं कोविड महामारी के प्रभावी नियंत्रण/रोकथाम, ईदुज्जुहा बकरीद के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाये रखने तथा जनपद में साम्प्रदायिक घटनाओं की रोकथाम के लिए एक पक्षीय रूप से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 10 जुलाई तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है। उक्त के क्रम में सार्वजनिक स्थलों पर कोविड के प्रोटोकाल के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसका उल्लंघन करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम व एसपी ने किया पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण

**महराजगंज (एसएनबी)**। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ



के साथ जिला संयुक्त चिकित्सालय के पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बह रहे नाले के ओवरफ्लो होने पर नाराजगी व्यक्त की और नाले को तत्काल ठीक करवाने का निर्देश दिया साथ ही पोस्टमार्टम परिसर के बाहर स्थित स्नान घर की मरम्मत का भी निर्देश सीएमएस को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले रोगियों व उनके परिजनों/तीमारदारों के लिए जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करें ताकि उन्हें कोई दिक्कत न हो। उन्होंने सीएमएस डा. भास्कर से ओपीडी, दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन व चिकित्सक सुनिश्चित करें कि मरीजों को न तो अनावश्यक रूप से भटकना पड़े और न ही उन्हें वापस लौटना पड़े। मरीजों को यथासम्भव बेहतर इलाज मुहैया करायी जाय ताकि उन्हें आर्थिक और चिकित्सीय समस्या का सामना न करना पड़े।

हरपुर तिवारी पीएचसी पर शिकायत पर एसडीएम ने की छापेमारी

# एसडीएम के छापे में इंटर पास इलाज करते मिला

■ आरोपी पुलिस के हवाले, अधीक्षक से एफआईआर कराने को कहा
■ ओपीडी में कुर्सी पर बैठकर बाहरी युवक कर रहा था इलाज

हरपुर/परतावल, हिन्दुस्तान टीम। हरपुर तिवारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सदर एसडीएम ने छापेमारी की। अस्पताल की ओपीडी में कुर्सी पर बैठकर एक बाहरी इलाज करते मिला।

पूछताछ में पता चला कि वह इंटर पास है और वह अस्पताल के ही किसी शख्स के कहने पर इलाज करता है। एसडीएम ने इस शख्स को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, परतावल सीएचसी के अधीक्षक को इस मामले में एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई का निर्देश दिया। कुछ दिनों से हरपुर तिवारी पीएचसी में बाहरी द्वारा इलाज करने की शिकायत मिल रही थी। यह शिकायत डीएम तक पहुंची। शिकायतों के क्रम में मंगलवार को दोपहर सदर एसडीएम मो. जसीम ने अचानक इस अस्पताल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ओपीडी में बकायदा एक बाहरी शख्स मरीजों का इलाज करते मिला।

एसडीएम की पूछताछ में शख्स ने बताया कि वह इंटर ही पास है। उसने बताया कि वह यहां इस अस्पताल का स्टाफ नहीं है। अस्पताल के ही एक शख्स के कहने पर वह यहां मरीजों का इलाज करता है। छानबीन में पता चला कि यह कथित डॉक्टर पहले हरपुर चौक पर ही प्राइवेट प्रैक्टिस करता था। वहां मरीज कम मिलने पर अस्पताल के संपर्क में रहने लगा। इसी बीच जिम्मेदार की कुर्सी पर बैठ मरीजों का इलाज करने लगा।



सदर एसडीएम मो. जसीम ने हरपुर तिवारी पीएचसी में छापेमारी की। • हिन्दुस्तान

> अस्पताल में प्राइवेट व्यक्ति द्वारा इलाज करने की शिकायत मिल रही थी। मंगलवार को अचानक जांच की गई तो वहां इंटर पास बाहरी शख्स मरीजों का इलाज करते मिला। उसे पुलिस के हवाले कर परतावल सीएचसी अधीक्षक को केस कराकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। **-मो. जसीम**, एसडीएम, सदर

# नाबालिग को भगाने में तीन पर मुकदमा

भगवानपुर। परसामलिक क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को बहला-फुसला भगाने के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

आरोप है कि इस लड़की को एक महिला व एक पुरुष के सहयोग से नेपाल का युवक बीते 8 जून को भगा ले गया। पिता ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर गांव निवासी दंपति व नेपाली युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसआई मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

ट्रेनिंग | उच्च न्यायालय द्वारा वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल के आदेश पर हो रहा प्रशिक्षण

# वैज्ञानिक तरीकों से जांच को प्रशिक्षित हुए विवेचक

- दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण पुलिस लाइन में शुरू हुआ
- पूछताछ की तकनीक के साथ पालीग्राम टेस्ट के बारे में ट्रेंड किया जाएगा

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस अफसरों को मामलों की विवेचना में वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने व वैज्ञानिक साक्ष्यों को आधार बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा विवेचना में वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल के संबंध में पारित आदेश के क्रम में मंगलवार को दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण पुलिस लाइन में शुरू हुआ। इसमें पूछताछ की तकनीक के साथ ही पालीग्राम टेस्ट के बारे में भी ट्रेंड किया जाएगा।

विवेचना के दौरान वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल व साक्ष्य संकलन में वैज्ञानिक विधियों के इस्तेमाल के बारे में प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा विवेचकों को ऑनलाइन रिफ्रेशर ट्रेनिंग के पहले दिन पुलिस लाइन सभागार में सीओ लाइन सूर्यबली मौर्य व समस्त नामित विवेचक उपस्थित रहे। पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र उन्नाव द्वारा संचालित ऑनलाइन रिफ्रेशर ट्रेनिंग में विवेचना में विवेचक को आज पूछताछ की तकनीकी एवं लाई डिटेक्टर टेस्ट (पालीग्राम) का विवेचना में प्रयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इनके विवेचना में प्रयोग के तरीकों के बारे में बताया गया।



मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में वैज्ञानिक तरीकों व साक्ष्यों से जांच के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण में विवेचक शामिल हुए। • हिन्दुस्तान

# जनपद में धारा 144 लागू, धरना-प्रदर्शन पर रोक

**महराजगंज।** एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में बोर्ड व विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं, कोविड-19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण-रोकथाम, ईदुज्जुहा बकरीद को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाये रखने तथा जनपद में साम्प्रदायिक घटनाओं की रोकथाम के लिए जनपद में धारा 144 लागू कर दी गई है। जो 10 जुलाई 2022 तक लागू रहेगा।



मंगलवार को सिसवा के विवेकानंद नगर स्थित गुड़ गोदाम से प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाया।

# गुड़ गोदाम से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

**सिसवा।** सिसवा नगरपालिका के वार्ड नंबर 21 विवेकानंद नगर स्थित गुड़ गोदाम से मंगलवार को सांय एसडीएम व सीओ की उपस्थिति में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। गुड़ गोदाम की विगत एक सप्ताह पूर्व पैमाइश कराई गई थी। इस पर कुछ लोगों द्वारा अस्थाई रूप से अवैध अतिक्रमण किया गया था। मंगलवार को सायं एसडीएम निचलौल सत्यप्रकाश मिश्र व सीओ सुनील दत्त दूबे के नेतृत्व में नगरपालिका कर्मचारियों व जेसीबी द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया।

# अभियान चला मनाया विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा संचालित स्वरक्षा मानव तस्करी रोध कार्यक्रम के तहत कठपुतली शो कर मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने राजस्थानी कठपुतली मंचन का भरपूर तारीफ करते हुए मनोरंजन किया।

टीम ने एसएसबी व पुलिस की मौजूदगी में भगवानपुर, सेवतरी, व धरमौली गांव में कठपुतली शो कर विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया। भगवानपुर एसएसबी इंस्पेक्टर कुलदीप तिवारी सहायक इंचार्ज मनीराम मौर्य मानव तस्करी रोधी टीम, प्रधान व नेपाली कार्यकर्ता, आशा, आंगनबाड़ी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सेवतरी पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी मदन मोहन, एंटी रोमीयो टीम, एसएसबी के प्रभारी मुजाहिद हुसैन सहित सहयोगी मौजूद रहे। धरमौली गांव में एसएसबी ठूठीबारी के इंस्पेक्टर पूनम देवी, चाइल्ड लाइन उपकेंद्र निचलौल के स्टाफ के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस दौरान पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति स्वरक्षा के इण्टरवेसन आफिसर श्रवण कुमार संदीप शामिल रहे।

# भड़काऊ पोस्ट करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**सोशल मीडिया**

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** सोशल मीडिया के माध्यम से भड़काने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। महराजगंज शहर के गबड्डुआ निवासी एक शख्स को पुलिस ने भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में दबोच लिया है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार सोशल मीडिया के माध्यम से भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गबड्डुआ निवासी सईदुर रहमान को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में युवक पर पुलिस ने आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया था।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर तरह-तरह की टिप्पणियों के मद्देनजर एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने मंगलवार को तहसील के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। एसडीएम ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक अफवाहें फैला कर माहौल को खराब करने की कोशिश भी की जाती है। उन्होंने थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी से लेकर बीट पर तैनात किए गए कांस्टेबल को भी पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि पूरी पुलिस टीम सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी तरह की अभद्र टिप्पणी या गलत तरीके से किया गया पोस्ट पर नजर बनाए हुए है। लोग शांति माहौल को बनाए रखने में अहम योगदान दिए हैं व सभी समुदाय के सहयोग की जरूरत होती है।



मंगलवार को नौतनवा में एसडीएम व सीओ ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

# पीआरवी की सक्रियता से बची महिला की जान

महराजगंज : फरेंदा थाने की पीआरवी 2555 पर तैनात मुख्य आरक्षी रामआशीष चौहान, मोनू चौधरी व बृजकिशोर मणि की सक्रियता से सोमवार की रात एक महिला की जान बच गई। पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला पारिवारिक विवाद को लेकर आत्महत्या करने जा रही है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीआरवी चार मिनट के अंदर मौके पर पहुंच गई और महिला को समझाकर काउंसिलिंग के लिए फरेंदा थाने को सुपुर्द कर दिया। (जासं)

# जल शक्ति मंत्री के दौरे को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

- 18 जून को जिले में प्रस्तावित है कार्यक्रम
- एडीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के 18 जून के जिले में प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा है। मंगलवार को जहां अपर जिलाधिकारी डा.पंकज वर्मा ने बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई, वहीं अन्य विभागों में कर्मचारी आंकड़े ठीक करने में लगे रहे।

सीडीओ कक्ष में बैठक को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री द्वारा जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज में गरीब कल्याण एवं लाभार्थीपरक योजना के तहत पात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ब्लाकों से लाभार्थियों की सूची तैयार कर ली जाए। इसमें आवास, पेंशन, शौचालय, स्वयं सहायता समूह, आयुष्मान के पात्रों को शामिल किया जाएगा। मंत्री द्वारा किसी परियोजना अथवा बाढ़ नियंत्रण कार्य का भी निरीक्षण किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ताढंग से पूरा कराएं। इसके बाद मंत्री द्वारा कानून एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की जाएगी। ग्राम बरवां विद्यापति में निरीक्षण और पिपरा रसूलपुर में चौपाल का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग की योजना से संबंधित तैयारी पूरी कर कर लें।

बैठक में उप निदेशक कृषि रामशिष्ट, जिला विकास अधिकारी जगदीश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा अनिल चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण शांत प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार उपस्थित रहे।

# गलत पैरवी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**जासं, महराजगंज:** पुलिस थानों पर अनायास बैठकी करने और हर मामले में पैरवी लेकर पहुंचने वालों पर खुफिया विभाग की पैनी नजर है। ऐसे लोगों पर लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) की निगरानी जारी है।

उसने जिले के 19 थानों से कुल 45 लोगों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार की है। ऐसे लोगों को पहले चेतावनी दी जाएगी और उसके बाद भी न मानने पर कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने बताया कि जिले के सभी थानों पर वादियों को निष्पक्ष तरीके से न्याय मिले और सभी वादी स्वयं पुलिस से अपनी समस्या का बयान कर सकें, इसके लिए स्थानों पर विभिन्न व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। महिलाओं के लिए महिला हेल्प डेस्क, साइबर मामलों के लिए साइबर हेल्प डेस्क की भी शुरुआत की गई है। बावजूद इसके स्थानों पर बिना कार्य पर लोगों की भीड़ लगी रहती है। इसे देखते हुए ऐसे लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। सदर कोतवाली, निचलौल, नौतनवा, श्यामदेउरवा, सोनौली, पनियरा, परसा मलिक, घुघली, बृजमनगंज, पुरंदरपुर, फरेंदा, कोल्हुई, बरगदवा, सिंदुरिया, ठूठीबारी, महिला थाना, सोहगीबरवा, कोठीभार और चौक थानों पर लोगों की अनायास ही भीड़ देखने को मिलती है।

# एसडीएम ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**जासं, हरपुर तिवारी, महराजगंज:** एसडीएम सदर मो. जसीम ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपुर तिवारी पर छापेमारी के दौरान बिना डिग्री के एक बाहरी व्यक्ति द्वारा रोगियों का इलाज करने के आरोप में पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों पीएचसी के विरुद्ध शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर जांच की गई, तो शिकायत सही पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल के अधीक्षक को संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। सीएचसी अधीक्षक दुर्गेश द्विवेदी, फार्मासिस्ट शशिबिंद मिश्रा उपस्थित रहे।

# इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पड़ा महंगा, गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज :** बीते दिनों कानपुर व प्रयागराज में हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर जिले का पुलिस प्रशासन



हाई अलर्ट पर है। इसी क्रम में सोमवार की रात इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने गबड्डुआ निवासी सईदुर रहमान नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को उसे न्यायालय चालान कर दिया गया।

सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि सईदुर पर सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर धार्मिक भावनाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। उन्होंने अपील की है कि इंटरनेट मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट न करें जिससे किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे।

# सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने पर होगी सख्ती



नौतनवां में बैठक करते एसडीएम एवं सीओ । संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवां।** एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा का कहना है कि सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को बैठक करके एसडीएम ने सभी प्रभारी निरीक्षकों एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया। कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सोशल मीडिया की हलचल पर नजर रखें और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करें। सीओ डीके उपाध्याय ने कहा कि सोशल मीडिया की गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है।

उन्होंने कहा कि अनावश्यक बातों को लेकर आपसी वैमनस्यता ठीक नहीं है। बेहतर होगा कि सभी अमन-चैन और भाईचारे को बरकरार रखें और टिप्पणी करने से बचें। अन्यथा ऐसे लोगों को सख्ती का सामना करना पड़ सकता है।

# संदिग्धों के बारे में त्वरित सूचना दें : थानाध्यक्ष

**पनियरा।** संदिग्धों के बारे में त्वरित सूचना दें। गांव में प्रत्येक हलचल पर नजर बनाए रखें। पुलिस क्षेत्र में हमेशा गश्त करती रहेगी। यह कहना है थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह का। उन्होंने मंगलवार को थाना परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति सुरक्षा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई छोटी-मोटी घटना होती है तो तत्काल सूचना दीजिए। जमीन से संबंधित विवाद में राजस्व कर्मियों को अवगत कराएं। इस दौरान ग्राम प्रधान ब्रम्हानंद धारिया, महेन्द्र चौधरी, अनिल जायसवाल, राधेश्याम चौहान, राजू सहानी, अदालत निषाद आदि मौजूद रहे। संवाद

# अस्पताल में इलाज करते मिले बाहरी व्यक्ति को पुलिस को सौंपा

## डीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंचे सदर एसडीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

*जिलाधिकारी के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपुर तिवारी की जांच की गई है। वहां पर एक बाहरी व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था। उसे पकड़कर श्यामदेउरवां पुलिस को सौंपा गया है, केस दर्ज कराने के लिए सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। **-मोहम्मद जसीम,** एसडीएम सदर*

**परतावल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरपुर तिवारी में मंगलवार को बाहरी व्यक्ति मरीजों का इलाज करते पाया गया। मामला जिलाधिकारी तक पहुंचा तो उन्होंने सदर एसडीएम को जांच के लिए भेजा। जांच के लिए पहुंचे सदर एसडीएम ने उक्त व्यक्ति को पकड़कर श्यामदेउरवां पुलिस को सौंप दिया ।

मामले में सीएचसी परतावल के अधीक्षक ने उक्त व्यक्ति के विरुद्ध तहरीर दी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपुर तिवारी में चिकित्सक की कुर्सी पर बैठकर अनिल कुमार नाम का एक बाहरी व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था, मरीज भी उसे चिकित्सक समझ कर अपनी बीमारी बता रहे थे। डीएम तक शिकायत पहुंची तो उन्होंने एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम से जांच कराई। जांच में बाहरी व्यक्ति चिकित्सक की कुर्सी पर बैठकर इलाज करते पाया गया। बदहाली देख एसडीएम ने अनिल को श्यामदेउरवां पुलिस को सुपुर्द कर दिया व चिकित्सा अधीक्षक परतावल को विधिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। परतावल सीएचसी के अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है।

# दो वांछितों का चालान

**महराजगंज।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म व अपहरण के मामले में वांछित को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। यह जानकारी पुरंदरपुर थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने दी। संवाद

# हत्यारोपी का चालान

**महराजगंज।** हत्या समेत अन्य धाराओं में वांछित फूलमती निवासी समरधीरा एवं सुराती निवासी पुरंदरपुर को मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी पुरंदरपुर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने दी। संवाद

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**महराजगंज।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के तिकोनिया नर्सरी में मंगलवार को छापा मारकर 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अवधेश साहनी निवासी तिकोनिया को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर अंकित सिंह ने दी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-06-2022

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

घघौवा। छावनी थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे पर बबुरहवा ओवरब्रिज के पास चेकिंग के दौरान एसआई नंदलाल सरोज ने साइकिल से जा रहे एक युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास गैलन में भरा हुआ 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। युवक की पहचान राम कुमार निवासी रेडवल के रूप में हुई। मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# मारपीट व अश्लील हरकत का मुकदमा

बस्ती। कोतवाली में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि मुकदमा वापस लेने की बात को लेकर न्यायालय गेट के सामने आरोपी सुहेल अहमद व सुफेल अहमद मारपीट व अश्लील हरकत की। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट

बस्ती। हर्रैया थाने के बरगदवा माफी में रुपये के लेन-देन को लेकर अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने के मामले में पुलिस ने प्रमोद कुमार निवासी हुड़रा कुंवर थाना हर्रैया की तहरीर पर श्यामू चौधरी निवासी बरगदवा माफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थाने के रानीपुर (बस्थनवां) निवासी सूरज की तहरीर पर पुलिस ने पंचू चौहान व रामपाल पर मुकदमा कायम किया है।

# मारापीट का केस

नगर बाजार। नगर थाने के बढ़नी ब्रह्मचारी पुरवा निवासी बद्रीनरायन का आरोप है कि बढ़नी निवासी जगदम्बा प्रसाद ओझा, छोटू ओझा व अजय मिश्रा ने पुराने विवाद को लेकर गन्ने के खेत में पानी चलाने जाते समय रास्ते में रोक लिया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# मारपीट व छिनैती के आरोप में केस

बस्ती। कलवारी थाने में तहरीर देकर नगर थाने के कचूरे निवासी मनोज कुमार चौरसिया ने आरोप लगाया है कि निमंत्रण से वापस आते समय कुसौरा बाजार में रोककर शिवम दूबे, हरिओम दूबे निवासी गोपालपुर थाना कलवारी व चार व्यक्ति अज्ञात लोगों ने मारपीट कर छिनैती का आरोप लगाया है।

लालगंज पुलिस ने सूसीपार सोरहियाजोत में पारिवारिक विवाद को लेकर मारने-पीटने के मामले में रेखा पत्नी मोहन की तहरीर पर गांव के परशुराम व रंजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

# मारपीट के आरोप में पति पर केस

बस्ती। हर्रैया थानाक्षेत्र के थान्हा खास निवासी महिला ने अपने पति मक्खन श्रीवास्तव के खिलाफ नशा करके मारने-पीटने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

इसी थाने के भदासी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में राम वचन ने तहरीर दी। पुलिस ने मुन्नीलाल, चंदन, रवि, मनोज व आसाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस किया है।

# बंधक बनाने का लगाया आरोप

लालगंज, बस्ती। बैंक से पैसा निकालने जा रही महिला को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 24 वर्षीय महिला वर्तमान में अपने नगर थाना क्षेत्र स्थित मायके में आई है। मंगलवार को बैंक से रुपया निकालने के लिए घर से निकली थी। सड़क पर पीछे से एक ऑटो उसके पास आकर रूका। ऑटो में चालक सहित दो लोग सवार थे। उन्होंने उससे बक्सर तक छोड़ देने को कहा। उनके कहने में आकर वह ऑटो में सवार हो गई। बक्सर के पास उतरने को कहा तो नहीं उतारा। ऑटो सवार पहले उसे चंगेरवा पार्क ले गए। वह किसी तरीके से ऑटो से कूदकर भाग निकली। थानाध्यक्ष लालगंज का कहना है कि तहरीर देने की जानकारी नहीं मिली है। महिला ने महसो चौकी पर तहरीर देने की बात कही है।



छावनी थाने के विक्रमजोत पुलिस चौकी के सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण करते आईजी राजेश मोदक, एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य।

# पुलिस चौकी के सुन्दरीकरण का लोकार्पण

बस्ती। जिले के छावनी थाने की चौकी विक्रमजोत के सुन्दरीकरण का मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र राजेश मोदक और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, एसओ छावनी, प्रभारी चौकी विक्रमजोत व अन्य मौजूद रहे।

# हत्यारों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

बस्ती, निज संवाददाता। पैकोलिया थाना क्षेत्र के मजिगवां निवासी विनोद कुमार की हत्या का मामला जोर पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को बहुजन मुक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष दयानिधि आनंद के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी को ज्ञापन सौंपकर मामले में दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।



विनोद हत्याकांड मामले में एएसपी को ज्ञापन सौंपते बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारी।

ज्ञापन में कहा गया है कि 27 मई को विनोद कुमार की हत्या मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी मौत करंट से हुई है। इस मामले में पैकोलिया पुलिस अभी तक चुप्पी साधे हुए है, कोई गिरफ्तारी नहीं की गई। रेनू देवी पत्नी विनोद कुमार ने अपने पति के हत्या मामले में दोषियों के गिरफ्तारी, परिवार की सुरक्षा और बच्चों के भरण पोषण के लिए शासन स्तर पर सहयोग की मांग उच्चाधिकारियों से किया था। रेनू देवी का आरोप है कि उसके पति ने हर्रैया थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी एक व्यक्ति को अपनी जमीन बेचा था, 27 मई को आरोपी ने पैसा देने के लिए बुलाया था। बाद में मझौवा वाले रास्ते पर नहर के पास उसके पति की हत्याकर फेंकी लाश बरामद हुई।

# प्रजनन अवधि के दौरान मछली पकड़ना व नष्ट करना प्रतिबंधित

बस्ती। मत्स्य संवर्धन व संरक्षण के लिए 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में मत्स्य आखेट पूरी तरह से प्रतिबंधित है। 15 जुलाई से 30 सितम्बर की अवधि में फ्राई एवं फिंगरलिंग मत्स्य बीज पकड़ना व नष्ट करना भी पूर्ण प्रतिबन्धित है।

यह निर्देश डीएम प्रियंका निरंजन ने दिया। डीएम ने बताया कि जनपद में प्रतिबन्धित क्षेत्रों में छोटे जालों से मछली तथा मछली के बच्चों की निकासी करने तथा ऐसे समस्त उपकरण जिससे शिकारमाही संभव हो का प्रयोग कर मत्स्य आखेट के लिए नहीं किया जाएगा। वर्षा ऋतु में भारतीय मेजर कार्प मछलियां, कतला, रोहू व नैन तथा विदेशी ग्रास कार्प, सिल्वर कार्प व कामन कार्प मछलियां प्रजनन करती है। नदियों में मत्स्य बीज पकड़ने, नष्ट करने एवं शिकारमाही 31 अगस्त तक किसी भी दशा में नहीं किया जा सकता है।

**15** जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में आखेट प्रतिबंधित है

**15** जुलाई से 30 सितम्बर तक फ्राई आदि नष्ट करना पूर्ण प्रतिबंधित है

# दुकानदार के साथ मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में क्रास केस

**जासं गायघाट,बस्ती :** कलवारी थाने के नगर पंचायत गायघाट में सोमवार की रात दुकानदार के साथ मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में कलवारी पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध क्रास केस दर्ज कर लिया है। कलवारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि एक पक्ष से दुकानदार रवि की मां कुसुम देवी और दूसरे पक्ष के आकृष्ट ने तहरीर दी थी।

गायघाट में बैड़ारी रोड पर रवि अग्रहरि कास्टमेटिक व कोल्ड ड्रिंक की दुकान चलाते हैं। वहीं बगल में इनकी पान की दुकान भी है। सोमवार की रात कुछ अज्ञात लोगों ने रवि की दुकान से कोल्ड ड्रिंक खरीदा था। उसी कोल्ड ड्रिंक को वापस करने की बात को लेकर दुकानदार से विवाद हो गया था। दुकानदार और उसके परिवार वालों से मारपीट कर तोड़फोड़ की गई थी। मंगलवार को कलवारी पुलिस ने एक पक्ष के कुसुम देवी की तहरीर पर वंश गोपाल चौधरी, संदीप, आकृष्ट, राजन, बृजेश व 15 -20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा, दुकान में घुसकर मारपीट करना, तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के आकृष्ट चौधरी की तहरीर पर रवि अग्रहरि व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट, अपशब्दों का प्रयोग करने आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना गायघाट चौकी इंचार्ज राम वशिष्ठ को सौंपी गई है।

**सोमवार की रात कोल्ड ड्रिंक वापस लेने को लेकर हुआ था विवाद, दुकानदार और उसके परिवारवालों से मारपीट**

# दो लोगों ने किया महिला के अपहरण का प्रयास

जासं, बस्ती: बैंक से रुपये निकालने जा रही एक महिला को टेंपो सवार दो लोगों ने अपहृत करने का प्रयास किया। हालांकि महिला ने टेंपो से कूद कर अपने आपको बचा लिया। घटना के संबंध में पीड़िता ने लालगंज पुलिस को तहरीर दी है।

लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 24 वर्षीय महिला वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र स्थित मायके में आई है। तहरीर के अनुसार वह मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक बक्सर से रुपये निकालने के लिए निकली थी। कुछ दूर पैदल चलने के बाद सड़क पर पीछे से एक टेंपो उसके पास आकर रुका। टेंपो में चालक सहित दो लोग सवार थे। उन्होंने उससे बक्सर तक छोड़ देने को कहा। उनके कहने पर वह उसमें बैठ गई। महिला का आरोप है कि टेंपो चालक ने बक्सर के पास गाड़ी नहीं रोकी। टेंपो सवार उसे चंगेरवा पार्क ले जा रहे थे। किसी तरीके से वह गाड़ी से कूदकर भाग निकली। टेंपो सवार मौके से भाग निकले। महिला ने महसों पुलिस चौकी पर तहरीर देने की बात कही है।

# विक्रमजोत पुलिस चौकी के आरक्षी भवन का जीर्णोद्धार

**जासं, विक्रमजोत, बस्ती:** छावनी थाने की पुलिस चौकी विक्रमजोत के आवासीय भवन के जीर्णोद्धार के बाद मंगलवार की शाम पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोडक ने पूजन-अर्चन कर वैदिक मंत्रोच्चार के बाद भवन का उद्घाटन व शिलापट का अनावरण किया। साथ ही चौकी परिसर में पौधरोपण भी किया।

पुलिस चौकी का आवासीय भवन वर्षों से जर्जर पड़ा था, जिसकी मरम्मत का कार्य चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार ने जनसहयोग पूरा कराया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि उनका प्रयास है कि सभी थाना क्षेत्र के हल्का इंचार्ज के पास भी अपना आवास हो और वह हमेशा अपने क्षेत्र में मौजूद रहें।

# मारपीट की पांच घटनाओं में 13 के विरुद्ध मुकदमा

- कहीं गुटखा न लाने और कहीं पुरानी रंजिश में हुई मारपीट
- वाल्टरगंज, हर्रैया और परशुरामपुर थाना क्षेत्र में हुई घटनाएं

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले में कहीं गुटखा लाने से मना करने को लेकर तो कहीं पुरानी रंजिश और रुपये की लेन देन को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। तीन थाने के पांच स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में 13 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाने के खरहरा गांव निवासी रामतौल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुटखा लाने से मना करने पर उनके भांजे गांव के कुछ लोगों ने अपशब्द कहा, मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गोविंद, प्रेमचंद्र, जटाशंकर व धनीराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

हर्रैया थाने के गांव निवासी रामबचन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उनकी पत्नी व पुत्र को मारा पीटा तथा अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुन्नीलाल, चंदन, रवि, मनोज व आसाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। हर्रैया थाने के ही हुंडरा कुंवर गांव निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रुपये की लेनदेन को लेकर बरगदवा माफी गांव के श्यामू चौधरी ने उन्हें मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। हर्रैया के थान्हाखास गांव की रहने वाली अर्चना का आरोप है कि उनके पति मखन ने उन्हें शराब के नशे में मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। परशुरामपुर थाने के रानीपुर बस्थनवा गांव निवासी सूरज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही दो लोगों ने उनके भतीजे को अनायास मारा पीटा और धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंचू चौहान व रामपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# शादी के लिए युवती को भगाने का आरोप

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** सोनहा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का धर्म परिवर्तन कराकर उससे शादी करने की नीयत से भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोप यह भी है कि शादी करने के बाद आरोपित युवक, पीड़िता को बेचना चाहता था।

सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी 22 वर्षीय पुत्री स्नातक की छात्रा है। आरोप लगाया कि गांव के रहने वाले रहीम वारिस ने उसे 11 जून की देर रात उसका धर्म परिवर्तन कराकर उससे शादी करने के मकसद से उसे भगा ले गया।

महिला ने आरोप लगाया कि शादी करने के बाद आरोपित उनकी बेटी को बेचना भी चाहता था। उनका कहना है कि इन बातों को उन्होंने खुद और अन्य लोगों ने भी सुना। मामले की शिकायत आरोपित रहीम वारिस के पिता से की तो उसके परिवार वालों ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी दी।

प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित रहीम वारिस के अलावा अब्दुल गफ्फार, खलील वारिस, करीम वारिस व जलाल वारिस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट के मामलों में 24 पर केस दर्ज

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हरकत में आई पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अलग-अलग वजह से मारपीट के विभिन्न मामलों में 24 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई है।

कोतवाली पुलिस ने मुकदमा वापस लेने की बात को लेकर न्यायालय गेट के सामने मारपीट व अश्लील हरकत करने के आरोप में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इनमें सुहेल अहमद व सुफेल अहमद निवासी परसा हज्जाम थाना मुंडेरवा शामिल हैं।

वाल्टरगंज पुलिस ने गुटखा लाने से मना करने पर मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामतौल निवासी खरहरा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर गोविंद, प्रेमचंद्र, जटाशंकर व धनीराम निवासी गण खरहरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हर्रैया थाना क्षेत्र के थान्हा खास निवासी महिला ने अपने पति मक्खन श्रीवास्तव के विरुद्ध नशा करके मारने-पीटने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। हर्रैया थाने के भदासी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में राम वचन ने तहरीर दी। पुलिस ने मुन्नीलाल, चंदन, रवि, मनोज व आसाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटनाएं

इसी थाने के बरगदवा माफी में रुपये के लेन-देन को लेकर अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने के मामले में प्रमोद कुमार निवासी हड़रा कुंवर थाना हर्रैया की तहरीर पर श्यामू चौधरी निवासी बरगदवा माफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

परशुरामपुर थाने के रानीपुर (बस्थनवां) निवासी सूरज की तहरीर पर पुलिस ने पंचू चौहान व रामपाल के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी पुलिस ने निमंत्रण से वापस आते समय कुसौरा बाजार में रोककर मारने-पीटने के मामले में मनोज कुमार चौरसिया की तहरीर पर शिवम दूबे, हरिओम दूबे निवासी गोपालपुर थाना कलवारी व चार व्यक्ति अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज पुलिस ने सूसीपार सोरहियाजोत में पारिवारिक विवाद को लेकर मारने-पीटने के मामले में रेखा पत्नी मोहन की तहरीर पर गांव के परशुराम व रंजीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# कॉस्मेटिक और कोल्डड्रिंक की दुकान में तोड़फोड़

### कलवारी थाने के गायघाट कस्बे में सोमवार देररात की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

गायघाट। कलवारी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गायघाट में यूपी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सोमवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब दर्जनों की संख्या में हमलावरों ने कॉस्मेटिक व ठंडा की दुकान पर धावा बोलकर दुकानदार से ठंडा वापसी को लेकर मारपीट की। मारपीट में दुकानदार रवि अग्रहरि सहित चार लोगों को चोट आई हैं। शोर सुनकर थोड़ी दूर पर स्थित पुलिस चौकी के पुलिस ने बीच-बचाव कर तीन हमलावरों को पकड़ लिया।

गायघाट कस्बे में बैड़ारी रोड़ पर रवि अग्रहरि कॉस्मेटिक व कोल्डड्रिंक्स की दुकान चलाते हैं। पास में ही इनकी पान की दुकान भी है। सोमवार रात कुछ लोग पहुंचे और रवि की दुकान से कोल्डड्रिंक्स खरीदा। कुछ देर बाद वे उसे वापस करने आए। लोगों ने दुकान पर मौजूद उनकी बहन ने उसकी जगह दूसरी कोल्डड्रिंक्स लेने को कहा तो वे लोग भड़क गए। अपशब्द कहते हुए उसके भाई रवि अग्रहरि से नोकझोंक की। दोबारा दर्जनों की संख्या में आए लोगों ने दुकान पर धावा बोल दिया। इस दौरान सामान को तोड़फोड़ कर इधर-उधर फेंक दिया। विरोध का सामना करने पर रवि अग्रहरि, रुनझुन, रुपाली व बुजुर्ग महिला प्रभावती देवी को पीटने लगे। जिससे रवि अग्रहरि व रुपाली को ज्याद चोट आई। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पर इलाज के लिए ले जाया गया। मंगलवार को इस संबंध में रवि की मां कुसुम ने तहरीर दी। जिसमें रघऊपुर निवासी वंश गोपाल, संदीप सहित अज्ञात लोगों पर मारपीट करने व गल्ले में रखी नकदी व चेन छीनने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया की आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# रंग लाई परिवहन मंत्री की हिदायत आधा दर्जन डग्गामार बसें सीज

## आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ल की टीम ने की अवैध बसों पर कार्रवाई

### बस्ती बस डिपो में खड़ी की गईं बसें, भारी-भरकम जुर्माना लगेगा

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले में तीन दिन पहले आए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अवैध बसों के खिलाफ कार्रवाई कर विभाग के अधिकारियों को एक बड़ी नसीहत दी है। एक्शन में आए संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन रविकांत शुक्ल व सहायक परिवहन अधिकारी अरुण प्रकाश चौबे की टीमों ने मंगलवार को आधा दर्जन बसों को पकड़ कर सीज कर दिया।

लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन पर अवैध बसों का संचालन लंबे समय से हो रहा था। इसकी शिकायत भी बहुत हुई, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल रहा था। इसी बीच अचानक 10 जून को एपीएन पीजी कॉलेज में छात्रसंघ का उद्घाटन करने आए सूबे के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बस्ती की सीमा में ही घघौवा के पास अवैध बस पकड़ लिया और लगे हाथ विभागीय अधिकारियों को हिदायत भी दे दी कि अगर ऐसे ही रहा तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

मंगलवार को आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ल, एआरटीओ प्रशासन अरुण प्रकाश चौबे व यात्री कर अधिकारी राजेंद्र प्रसाद की टीम ने मड़वानगर टोल प्लाजा व चैनपुरवा पुल के पास जांच शुरू कर दिया और एक-एक कर छह डग्गामार बसें उनके शिकंजे में फंसती चली गईं। पकड़ी गई इन बसों में तीन का परमिट नहीं है और तीन बसें भी अवैध रूप से संचालित हो रही थीं। टीम ने उन्हें बस्ती बस डिपो परिसर में लाकर खड़ा करवा दिया है। आरटीओ प्रवर्तन शुक्ल ने बताया कि इन बसों पर तकरीबन छह से सात लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

कारण यह है कि बिना परमिट की बसों का छह गुना जुर्माना लगाया जाता है। आरटीओ ने दावा किया कि अब एक भी बस का अवैध संचालन मंडल की सीमा में नहीं हो रहा है। जांच का सिलसिला लगातार चलता रहेगा।

# सोशल मीडिया पर बहके तो जाना पड़ेगा जेल

## पुलिस का साइबर सेल कर रहा निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** धर्म विशेष पर टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बीच सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। सोशल मीडिया सेल, साइबर सेल, डिजिटल वालंटियर और सर्विलांस सेल चौकन्ना है। पुलिस विभिन्न माध्यमों से लोगों को संदेश दे रही है कि किसी भी तरह के भड़काऊ ऑडियो या वीडियो कंटेंट कोई अपलोड या वायरल न करें। सोमवार को मुकदमा दर्ज कर एक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। एसपी आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि पूरे जिले में थानावार बैठकें कर सबको आगाह किया जा रहा है। सभी से संयम बरतने की अपील की जा रही है। इसके बावजूद यदि किसी ने मर्यादा भंग की तो उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

सोमवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के रगड़गंज गांधीनगर निवासी मोहम्मद एजाज अहमद उर्फ अज्जू को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि एजाज अहमद उर्फ अज्जू ने अपने फेसबुक वाल पर शुक्रवार को हुए बवाल के परिप्रेक्ष्य में भड़काऊ पोस्ट किया।

असल में स्मार्टफोन पर इंटरनेट का उपयोग हर कोई कर रहा है। किसी भी मुद्दे पर फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, वाट्सएप आदि सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से कमेंट, लाइक और शेयर करने की होड़ मची रहती है। कुछ मिनटों में ही सैकड़ों, हजारों लोगों तक बात पहुंचना आम बात है। कई बार समाज को तोड़ने और भड़काने वाले अराजकतत्व इसका गलत उपयोग करते हैं। माहौल को बिगाड़ने में भी सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं। मौजूदा समय में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हुए बवाल में सोशल मीडिया का इस्तेमाल होना पाया गया है। इसे देखते हुए जिले की साइबर टीम सतर्क हो गई है। हर पोस्ट पर नजर रखी जा रही है।

### इस तरह सजा और जुर्माने का है प्रावधान

कानून के जानकार ये भी बताते हैं कि अगर कोई शख्स दो समूह, धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, रिहायश या भाषा के नाम पर नफरत फैलाता है तो उसके खिलाफ आईपीसी की धारा-153ए के तहत मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। बोलकर, लिखकर या इशारे से या फिर किसी दूसरे तरीके से सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश करने पर आईपीसी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया जा सकता है। गैरजमानती अपराध होने के कारण पुलिस को आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की छूट होती है। इस मामले में दोषी पाए जाने पर तीन साल तक कैद की सजा हो सकती है। साथ ही कोर्ट दोषी पर जुर्माना भी लगा सकता है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ आईपीसी की धारा-505 के तहत भी केस दर्ज किया जा सकता है। अगर कोई शख्स दो समूहों या वर्गों के बीच नफरत फैलाने के लिए कोई रिपोर्ट या बयान जारी करता है तो उसके खिलाफ आईपीसी की धारा-505 के तहत केस दर्ज किया जा सकता है। पहली बार सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने का दोषी पाया जाता है, तो उसे तीन साल की जेल पांच लाख रुपये तक का जुर्माना और अपराध दोहराया तो दोषी को पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

### सोमवार को एक आरोपी भेजा जा चुका है जेल

### पूरे जिले में थानावार लोगों को किया जा रहा सतर्क

# शांतिभंग की आशंका में 10 पर कार्रवाई

नगर बाजार (बस्ती)। नगर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में विवाद कर रहे 10 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

थाना नगर प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि क्षीधर निषाद निवासी भटहा थाना दुबौलिया, बाबूराम निवासी मझौला थाना दुबौलिया, शेहवान अली व मोहम्मद हाशीम निवासी पोखरनी थाना नगर, धर्मेंद्र व सतीश निवासी बढ़नी थाना नगर, बद्री प्रसाद मिश्रा, जगदंबा प्रसाद, मोहन यादव, सोनू सोनी निवासी हर्रैया थाना हर्रैया के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-06-2022

# बलात्कारी गिरफ्तार

**खेसरहा (एसएनबी)** । थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 वर्षीय मंदबुद्धि युवती के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी युवकों को स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक लड़की के भाई द्वारा थाने पर आरोपी युवकों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम देउरी निवासी नामजद आरोपी संदीप उर्फ टिन्कू पुत्र रामकिशोर तथा सुनील पुत्र जवाहिर के विरुद्ध मुअसं 64/2022 धारा 376 (डी) आईपीसी पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश कर रही थी जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार टीम में थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा के साथ उ. नि. संजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल अजय यादव, का. अजीत कुमार यादव तथा कांस्टेबल जय सिंह चौरसिया भी मौजूद रहे रहे।

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों के साथ सीओ ने की बैठक

**शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ हरीशचन्द्र की अध्यक्षता में थाना सभागार में ग्राहक सेवा केन्द्र/जन सेवा केन्द्र संचालकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में आम जनता को ठगी का शिकार होने व उन्हे पैसों के लेन देन में समस्याओं का सामना करने से बचाने के सम्बन्ध में आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ हरीशचन्द्र ने कहा कि पैसों के लेन देन के सम्वन्ध में ग्राहक सेवा केन्द्र/ध्जन सेवा केन्द्र संचालक रजिस्टर अवश्य बनाएं। अपने जन सेवा केन्द्र का रजिष्ट्रेशन करायें। रजिस्टर में पैसो के लेन देन आधार कार्ड व मोवाइल नम्वर का विवरण अंकित करना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी अन्जान व्यक्ति को पैसा न दें। जनसेवा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगायें । किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना थाने पर तत्काल दें। जिससे जनता को ठगी का शिकार होने से वचाया जा सके। इस दौरान थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सूरज कुमार मद्धेशिया, रामपाल, अरुण चौधरी, तवारक, वीरेंदर, दीपक, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# अभियुक्त को जेल

**कपिलवस्तु** । कपिलवस्तु कोतवाली थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 39/2022 धारा 363, 366, 376 आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित/वारंटी अभियुक्त नजीम अहमद पुत्र अजीम अहमद निवासी बर्डपुर न. 7 टोला विशुनपुर को मंगलवार को उप निरीक्षक शशि प्रकाश सिंह द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



सदर थाने में नगर पालिका के एक बाबू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराने पहुंचे नगर पालिका सिद्धार्थनगर के कर्मचारी।

# नपा के कर्मचारी आपस में भिड़े, बाबू पर केस

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका सिद्धार्थनगर के एक कर्मचारी ने वहां के एक बाबू पर मारने-पीटने व मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बाबू ने जातिसूचक शब्द प्रयोग करते हुए उसकी पिटाई की। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाबू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# एसओ ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

बढ़नी। ढेबरुआ थाने पर मंगलवार को बढ़नी क्षेत्र के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों की बैठक हुई। इसमें थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने सीएसपी संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए सतर्कता बरतने को कहा।

एसओ ने सभी जन सेवा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनसेवा केन्द्र पर पैसा लेनदेन के संबंध में रजिस्टर रखने को कहा जिसमें लाभार्थी/ खाताधारक का आधार नंबर व मोबाइल नंबर कित करें।

अंजान व्यक्ति को पैसा न दें, आधार व मोबाइल नंबर के अंकन के बाद ही लेन देन करें। इस दौरान एसआई रतिश चंचल पांडेय, कौशल पांडेय, आकांक्षा वर्मा, मोनिका, प्रियंका तिवारी, सुभाष प्रजापति, रामगति आदि मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन से कब्जा हटवाया

शोहरतगढ़। क्षेत्र के चिल्हिया कस्बे से गौरा मार्ग पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध कब्जाधारी से नायब तहसीलदार व पीडब्ल्यूडी के जेई ने पुलिस के साथ मिल कर कब्जा मुक्त करा दिया।

अनवर नाम के एक व्यक्ति ने पीडब्ल्यूडी व शोहरतगढ़ एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव को सोमवार को कब्जा हटवाने के लिए शिकायती पत्र दिया था। मामले को संज्ञान में लेकर एसडीएम ने नायब तहसीलदार गौरव कुमार, जेई पीडब्ल्यूडी , राजस्व निरीक्षक व पुलिस फोर्स मंगलवार को भेजा था।

# यातायात पुलिस ने किया 46 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 46 वाहनों को एमवी एक्ट में चालान कर दिया। वाहन स्वामियों से शमन शुल्क के नाम पर 61 हजार रुपये की वसूली भी की गई। सीओ यातायात अखिलेश वर्मा ने बताया कि चेकिंग अभियान शहर के सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, बांसी, डुमरियागंज में चलाया गया।




**एएचटीयू/बाल कल्याण समिति की ओर से मंगलवार को विश्व बाल श्रम निषेद्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।**

# बाल श्रम को लेकर चलाया अभियान

सिद्धार्थनगर। एएचटीयू/बाल कल्याण समिति ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर मंगलवार को बाल श्रम उन्मूलन, नशीले पदार्थ के दुरुपयोग को लेकर शोहरतगढ़ थाना के कोटिया में जागरूकता अभियान चलाया। इसमें कहा गया कि बाल श्रम कराना अपराध है इससे सभी को बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों से श्रम न कराएं।



मंगलवार को शोहरतगढ़ थाने पर जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ संवाद करते सीओ शोहरतगढ़। • हिन्दुस्तान

# जनसेवा केंद्र संचालकों से पुलिस ने की चर्चा

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना पर जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ मंगलवार को पुलिस ने संवाद कर साइबर क्राइम रोकने के लिए बैठक की। उन्होंने कहा कि सजगता व पारदर्शिता से लोग ठगी का शिकार होने से बच सकेंगे। सीओ हरीशचन्द्र, एसओ जयप्रकाश दुबे की मौजूदगी में आयोजित बैठक में ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों से कहा कि पैसे के लेन देन के संबंध में रजिस्टर बनाएं।

# फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने रेप के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपित नजीम अहमद पुत्र अजीम अहमद के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 366अ, 376 व 3/4 पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था।

# विवाहिता से गैंगरेप के दोनों आरोपी गिरफ्तार

खेसरहा, हिन्दुस्तान संवाद। खेसरहा थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता के साथ रविवार दोपहर पास के गांव के दो युवकों ने गैंग रेप किया था। पीड़िता की भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मंगलवार को दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता रविवार की दोपहर गांव के बाहर सागौन के बाग में शौच के लिए गई थी। इस दौरान पड़ोस के गांव देउरी निवास संदीप उर्फ टिंकू पुत्र राम किशोर व सुनील उर्फ सोनू पुत्र जवाहिर ने उसके साथ रेप किया और फरार हो गए। पीड़िता घर पहुंची तो उसने पूरी बात परिवारीजनों को बताई। परिजनों के अनुसार विवाहित मानसिक रूप से कमजोर है। उसे पति ने छोड़ दिया है और वह मायके में ही रहती है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 376 डी के तहत केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खेसरहा थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि गैंगरेप के आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

**जासं, खेसरहा, सिद्धार्थनगर :** थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपितों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 28 वर्षीय विवाहिता बीते रविवार शाम को गांव के दक्षिण तरफ सागौन के बाग में नित्यक्रिया के लिए गई थी। जहां आरोपितों ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ● जागरण

पीड़िता के भाई ने खेसरहा थाने पर तहरीर दी थी। उसी के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को सुबह दस बजे मिली सूचना पर थानाध्यक्ष खेसरहा अशोक कुमार वर्मा की अगुवाई वाली टीम ने देउरी निवासी संदीप उर्फ टिंकू पुत्र रामकिशोर तथा सुनील उर्फ सोनू पुत्र जवाहिर को बेलौहा सेमरा मार्ग स्थित मरवटिया बाजार के आगे पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित भागने की फिराक में थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष खेसरहा ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी

## अमृत योग सप्ताह के तहत शुरू हुआ विशेष शिविर, लोगों ने किया योगाभ्यास



पुलिस लाइन में योग सिखाती प्रशिक्षक डा.संगीता चौहान दाएं डा.रामफेर गिरि ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** अमृत योग सप्ताह के तहत मंगलवार से योग विशेष योग सत्र शिविर का आयोजन शुरू किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में एवं जिला आयुर्वेद एवं यूनानी के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार की देख रेख में आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मानवता के लिए योग 21 जून 2022 को सफल बनाने के लिए जिला अलंकृत उद्यान पार्क में योग अभ्यास का आयोजन किया गया। सदर विधायक श्यामधनी राही ने उद्यान पार्क में योग शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमाशंकर भी मौजूद रहे।

सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि मानवता व बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी को योग को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इससे न सिर्फ व्यक्ति स्वस्थ्य होगा बल्कि पूरे समाज को स्वस्थ बनाने में सहयोग करेंगे। अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने सभी मास्टर ट्रेनर को लोवर व टीशर्ट उपलब्ध कराने को कहा। पुलिस लाइन में भी आयोजन किया गया। यहां पर योग प्रशिक्षक डा. रामफेर गिरि व डा. संगीता ने पुलिस कर्मियों को योग का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उन्हें नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। उद्यान पार्क में आयोजित योग अभ्यास शिविर जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय के संचालन में योग प्रशिक्षक सत्य प्रकाश, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश त्रिपाठी, महेश कुमार जिला स्काउट मास्टर ने योग प्रोटोकाल का अभ्यास करवाया। शिविर में मास्टर ट्रेनर सतेंद्र गुप्ता, माहेश्वरी पाठक , योगेंद्र कुमार,अतुल दुबे, अनूप सिंह, भानु प्रताप, अनिल पांडेय, मुस्तन सेरुल्लाह,बलवंत चौधरी,राकेश जायसवाल, रविन्द्र मिश्रा अभिमन्यु गुप्ता,सालिकराम चौधरी,विजय कुमार, मनोज यादव,शंघशील बौद्ध, नागेंद्र सिंह, शशिकांत पांडेय, अपूर्व श्रीवास्तव,अरुण मणि त्रिपाठी, रामशंकर पांडेय , उदय सिंह, प्रीति, चांदनी, सविता, संगीता चौहान आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### एएसपी ने किया गांव में मार्च दी हिदायत

शोहरतगढ़ : मंगलवार को शाम एएसपी सुरेश चंद रावत ने चिल्हिया थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव गौरा में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि अगर कोई भी कानून व्यवस्था हाथ में लेने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रविवार को गौरा बाजार में दो समुदाय में मारपीट हो गई थी। जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने दोनों तरफ से कुल सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष का नाम नफरत, तैयब, नसीम, नौसाद। दूसरे पक्ष से राकेश, मुकेश एक अज्ञात है। एएसपी ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अगर कानून हाथ में लेने की कोशिश करता है और कोई धार्मिक उन्माद फैलाता है उसके खिलाफ पुलिस कानून का डंडा इस्तेमाल करेगी। (जासं.)

## ग्राहक सेवा केंद्रों पर सीसी कैमरा लगवाएं संचालक

बढ़या : मिश्रौलिया थाने पर पुलिस और क्षेत्र स्थित ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों की बैठक हुई। मुख्य रूप से सभी केंद्र संचालकों को ग्राहक सेवा केंद्रों पर सीसी कैमरा लगाने संबंधित निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी केंद्रों पर सीसी कैमरे लगने चाहिए। इसके अलावा सभी संचालक केंद्रों पर पैसे की लेनदेन से संबंधित रजिस्टर अवश्य रखें। (जासं.)

# क्षेत्राधिकारी ने दिए केंद्रों पर सीसी कैमरा लगवाने के निर्देश

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर : सहज जन सेवा केंद्र के संचालकों के साथ थाना सभागार में सीओ हरिश्चंद्र के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई। सीओ ने कहा कि संचालक अपने-अपने केंद्रों पर सुरक्षा के दृष्टि से सीसी कैमरा लगवाए, रजिस्टर में पैसों के लेन देन आधार कार्ड व मोबाइल नंबर का विवरण जरूर अंकित करें।

कहा कि सीएससी संचालक बड़े रकम के लेनदेन के समय व बैंकिंग कार्य करते समय सतर्क रहें। अपने बीट के सिपाहियों से तालमेल जरूर रखें।उनका मोबाइल नंबर रखें, जिससे किसी अप्रिय घटना पर बीट के सिपाही से तुरंत सहयोग ले सकें। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने कहा कि आजकल आम जनता ठगी का शिकार हो रही है। आये दिन इस तरह के मामले के शिकायत मिलती है। संचालक ठगो से सतर्क रहें। सभी संचालक जन सेवा केंद्र व सहज जन सेवा केंद्र पर सीसी कैमरा लगाने के साथ इसे इनवर्टर से जोड़े जिससे बिजली जाने पर भी कैमरा काम करता रहे। लेन-देन के समय किसी भी व्यक्ति पर संदेह हो तो उस गतिविधि की सूचना तत्काल थाने पर दें। इस दौरान एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, एसआई रविकान्त मणि त्रिपाठी, सीएससी संचालक रामकृपाल, सूरज,कुमार मद्धेशिया, अरुण चौधरी, तबारक अली, वीरेंदर, दीपक सुनील कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

# लेनदेन के समय मोबाइल नंबर अंकित करें : सीओ



शोहरतगढ़ थाने में सीओ ने सीएससी संचालकों के साथ बैठक की। संवाद

## शोहरतगढ़ थाना परिसर में ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों की हुई बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के बैंकों के सीएससी संचालकों की मंगलवार को शोहरतगढ़ थाना के सभागार में सीओ हरिश्चंद्र के नेतृत्व में हुई बैठक में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। सीओ ने कहा कि सबसे पहले सीएससी संचालक अपने-अपने केंद्रों पर सुरक्षा के दृष्टि से सीसी कैमरा लगवाएं। रजिस्टर में पैसो के लेनदेन, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर का विवरण भी अंकित करें।

उन्होंने बताया किसी भी सीएससी संचालक को बड़े रकम की निकासी करनी हो तो जागरूक जरूर रहे। सभी संचालक बैंकिंग कार्य को करते समय सतर्क रहें। सीएससी संचालक अपने-अपने बीट के सिपाहियों से तालमेल जरूर रखे, जिससे कोई भी घटना घटित होगी तो बीट के सिपाही से मदद मिल जाएगी। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने कहा कि आम लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। आए दिन शिकायती पत्र मिल रहे हैं। सभी संचालक सतर्क रहें। किसी भी अंजान व्यक्ति को पैसा न दें। इस दौरान एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी, सीएससी संचालक रामकृपाल, सूरज कुमार मद्धेशिया, अरुण चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बाग की ओर गई मानसिक रूप से कमजोर महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को खेसरहा पुलिस ने मंगलवार को मरवटिया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसओ खेसरहा अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में मायके में रह रही महिला से दो लोगों ने 12 जून दुष्कर्म किया था। मामले में पीड़िता के भाई की तहरीर पर दो लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म व अन्य धाराओं में नामजद केस दर्ज किया गया था। पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। मंगलवार सुबह मुखबिर ने दोनों के मरवटिया पुल के पास मौजूद होने की सूचना दी। बताया कि दोनों कहीं भागने की फिराक में हैं। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस वालों को देख दोनों भागने लगे। जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**कपिलवस्तु।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी करके दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ लिया। थाने पर लाकर पूछताछ किया और फिर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसओ कपिलवस्तु सूर्यप्रकाश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर एक किशोरी को अगवा करके दुष्कर्म करने आरोप में केस दर्ज किया गया था। किशोरी को बरामद करके परिवार के लोगों को सौंप दिया गया था, जबकि आरोपी की तलाश जारी थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

# छेड़खानी का विरोध करने पर दी धमकी

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ कामांध युवक द्वारा की गई छेड़खानी के दौरान युवती के विरोध करने पर आरोपी द्वारा उसे जानमाल की धमकी दी गई। घटना के बाद धनघटा थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर दे दिया जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वह बीते सोमवार की भोर में करीब ढाई बजे जरूरी कार्य से घर से बाहर निकली थी कि बाहर घात लगाकर छिपा आरोपी थाना क्षेत्र के कोड़रा गांव निवासी सुखई पुत्र रामकृत ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी के इस कृत्य का विरोध करते हुए शोर मचाने लगी तो पकड़े जाने के भय से आरोपी उसे जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 ख व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# हत्या के प्रयास में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** जिले में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों/ थानाध्यक्षों को दिए गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर उ.नि. राजेश यादव ने बताया कि अभियुक्तगण राकेश एवं सुरेश पुत्रगण प्रह्लाद निवासीगण तितौवा थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्तों द्वारा एकराय होकर अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर 13 जून को वादी खुर्शीद आलम पुत्र हाजी वाजिद अली निवासी मोहल्ला तितौवा थाना कोतवाली खलीलाबाद को जान से मारने की नीयत से हमला करके हंसुआ से प्रहार किया गया था। इस संबंध में पीड़ित द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मंगलवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस के उ.नि. राजेश यादव ने कां. प्रमोद यादव, कां. सोनू यादव के साथ उक्त घटना में वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# ट्रैक्टर-ट्राली बरामद अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। चोरी के दो अदद ट्रैक्टर-ट्राली बरामद कर अंतर्जनदीय अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली की बरामदगी के आधार पर थाना धनघटा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 228/2022 धारा 379/ 411/ 413 भादवि व थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 132/2022 धारा 379 भादवि का सफल अनावरण



किया है। मंगलवार को पुलिस लाइन्स सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी सोनम कुमार ने बताया कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक धनघटा कृष्णदेव सिंह व प्रभारी निरीक्षक एसओजी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आज मुखबिर की सूचना पर रामपुर बारहकोनी से दो मार्च 22 की मध्य रात्रि को चोरी गए ट्रैक्टर ट्राली को बेचने हेतु अम्बेडकरनगर ले जाते समय उमरिया बाजार के पास से ट्रैक्टर ट्राली सहित अभियुक्त अतुल पुत्र अम्बिका निवासी कैराडीह थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर ट्रैक्टर-ट्राली को कताई मिल मगहर के पास से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि नारायण उर्फ देवेश, आत्मा साहनी व मेरे द्वारा दो मार्च 22 की मध्य रात्रि में रामपुर बारहकोनी से ट्रैक्टर ट्राली चोरी किया गया था जिसे आज बेचने के लिए अम्बेडकर नगर ले जा रहा था। साथ ही 26 मई 22 को हम तीनों लोगों द्वारा मिलकर कुसौरा कलवारी क्षेत्र से ट्रैक्टर चोरी किए थे जिसके सम्बन्ध में जनपद बस्ती पुलिस द्वारा मेरे दो साथियों नारायण उर्फ देवेश व आत्मा साहनी को जनपद बस्ती पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि दिनांक 01/02-06-2022 की रात्रि में एक ट्रैक्टर-ट्राली तहसील रोड, सहजनवां जनपद गोरखपुर से चोरी किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्णदेव सिंह, उ.नि. राजेश कुमार मिश्र, हे.कां. प्रदीप सिंह, कां. प्रवीण तिवारी, कां. अभिषेक कुमार, कां. प्रशांत विक्रम सिंह, एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक एसओजी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, हे.कां. विनोद यादव, कां. ऋषिवेद तिवारी, कां. मुनीर अहमद, कां. रमेश यादव, कां. अभिषेक सिंह, कां. प्रदीप कुशवाहा, कां. अभय उपाध्याय को एसपी ने बधाई दी है।

# एसपी ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

संतकबीरनगर (एसएनबी)। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद स्थित ब्लड बैंक पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने फीता काटकर



किया। रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है क्योंकि रक्त कोई उत्पाद वस्तु नहीं है इसकी आपूर्ति केवल रक्तदान से ही हो सकती है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि बहुत से लोग रक्तदान करने से डरते हैं। उन्हें लगता है कि रक्त देने से उनके शरीर में रक्त की कमी हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। रक्तदान करने से शरीर में कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाने का उद्देश्य रक्तदान को प्रोत्साहन देना एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। एसपी ने रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और लोगों से अपील किया

### डीएम ने जनपद को आठ सेक्टरों में बांटा, क्षेत्र में उपद्रवी लोगों पर रहेगी विशेष नजर

# सेक्टर प्रणाली से क्राइम कंट्रोल करेगी पुलिस

**पहल**

- सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ उसी स्तर के अधिकारी रहेंगे तैनात
- डीएम ने नई व्यवस्था बनाई, अपर एसडीएम बने नोडल अधिकारी

■ राहुल राय

संतकबीरनगर। जिले की निगहबानी सेक्टर प्रणाली से होगी। पहले से जनपद में लागू प्रभारी व्यवस्था से यह व्यवस्था बिल्कुल अलग रहेगी। इसके लिए जिले को तीन जोन और आठ सेक्टर में बांट दिया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही उनके समकक्ष के पुलिस अधिकारी की ड्यूटी लगाई जा रही है। फोर्स के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सभी सक्रिय रहेंगे।

पूरी व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अपर एसडीएम को इसका नोडल बनाया गया है, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। कानपुर सहित कई जनपदों के उपद्रव के बाद से ही प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। जुमे की नमाज के दिन तो पहले से ही सेक्टर व्यवस्था प्रभावी थी। लेकिन अब इसे अग्रिम आदेश तक के लिए कर दिया गया है। अब पूरे जिले की निगहबानी पुलिस के साथ ही मजिस्ट्रेट भी करेंगे। सभी थाना को सेक्टर बनाया गया है। प्रशासनिक अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है।

> जनपद में सेक्टर प्रणाली लागू किया गया है। जिले को तीन जोन, आठ सेक्टर और नौ सह सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस फोर्स के साथ मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। अब क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी मजिस्ट्रेट की होगी।
>
> दिव्या मित्तल, जिलाधिकारी



थानाध्यक्ष सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ क्षेत्र की शांति व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधि से तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते रहें। उपद्रवी और शरारती किस्म के लोगों पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। एक-एक गतिविधि पर मजिस्ट्रेट की नजर रहेगी। सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट के साथ ही नोडल मजिस्ट्रेट को रिपोर्टिंग करेंगे।

**प्रत्येक सप्ताह होगी शांति कमेटी की बैठक:** अब केवल त्योहारों से पहले ही नहीं बल्कि हर सप्ताह शांति कमेटी की बैठक होगी। बैठक में मजिस्ट्रेटों के अलावा धर्मगुरु, क्षेत्र के सभ्रांत लोग शामिल होंगे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनसे अपील की जाएगी। सभी थाना स्तर के साथ ही जिला मुख्यालय पर भी बैठक होगी।

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर**

सोशल मीडिया की हर गतिविधि पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। कोई भी यदि भड़काऊ पोस्ट करता है तो तत्काल उसके विरुद्ध कार्रवाई भी होगी। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम से लेकर सभी साइटों की निगरानी के लिए टीम को लगाया गया है।

## तीन जोन, आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

जनपद को तीन जोन, आठ सेक्टर में बांटा गया है। इसके अलावा नौ अतिरिक्त सेक्टर भी बनाया गया है। मेंहदावल, खलीलाबाद और धनघटा तीन जोन बनाए गए है। तीनों एसडीएम जोनल मजिस्ट्रेट होंगे। सभी थाना को सेक्टर बनाया गया है। ईओ मेंहदावल को मेंहदावल सेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। धर्मसिहवा की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार, बेलहर कला की तहसीलदार मेंहदावल, बखिरा की तहसीलदार खलीलाबाद, दुधारा का सेक्टर मजिस्ट्रेट नयाब तहसीलदार खलीलाबाद, कोतवाली खलीलाबाद का ईओ नगर पालिका और धनघटा का तहसीलदार धनघटा व महुली का नायब तहसीलदार धनघटा को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ थानाध्यक्ष रहेंगे। वहीं सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ चौकी प्रभारी अथवा हल्का दरोगा फोर्स के साथ मुस्तैद रहेंगे।

# रक्तदान कर जीवन को बचाने का लिया संकल्प




सीएचसी खलीलाबाद में विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर मंगलवार को एसपी सोनम कुमार व एडीएम मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में लोगों ने रक्तदान किया

## रक्तदाता दिवस

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मंगलवार को ब्लड बैंक खलीलाबाद पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन एसपी सोनम कुमार, एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त तमाम जिंदगियों को बचाने के काम आता है।

उन्होंने कहा कि रक्त कोई उत्पादन वस्तु नहीं है इसकी आपूर्ति केवल रक्तदान से ही हो सकती है। लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि बहुत से लोग रक्तदान करने से डरते हैं। उन्हें लगता है कि रक्त देने से उनके शरीर में रक्त की कमी हो जाएगी और कमजोरी आ जाएगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। रक्तदान से शरीर में कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान 25 लोगों ने पहुंचकर रक्तदान किया। इसमें आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के अमित जैन, कैलाश पति रुंगटा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 83 वाहनों का चालान कर वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद की पुलिस 83 वाहनों का चालान कर 85 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया। अभियान में सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहनों की जांच की गई। संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए कड़ी चेतावनी दी। इस दौरान 83 वाहनों का चालान करते हुए उनसे 85 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया।

# हर्ष फायरिंग के दो आरोपी पकड़े गए

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के औराडांड़ में रविवार की रात में हुई हर्ष फायरिंग में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त अवैध कट्टा और एक कारतूस बरामद कर लिया गया।

औराडांड़ निवासी कृष्णमोहन सिंह ने पुलिस को सूचना दिया कि उनके ही गांव के रघुवीर यादव के बहन की शादी में आर्केस्ट्रा की नाच देखने गया था। इसी दौरान धीरज यादव, फनफन यादव आदि ने कट्टे से फायर कर दिया। उनके भतीजे राज सिंह के दाहिने पैर में गोली लग गयी। प्रकरण में पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को सूचना पर पुलिस ने तिघरा मोड़ के पास से अभियुक्त धीरज यादव निवासी औराड़ांड़ व फनफन उर्फ शिवम यादव निवासी बहादुरपुर थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# एंटीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

संतकबीरनगर। महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानों पर गठित एंटीरोमियो स्क्वायड ने पूरे जिले में अभियान चालाया। क्षेत्र के स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर आदि के आस-पास चेकिंग करते हुए शोहदों को चेतावनी दी। बालिकाओं, महिलाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया।

# प्रॉपर्टी डीलर के हमलावर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कार्रवाई**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्तों को मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपितों के विरुद्ध सोमवार की रात को मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

अभियुक्त राकेश व सुरेश पुत्रगण प्रह्लाद नवासी तितौवा ने प्रापर्टी डीलर खुर्शीद आलम पर जान से मारने की नियत से सोमवार को हमला कर दिया। इस घटना में खुर्शीद को काफी चोटें आईं।

स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद विवाद को शांत कराया था। पुलिस ने खुर्शीद की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर आरोपितों की तलाश शुरू कर दिया था। मंगलवार को दोनों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया गया।

# 83 वाहन चालकों से 85 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद के थानों के पुलिस कर्मियों ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से मंगलवार को सरकारी अस्पतालों, बैंक शाखा परिसर के पास, सार्वजनिक स्थान जगहों पर वाहनों की जांच की। जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 83 वाहन चालकों से 85 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# शांतिभंग की आशंका में 13 लोग गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर: जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने मंगलवार को शांति भंग की आशंका में कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दुधारा व बखिरा पुलिस ने दो-दो, बेलहरकला पुलिस ने छह तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें से कुछ लोग भूमि को लेकर तो कुछ लोग मामूली विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस गांव में पहुंची।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : बीते 13 मई को तितौवा में एक व्यक्ति पर हंसिया से प्रहार करके जान से मारने का प्रयास किया गया। इस मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कोतवाली पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी।

कोतवाली प्रभारी विजय नरायन प्रसाद ने बताया कि आरोपित राकेश व सुरेश पुत्रगण प्रहलाद निवासी तितौवा को पुलिस टीम ने गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया।



# अंतरजनपदीय चोर को पुलिस ने दबोचा



पुलिस की पकड़ में आए अंतरजनपदीय चोर की गिरफ्तारी का मंगलवार को एसपी सोनम कुमार ने खुलासा किया। • हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद की एसओजी व धनघटा पुलिस टीम ने अन्तर्जनपदीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। चोर की निशानदेही पर दो ट्रैक्टर की भी बरामदगी हुई। एसपी सोनम कुमार ने मंगलवार प्रेस वार्ता करते हुए गिरफ्तार चोर और बरामद सामान की जानकारी दी। गिरफ्तार चोर को जेल भेज दिया गया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि पिछले दो मार्च को धनघटा थाना क्षेत्र के रामपुर बारहकोनी से मध्य रात्रि में एक ट्रैक्टर चोरी हो गया था। एसओजी और पुलिस टीम को सूचना मिली कि ट्रैक्टर को मंगलवार को चोर बेचने के लिए अंबेडकरनगर ले जा रहा है। घेराबंदी करते हुए उमरिया बाजार के पास से चोर अतुल निवासी कैराडीह, थाना हरपुर बुदहट को ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसकी निशान देही पर सहजनवा से दो जून को चोरी हुए ट्रैक्टर ट्राली को मगहर कताई मिल के पास से बरामद किया गया।

**अभियुक्त ने दो अन्य साथियों की दी जानकारी:** पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि नारायण उर्फ देवेश, आत्म साहनी व मेरे द्वारा दिनांक दो मार्च की मध्य रात्रि में रामपुर बारहकोनी से ट्रैक्टर ट्राली चोरी की गई थी उसे बेचने के लिए अंबेडकरनगर ले जा रहा था। साथ ही 26 मई को हम तीनों लोगों ने मिलकर कुसौरा कलवारी क्षेत्र से ट्रैक्टर चोरी किया था।

इस मामले में बस्ती पुलिस ने दोनों साथियों नारायण उर्फ देवेश व आत्म साहनी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

# चोरी की दो ट्रैक्टर-ट्राली बरामद, आरोपित गिरफ्तार

- विभिन्न जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था आरोपित
- गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी लेकर गिरफ्तार करने में जुटी पुलिस

जासं, संतकबीर नगर : मंगलवार का दिन जिले की पुलिस के लिए उपलब्धियों भरा रहा। हर्ष फायरिंग के दो आरोपितों को तमंचा के साथ गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की दो ट्रैक्टर-ट्राली बरामद करने में पुलिस सफल रही। ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले में अंतरजनपदीय गिरोह के सरगना को भी पुलिस ने दबोच लिया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि जनपद में चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए प्रभारी निरीक्षक धनघटा कृष्णदेव सिंह व प्रभारी निरीक्षक एसओजी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम के सदस्यों ने रामपुर-बारहकोनी से बीते दो मार्च को चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्राली को बेचने के लिए अम्बेडकर नगर ले जाने के दौरान उमरिया बाजार के पास से पकड़ लिया। ट्रैक्टर चालक की पहचान अतुल पुत्र अम्बिका निवासी कैराडीह थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। अंबिका की निशानदेही पर गोरखपुर के सहजनवां से चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्राली को कताई मिल मगहर के पास से बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि उसका एक गिरोह है, जो पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने का कार्य करता है। उसके दो साथी बस्ती पुलिस की पकड़ में आने के बाद जेल में हैं। पुलिस गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी लेकर उन्हें जेल भेजने की तैयारी में जुटी है।

## बहन के घर विवाद सुलझाने गए भाई पर चाकू से हमला

धनघटा : गागरगाड़ निवासी व्यक्ति के बहन की शादी बंडा बाजार में हुई है। उसकी बहन से ससुराल के लोग कहासुनी कर रहे थे। उसके घर मायके के लोग पहुंचे तो विवाद बढ़ गया। विवाहिता के भाई पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में ससुराल पक्ष के भी चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने नौ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। धनघटा थाने पर दी गई तहरीर में गागरगाड़ निवासी संजय पुत्र हरीराम ने लिखा है कि उनके बहन की शादी बंडा बाजार निवासी बबलू के साथ हुई है। बहन के ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित कर रहे थे। बहन ने इसकी जानकारी दी तो समझौता करवाने के लिए वह बहन के घर पहुंचे। बहन के ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें गाली देना शुरू कर दिया, मना करने पर मारपीट करने लगे। उन्हें चाकू मार दिया गया। तहरीर पर पुलिस ने बंडा बाजार निवासी राम संवारे, चंद्रावती, गुंजा, महादेव, प्रमोद संतोष, अरुण, रवि, नंदलाल के ऊपर प्राणघातक हमला, गाली, जानमाल की धमकी देना, बलवा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर राम संवारे, प्रमोद, संतोष, अरुण रवि, नंदलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हर्ष फायरिंग के दो आरोपित गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : धनघटा के औराडांड़ गांव में रविवार को वैवाहिक कार्यक्रम में नाच देखने के दौरान हर्ष फायरिंग में किशोर को गोली लग गई थी। रघुवीर यादव पुत्र राम तीरथ यादव की बहन की तहरीर पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी।

एसपी सोनम कुमार ने मंगलवार को कहा कि घटना के बाद तत्काल आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई। टीम के सदस्यों ने मंगलवार को धनघटा क्षेत्र के तिघरा मोड़ के पास से अवैध असलहे से हर्ष फायरिंग करने के आरोपित धीरज पुत्र रामरेश निवासी औराडांड़ व फनफन उर्फ शिवम यादव पुत्र रविन्द्र यादव निवासी बहादुरपुर, थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान फनफन यादव के पास से अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्यामदेव, कांस्टेबल दीपनरायन शर्मा, रघुवंश यादव, गुरफान अहमद, संजीत कुशवाहा व दीपक यादव शामिल रहे।



पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते एसपी सोनम कुमार (मध्य में) • जागरण



खलीलाबाद सीएचसी स्थित ब्लड बैंक में अमर उजाला के रक्तदान शिविर में शामिल एसपी और एडीएम।



ब्लड बैंक में रक्तदान करने के बाद रक्तदाता को प्रमाणपत्र देते एसपी। संवाद

# शिविर में 25 लोग रक्तदान कर बने महादानी

## रक्तदान करने वाले लोगों को एसपी, एडीएम और एएसपी ने प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित





अमर उजाला के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को एसपी और एडीएम ने प्रमाणपत्र दिया। रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते एसपी और एडीएम। संवाद

स्वेच्छा से किए गए रक्तदान से जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है

AMAR UJALA FOUNDATION

कम तीन से चार बार रक्तदान कर

# ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह के गुर्गे गिरफ्तार

## धनघटा के रामपुर बारहकोनी और सहजनवा से चोरी हुए दो ट्रैक्टर बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह के एक गुर्गे को मंगलवार को धनघटा और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने उमरिया बाजार के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने धनघटा और सहजनवा क्षेत्र से चोरी गए दो ट्रैक्टर बरामद किए। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए चोर ने घटना में शामिल अपने दो अन्य साथियों के नाम भी बताए।

एसपी सोनम कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि एसओ केडी सिंह और एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने सूचना के आधार पर उमरिया बाजार के पास से चोरी के ट्रैक्टर के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान अतुल निवासी कैराडीह, थाना हरपुर

**दो गुर्गे पूर्व में कलवारी क्षेत्र से ट्रैक्टर चोरी के मामले में पकड़े गए थे**

बुदहट, जिला गोरखपुर के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि बरामद ट्रैक्टर-ट्रॉली को उसने अपने सहयोगी नारायण उर्फ देवेश और आत्मा साहनी के साथ मिलकर दो मई की रात रामपुर बारहकोनी से चुराया था। चोरी के ट्रैक्टर-ट्रॉली को बेचने के लिए आंबेडकरनगर ले जा रहा था और पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने दोनों सहयोगियों के साथ मिलकर 26 मई को कुसौरा, कलवारी, जिला बस्ती से चोरी की थी। बस्ती पुलिस ने उसके दो साथी नारायण उर्फ देवेश और आत्मा साहनी को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में पकड़े गए चोर ने बताया कि 1/2 जून की रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तहसील रोड सहजनवा जिला गोरखपुर से चोरी की थी। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कताई मिल मगहर के पास से चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया।

आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसओ धनघटा कृष्णदेव सिंह, एसआई राजेश कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, कांस्टेबल प्रवीन तिवारी, कांस्टेबल अभिषेक कुमार, कांस्टेबल प्रशांत विक्रम सिंह के अलावा एसओजी टीम के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद यादव, कांस्टेबल ऋषिवेद तिवारी, कांस्टेबल मुनीर अहमद, कांस्टेबल रमेश यादव, कांस्टेबल अभिषेक सिंह, कांस्टेबल प्रदीप कुशवाहा, शामिल रहे।

# बरात में हर्ष फायरिंग करने के दो आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा व कारतूस बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र के औराडाड़ में आई बरात में ऑर्केस्ट्रा के दौरान कट्टे से हर्ष फायरिंग करने से किशोर घायल हो गया था। पुलिस ने इस मामले के दो आरोपियों को तिघरा मोड़ के पास से मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए एक आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कट्टा-कारतूस बरामद किया। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

एसपी सोनम कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि औराडाड़ में 12/13 जून की रात रघुवीर यादव की बहन की शादी थी। इसमें ऑर्केस्ट्रा में कलाकार नृत्य कर रहे थे। औराडाड़ निवासी कृष्ण मोहन सिंह का आरोप है कि उनके छोटे भाई दुर्गविजय सिंह का 14 वर्षीय बेटा राजसिंह गांव निवासी साथियों के साथ ऑर्केस्ट्रा देख रहा था।



हर्ष फायरिंग के आरोपी।

आरोप है कि उसी दौरान चार लोग कट्टे से फायरिंग करने लगे। फायरिंग की आवाज सुनकर कृष्ण मोहन सिंह भी मौके पर पहुंच गए। उनको देखकर उनका भतीजा भी पास आकर खड़ा हो गया।

आरोप है कि कृष्ण मोहन सिंह को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। इसमें वह बाल-बाल बच गए और भतीजा राज सिंह के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल भतीजे को पहले सीएचसी मलौली और फिर रेफर किए जाने पर जिला अस्पताल ले गए। इस मामले में पुलिस ने औराडाड़ निवासी सुनील, धीरज यादव, फनफन यादव और प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। एसपी ने बताया कि एसओ धनघटा केडी सिंह ने सूचना के आधार पर घटना के आरोपी धीरज निवासी औराड़ाड थाना धनघटा और फनफन उर्फ शिवम यादव निवासी बहादुरपुर थाना बेलघाट को तिघरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में पकड़े गए आरोपी फनफन उर्फ शिवम यादव के पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा व कारतूस बरामद हुआ।

पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया। जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई श्यामदेव, कांस्टेबल दीपनरायण शर्मा, कांस्टेबल रघुवंश यादव, कांस्टेबल गुरफान अहमद, कांस्टेबल संजीत कुशवाहा, कांस्टेबल दीपक यादव का सहयोग रहा।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-06-2022

# हत्यारोपी भतीजे को गिरफ्तार किया

करनैलगंज। गनवलिया गांव में सोमवार को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी आकाश शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा बरामद किया है। आरोप है कि आकाश ने अपने पड़ोसी चाचा भरतराम शुक्ला पुत्र देवीदत्त को उनके सिर पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया था।

# गुमशुदा महिला को परिजनों को सुपुर्द किया

गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र के धनईपट्टी निवासी एक युवक ने बीते मई माह में सूचना दी थी कि उसकी पत्नी नाराज होकर कहीं चली गयी है। इस पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की शीघ्र बरामदगी के लिए टीमें गठित की गयी थीं। देहात कोतवाल कमलाकान्त त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार को गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। इसके बाद परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटी।

# ढक्कन चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। मनकापुर पुलिस ने चोरी करने के आरोपी ग्राम मिश्रौलिया निवासी ऊदल पुत्र जयलाल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से गटर का ढक्कन (50 बरामद किया गया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मनकापुर आईटीआई से गटर का ढक्कन चोरी किया था। इस पर आईटीआई के उपमहाप्रबन्धक संजीव अरोड़ा ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है।

# संयुक्त टीम ने बाल श्रम से पांच बच्चों को छुड़ाया, केस

गोण्डा, संवाददाता। श्रम विभाग विशेष किशोर पुलिस इकाई एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने बालश्रम उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जानकी नगर स्थित बेकरी पर छापा मारा। यहां से तीन बालक व चौक बाजार से दो बालकों को कार्य से मुक्त कराए गए।

सभी बालकों का चिकित्सकीय परीक्षण व कोरोना टेस्ट कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उसके बाद नियोजकों के विरूद्ध बालश्रम उन्मूलन अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। संयुक्त टीम में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार, चाइल्डलाइन प्रभारी आशीष मिश्रा, टीआरपी (नया सवेरा) चंद्रेश यादव व सहाब अहमद, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा, बबीता सिंह, महिला आरक्षी सरिता, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# सड़क जाम करने के आरोप में पांच पर केस

## कार्रवाई

कटराबाजार/करनैलगंज, संवाददाता। पिछले हफ्ते हुए दुर्घटना में गुस्साए लोगों द्वारा किया गया सड़क जाम पांच को महंगा पड़ गया। स्थानीय पुलिस ने पांच लोगों को गम्भीर धाराओ में मुकदमा पंजीकृत करते सभी को न्यायालय रवाना कर दिया।

प्रभारी थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने बताया कि पिछले सप्ताह करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर जोगिन पुरवा निन्दूरा निवासी जफरुल 52 वर्षीय की सड़क पार करते समय क्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जिसपर गांव वालों ने सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया था। पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी व्यक्त की थी। मंगलवार को समीर खा पुत्र कलीम, अमजद खा पुत्र दिलावर, फैजल खां पुत्र मुंशी रजा, महबूब खां पुत्र कल्लू व जहावर खां पुत्र निशार अहमद निवासी निन्दूरा जौगिनपुरवा थाना कटरा बाजार को गिरफ्तार किया गया। एसओ चितवन कुमार ने बताया कि सड़क जाम करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है।

**ग्रामीणों का आरोप- पुलिस ने कई फर्जी लोगों के नाम एफआईआर में किया शामिल :** निदूंरा गांव के कुछ लोगों का आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर में बीच बचाव कर रहे लोगों व छात्रों का नाम भी शामिल कर लिया है। जिसकी न तो पुलिस के पास वीडियो है और न ही कोई साक्ष्य।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर रोष, ज्ञापन सौंपा

गोण्डा। आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में मुस्लिम समाज के लोगों को मंगलवार को मदरसा मीनाईया में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

मीनाईया के सज्जादानशीन अल्हाज हसन सईद की अगुआई में गुलामाने औलिया-ए-कराम के बैनर तले समाज के लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर डॉ लायक अली खां ने कहा है कि टीवी चैनल पर दिए गए अमर्यादित बयान से पूरी हमें ठेस पहुंची है। फकीर मोहम्मद, वली मोहम्मद, मेंहदी रज़ा, मुश्ताक कुरैशी रहे।

# पुलिस लाइन में योग महोत्सव शुरू

गोण्डा, संवाददाता। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में आयुष विभाग की ओर से योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। पहले दिन डीएम डॉ उज्जवल कुमार, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीडीओ गौरव कुमार ने किया। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ पुलिस कर्मियों और आम जनमानस को भी योग का अभ्यास करवाया।



मंगलवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में योगाभ्यास करते डीएम-एसपी व अन्य।

जिलाधिकारी ने कहा कि योग हमारे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो मानव को जीवन जीने की कला सिखाती है। एसपी ने कहा कि योगाभ्यास एक ऐसी क्रिया है जो आपको स्वस्थ और निरोगी रखने में पूरी तरह से मदद करती है। सीडीओ गौरव कुमार ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

## गायब हुई विवाहिता को पुलिस ने किया बरामद

खरगूपुर। एक पखवाड़े पूर्व ससुराल से गायब हुई विवाहिता को पुलिस ने ढूढ़ निकाला। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत नौशहरा के परसापुर से एक विवाहिता 2 जून को रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। उसके ससुर ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला को उसके मायके कोचा कासिम थाना कर्नैलगंज से बरामद किया है।

## प्रेमी संग प्रेमिका फरार, मुकदमा दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र की एक नवयुवती अपने प्रेमी के साथ सोमवार की रात को घर से फरार हो गई। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र छठ्ठी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश की जा रही है।

## अपशब्द कहने से मना करने पर मारपीट, केस

रुपईडीह। उसरैना मे कुछ लोगों के अपशब्द पर महिला के मना करने पर गांव के ही दो लोगों ने उसे मारा-पीटा। जिसकी शिकायत महिला ने पुलिस से की। आरोप है कि आरोपी अक्सर लोगों को अपशब्द कहते हैं। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र के उसरैना गांव के स्वाति चौधरी पुत्री पत्नी ओमप्रकाश के शिकायत पर गांव के दो लोगों पर मारने पीटने की प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# दबंगों ने मां और बेटे को पीटा पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

धानेपुर। जानकीनगर गांव में खेत में लगे बोरिंग पर इंजन लगाने का विरोध करने से आक्रोशित दबंगों ने मां-बेटे को जमकर पिटाई की। एसओ ने बताया कि पिता-पुत्र समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुर माफी की रहने वाली महिला सावित्री देवी पत्नी रामायण प्रसाद के मुताबिक 12 जून की शाम को तकरीबन 6 बजे उसके गांव के रहने वाले विपक्षीगण उनके खेत में स्थित बोरिंग पर जबरदस्ती इंजन लगा रहे थे। बोरिंग पर जब इंजन लगाने से रोका तो विपक्षी गाली गलौज देने लगे। इसका विरोध करने पर विपक्षियों ने मूका ,थप्पड़ लात व घूसा से मारा पीटा। महिला का आरोप है कि उसके पेड़ू पर लात मार कर गिरा दिया जिससे काफी चोटें आई हैं। हो-हल्ला सुनकर बचाव में आए उनके बेटे मनोज तिवारी को भी दबंगों ने लात घूसों से पीट डाला। महिला की शिकायत पर चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया।

# पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द कायम रखने पर जोर

गोण्डा। डीएम डा. उज्ज्वल कुमार और एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने मंगलवार को नगर कोतवाली में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक ली। इसमें दोनों अफसरों ने सभी धर्मों के धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों को जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए बधाई दी। साथ ही शुक्रवार को भी नमाज के दौरान सौहार्द बनाए रखने की अपील की। सटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, निरीक्षक एलआईयू, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर भी मौजूद रहे।

# ससुराल से गायब युवती को पुलिस ने किया बरामद

संवादसूत्र, खरगूपुर : ससुराल से गायब हुई युवती को पुलिस ने दस दिन बाद उसके मायके से बरामद कर लिया है। ससुर ने बहू के गायब होने के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने कहा कि युवती को उसके मायके कर्नलगंज के ग्राम कासिमपुर से बरामद कर लिया गया। युवती को परिवारजन के सिपुर्द कर दिया गया है।

# बालश्रम से मुक्त कराए गए पांच बच्चे

संसू, गोंडा : श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने शहर में छापेमारी करके पांच बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने कहा कि मंगलवार को शहर में विशेष अभियान चलाया गया। टीम ने जानकीनगर स्थित बेकरी निर्माण इकाई में छापा मारकर तीन बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया। चौकबाजार में भी दो बच्चे छुड़ाए गए। बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण व कोरोना टेस्ट कराकर बाल कल्याण समिति गोंडा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार, चाइल्डलाइन प्रभारी आशीष मिश्र, आदि शामिल रहे।

# दस दिन में गिरफ्तारी नहीं तो आमरण अनशन

संसू, गोंडा : भूमि विवाद में पिटाई के कारण महिला ने गर्भपात होने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। दस दिन में कार्रवाई न होने पर डीएम आवास के सामने आमरण अनशन की चेतावनी दी गई है।

कोतवाली देहात के एक गांव में भूमि विवाद को लेकर एक सप्ताह पूर्व मारपीट हुई थी। पीड़िता के मुताबिक पुलिस ने पहले रिपोर्ट नहीं लिखी। सीओ लक्ष्मीकांत गौतम के हस्तक्षेप पर मामले में एनसीआर दर्ज की गई। पीड़िता के मुताबिक पिटाई से घायल होने के कारण तीन माह के बच्चे का गर्भपात हो गया। मामले में आरोपितों के गिरफ्तारी की मांग की गई है। पीड़िता ने 24 जून तक कार्रवाई न होने पर डीएम आवास के सामने आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर बीमारी से बचाता है योग



पुलिस लाइंस स्थित मैदान में योगाभ्यास करते एसपी संतोष कुमार मिश्र, डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व सीडीओ गौरव कुमार दाएं से ● जागरण

संसू, गोंडा: मंगलवार से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सात दिवसीय अमृत योग सप्ताह शुरू किया गया है। इसमें पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड समेत नौ स्थलों पर विशेष शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास के बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में आयोजित योग शिविर में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इससे बीमारी से बचाव होता है। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भी प्रतिदिन योग, व्यायाम करने से हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं। एसपी संतोष कुमार मिश्र व सीडीओ गौरव कुमार ने भी योग के महत्व पर जानकारी दी। योग प्रशिक्षक सुधांशु द्विवेदी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को योग का अभ्यास कराया।

**07** दिवसीय अमृत योग सप्ताह शुरू, शिविर में दी गई जानकारी

इसके अतिरिक्त पीएसी लाइन, एलबीएस महाविद्यालय, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज, विकास भवन प्रांगण, गांधी पार्क, राजकीय बालिका इंटर कालेज, फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एससीपीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज हारीपुर, सर्किट हाउस सहित समस्त तहसीलों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को योगाभ्यास के फायदे बताए गए।

# हत्या आरोपित गिरफ्तार

कर्नलगंज : मौहर के गनवलिया गांव निवासी आरोपित आकाश शुक्ल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चाचा भरतराम शुक्ल सिर पर कुदाल से मार दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस उसके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। (संसू)

# किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

परसपुर : किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरी शौच के लिए खेत गई थी। वही दूसरी तरफ एक अन्य किशोरी का अपहरण हुआ है। पुलिस ने दोनों मामलों में छह्र आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। मधईपुर कुर्मी के भया पुरवा निवासी मन्नन व अपहरण के आरोपित बहुअन मदार मांझा निवासी मनोज यादव, ननकू यादव, पवन यादव रेकसडिया गांव निवासी लल्लू यादव व दृगपाल यादव समेत छह्र लोगों पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# मारपीट में 15 पर मुकदमा

संसू, परसपुर : रग्घू पुरवा गांव में मक्के के खेत में बकरी चली जाने को लेकर मारपीट हो गई। इसमें शिवपता, रेखा, बबलू व रीमा समेत छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्ष से आठ लोगों पर मुकदमा किया है। मलावं गांव निवासी वासुदेव शर्मा व उनकी पत्नी रेनू को गांव निवासी डब्लू, सरवन व रामबाबू शर्मा ने पिटाई की। बहुअन मदार मांझा के सुकई पुरवा गांव निवासी सुनीता यादव को गांव निवासी नरेश, शिवबहादुर, हंसराज व मंशाराम ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसमें मुकदमा हुआ है।

## मारपीट में दो गिरफ्तार

आर्यनगर : मारपीट करने के मामले में कौड़िया के नकटी पुरवा रामापुर निवासी राजेश पासवान व बाबूलाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि पकड़े गए आरोपितों को न्यायालय भेजा गया है। (संसू)

## दबंगों ने महिला को पीटा

आर्यनगर : आपसी विवाद के चलते कौड़िया के उसरैना गांव निवासिनी स्वाति चौधरी को कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घटना की प्राथमिकी उन्होंने गांव के ही बसंत लाल सहित दो लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि तहरीर मिली है। (संसू)

# मिशन शक्ति अभियान से स्वावलंबी हो रहीं महिलाएं

गोंडा। मंगलवार को मिशन शक्ति 4.0 अभियान से 16 ब्लाकों में महिला कल्याण विभाग ने महिला बाल विकास एवं पुष्टहार विभाग के सहयोग से स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन किया गया। छपिया में खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा ने कैम्प का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हो रहा है। एडीओ आईएसबी इंदल प्रसाद, परामर्शदाता जितेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे। वजीरगंज में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जेपी यादव, पंडरीकृपाल में संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा व झंझरी में महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह ने कैम्प आयोजित किया गया। संवाद

# पंपिंग सेट लगाने के विरोध पर मां-बेटे को पीटा, केस दर्ज

**मुजेहना (गोंडा)।** बोरिंग पर पंपिंग सेट लगाने का विरोध करने से आक्रोशित दबंगों ने मां-बेटे की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुर माफी की रहने वाली सावित्री देवी के मुताबिक 12 जून की शाम को तकरीबन छह बजे उसके गांव के रहने वाले विपक्षी उनके खेत में स्थित बोरिंग पर जबरदस्ती पंपिंग सेट लगा रहे थे। उसने रोका तो आरोपी गाली देने लगे और मारा पीटा। महिला का आरोप है कि उसके पेट पर लात मारा गया, जिससे काफी चोटें आई हैं। बचाव में आए उनके बेटे मनोज तिवारी को भी दबंगों ने लात घूसों से पीट गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला की शिकायत पर गांव निवासी राधेश्याम तिवारी, उनकी पत्नी रीता व बेटे रोहित तिवारी, अरविंद तिवारी व विकास तिवारी के खिलाफ मारपीट करने व जानमाल की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। संवाद

# पिटाई में चार पर मुकदमा

वजीरगंज (गोंडा)। क्षेत्र के परसापुर महडौर निवासी रविंद्र कुमार ने थाने में तहरीर दी है। बताया कि कहासुनी को लेकर गांव के ही संजय, रामप्रसाद, राघवराम व सुखराम ने अभद्रता कर डंडे से हमलाकर जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# अधिवक्ता ने चार लोगों पर दर्ज कराया केस

करनैलगंज (गोंडा)। अधिवक्ता हृदयनरायन मिश्र की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इसमें नवीन दास वैश्य, उमेश शुक्ला, रतन शुक्ला निवासी नगर व राकेश कुमार निवासी ग्राम बरांव थाना कटरा बाजार का नाम शामिल है।

आरोप है कि उपजिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार करनैलगंज मय फोर्स संस्कृत पाठशाला के पास रास्ते की भूमि खाली कराने के लिए बीते 11 जून की शाम जेसीबी मशीन के साथ पहुंचे। पहले से उपरोक्त लोग योजनाबद्ध तरीके से खड़े थे। जेसीबी अतिक्रमण हटाने के लिए बढ़ी ही थी, तभी आरोपियों ने हमला करके घायल कर दिया। वह बेहोश होकर वहीं पर गिर गए। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# खेत गई किशोरी से छेड़खानी, मुकदमा

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक 13 वर्षीय किशोरी से एक व्यक्ति ने छेड़खानी कर जानमाल की धमकी दी। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, धमकी व एससी/एसटी का मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना क्षेत्र परसपुर निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराए रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सोमवार की दोपहर उसकी 13 वर्षीय पुत्री खेत को गई थी। आरोपी उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर खींचने लगा। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर ग्राम मधईपुर कुर्मी निवासी मन्नन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# नाराज वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

## अतिक्रमण हटाने के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता पर जानलेवा हमले से थे नाराज

संवाद न्यूज एजेंसी



गोंडा में डीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिवक्ता। -संवाद

गोंडा। करनैलगंज तहसील क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर रास्ते की जमीन से से अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के मामले में अपेक्षित कार्रवाई न होने से नाराज वकीलों ने विरोध जताया। अतिक्रमण हटवाने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा। बीते सोमवार को जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष व मंत्री को पत्र भेजकर सहयोग मांगा था।

अधिवक्ता हृदय नरायन मिश्र पर जानलेवा हमले के प्रकरण में मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन में आपातकालीन बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी व संचालन महामंत्री रितेश कुमार यादव ने किया। बैठक में पुलिस की ओर से ठोस कदम नहीं उठाने पर आक्रोश जताया गया। सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर सार्वजनिक रास्ते से अवरोध हटाने व शेष अभियुक्तों के गिरफ्तारी मांग की गई।

बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव को सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष बिंदेश्वरी दूबे, पूर्व वरिष्ठतम उपाध्यक्ष संतोषी लाल तिवारी, आशीष त्रिपाठी, रसिक बिहारी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# थाने-चौकियों में योग कराएंगे पुलिसकर्मी

गोंडा। पुलिस लाइंस में दो सौ से अधिक पुलिसकर्मियों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को योग प्रशिक्षण शिविर में डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। साथ ही पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाया। ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के सभी 17 थानों और 35 पुलिस चौकियों में भी योगाभ्यास का आयोजन कराया जा सके।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। इसके लिए एक माह से तैयारियां हो रहीं हैं। ब्लॉकों के साथ ही विभागों की ओर से योगाभ्यास का आयोजन हो रहा है। अब तक करीब 30 हजार लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया है। जबकि करीब छह लाख लोगों को योग के बारे में जानकारी दी जा चुकी है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षकों ने पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया। साथ ही योग के जानकार पुलिसकर्मियों को थानों और चौकियों में योगाभ्यास कराने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद

## परिषदीय स्कूलों को भी योग से जोड़ने की तैयारी

**गर्मी** की छुट्टियों से स्कूलों में योगाभ्यास नहीं हो सका। स्कूलों में पहले से ही योगा से प्रशिक्षित शिक्षक व अनुदेशक हैं। 16 जून को स्कूल खुलने पर उन्हें भी योग से जोड़ने का अभियान शुरू होगा। जिससे 20 जून तक शिक्षकों को भी तैयार किया जा सके और वे स्कूलों में लोगों को योग का प्रशिक्षण दे सकें। इसकी तैयारी अभी से शुरू हो गई है।

# दो महिलाओं समेत तीन की पिटाई, केस

परसपुर (गोंडा)। दो स्थानों पर विभिन्न कारणों को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। दोनों मामलों में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने छानबीन के बाद कार्रवाई की बात कही है।

पहली घटना ग्राम सुकईपुरवा बहुवन मदार मांझा की है। यहां की निवासिनी सुनीता यादव पत्नी रामधीरज यादव ने दी तहरीर में बताया कि पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर गांव के ही आरोपी नरेश यादव, शिवबहादुर यादव, हंसराज यादव व मंशाराम यादव अभद्रता कर पिटाई करने लगे। सुनीता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। दूसरी घटना ग्राम मलांव की है। यहां के निवासी वासुदेव शर्मा ने दी गई तहरीर में कहा कि घरेलू विवाद को लेकर उसके भाई डब्लू व सरवन, भतीजा रामबाबू सोमवार की शाम को अभद्रता कर पिटाई करने लगे। पत्नी रेनू शर्मा को भी आरोपियों ने पीटा। वासुदेव शर्मा ने डब्लू शर्मा, सरवन शर्मा व रामबाबू शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। (संवाद)

# सड़क जाम कर उपद्रव करने में पांच गिरफ्तार



कटरा बाजार थाने में हाथ जोड़कर खड़े आरोपी। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कटरा बाजार (गोंडा)।** बीते दिनों हुए सड़क हादसे में मौत के बाद मार्ग जाम कर उपद्रव करने के पांच आरोपियों को कटरा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला कटरा बाजार के निंदूरा गांव का है। जहां 12 जून को सड़क हादसे में एक महिला की मौत से आक्रोशित कुछ ग्रामीणों ने करनैलगंज-बहराइच मार्ग जाम करके हंगामा किया था।

यही नहीं, वाहन फूंकने का भी प्रयास किया था। हालांकि पुलिस ने समय रहते पहुंचकर मामला शांत कराया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी समीर खां, अमजद खां, फैजल खां, महबूब खां व जहावर खां को गिरफ्तार किया गया है। पांचों आरोपी थाने में हाथ जोड़कर खड़े रहे। उन्होंने भविष्य में कभी भी उपद्रव न करने का वादा किया। एसओ ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, दंपती पर मुकदमा दर्ज

**रुपईडीह (गोंडा)।** बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में राहत अली का सिर फट गया। घटना की सूचना पर थाने की पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा करके कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के लोनावादरगाह गांव का है। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि आपस में बच्चों-बच्चों में विवाद हुआ। जिससे एक पक्ष ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे राहत अली के सिर पर चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि इस मामले में कल्लन व उनकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके छानबीन की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चत की जाएगी। (संवाद)

# माहौल बिगाड़ने वालों की खैर नहीं, पुलिस मुस्तैद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## जुमे की नमाज के दिन शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गली-मोहल्लों तक पर नजर



शहर में मंगलवार को गश्त पर निकले डीएम-एसपी। -संवाद

**गोंडा।** जुमे की नमाज के दिन सौहार्द्र एवं शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। 50 पुलिस टीमों का सतर्क किया गया है और हर गली-मोहल्ले पर नजर रखी जा रही है। एसपी ने सर्विलांस के साथ ही सोशल मीडिया सेल को भी निगरानी बढ़ाने की हिदायत दी है। बीते दिनों हुई घटनाओं के बाद पुलिस-प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र लगातार थानों में धर्मगुरुओं व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक करके सौहार्द्र व भाईचारा कायम रखने पर जोर दे रहे हैं। मंगलवार को नगर कोतवाली में डीएम व एसपी ने शहर के धर्मगुरुओं संग बैठक की। इसमें अमन-चैन बनाए रखने पर जोर दिया।

बीते दिनों सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश को पुलिस ने अपनी सूझबूझ से संभाल लिया। वहीं, प्रदेश के कुछ जिलों में हुई घटनाओं के बाद शासन से पुलिस-प्रशासन को सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश भी दिए गये हैं। इसी बीच जिले में शुरू हुई हलचल पर प्रशासन सतर्क हो गया है। डीएम-एसपी थानों में धर्मगुरुओं व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक करके सौहार्द्र कायम रखने की अपील कर रहे हैं। साथ ही कार्रवाई की तैयारी में भी जुटे हैं। बीते कई दिनों से पुलिस लाइंस में दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण भी दिया गया है।

17 थानों और चौकियों को मिलाकर 50 से अधिक पुलिस टीमें गठित की गई हैं जो किसी तरह की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचेंगी। यूपी 112 की सभी पीआरवी के साथ ही बाइकर्स पुलिस टीमों को भी अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है। एसपी का दावा है कि जिले के हर मोहल्ले पर पैनी नजर है, थानों में सूची भी तैयार कर ली गई है। जिससे किसी पर कोई आशंका होने पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होने कहा कि समजिक एकता को कायम रखने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं।

वही जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को भी सर्तक कर दिया है। पुलिस समन्वय स्थापित कर गावों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आने वाले शुक्रवार को होने वाले जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंमजाम हैं। जिसमें ड्रोन से निगरानी के साथ ही पुलिस टीमों को भ्रमण रखने की तैयारी है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

# शांति व्यवस्था भंग करने वालों को होगी जेल

बलरामपुर। उतरौला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों की बैठक मंगलवार को की गई। सीओ उदय राज सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी नागरिकों पर होती है। प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होता है।

हिन्दुस

# विवाहिता ने विषैला पदार्थ खाकर दी जान, पांच पर केस

गौरा चौराहा। स्थानीय थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव मे सोमवार रात ससुराली जनों के दहेज मांगने से क्षुब्ध विवाहिता ने विषैला पदार्थ खाकर जान दे दी। मामले मे विवाहिता के पति समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या का केस मंगलवार को दर्द हुआ है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

मस्जिदया निवासी सहदेव यादव ने बताया कि उनकी 29 वर्षीय पुत्री सरिता देवी का विवाह 10 वर्ष पूर्व अहिरौली के विजय यादव के साथ हुआ था। विजय यादव, उनकी बहन कुमारी, चाचा चिकने, चाची व चाचा बिंदूलाल उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। दहेज न देने पर सरिता देवी को विषैला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी सहदेव को मंगलवार सुबह 11 बजे दी गई। परिवारी जनों के हस्तक्षेप पर विजय यादव सरिता की अंत्येष्टि नहीं कर सके। प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश यादव ने शव को कब्जे में ले लिया।

# मतान्तरण की पुष्टि आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। महिला व उसके चार बच्चों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और मतांतरण कराने वाले मोहम्मद जमील निवासी हलौरा को जरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित मोहम्मद जमील को दबोच लिया। 24 घंटे के भीतर बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण में मतांतरण की पुष्टि होने पर अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

# जुआरी गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस ने पांच लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक हौसला प्रसाद ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गुलरिया हिसामपुर गांव मे पांच लोगों को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा है।

हिन्दुस

# आपसी सौहार्द कायम रखने के लिए नागरिक जागरूक हों

गैसड़ी। क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने के लिए मंगलवार से प्रत्येक मोहल्ले में धर्म गुरुओं एवं धर्मावलंबियों के साथ पुलिस बैठक कर सभी से भाईचारा कायम करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र के समस्त धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों के साथ बैठक कर उनको सौहार्द कायम करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र वासियों को जागरूक किया जा रहा है।

# बच्चों का मतांतरण कराने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**संसू, बलरामपुर :** महिला व उसके चार बच्चों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व मतांतरण कराने वाले मोहम्मद जमील निवासी हलौरा को जरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को दबोच लिया। 24 घंटे के भीतर बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण में मतांतरण की पुष्टि होने पर अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

जरवा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने उसकी पत्नी को भगा लेने जाने का आरोप मोहम्मद जमील पर लगाया था। जमील ने अपनी पत्नी को तीन तलाक भी दे दिया था। जिसका मुकदमा 12 अप्रैल को महिला थाना में दर्ज किया गया था। तीन तलाक मामले में महिला थाना पुलिस शिथिल रही। मुकदमा दर्ज होने के दो माह बाद भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पहले तो पीड़ित अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए कोतवाली व अधिकारियों की चौखट पर दस्तक देता रहा। बाद में उसने अपने बच्चों को मतांतरण से बचाने के लिए गुहार लगाई। इस पर जरवा कोतवाल पवन कुमार कनौजिया ने उसके दोनों बेटों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। मेडिकल में बच्चों के मतांतरण की पुष्टि हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त मोहम्मद जमील के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# अराजक तत्वों पर नजर रखेंगी मोहल्ला व ग्राम समितियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** अराजक तत्वों पर मोहल्ला व ग्राम समिति नजर रखेंगी। जिले के सभी ८०० ग्राम पंचायतों व चारों नगर निकायों के वार्डों में मोहल्ला व ग्राम समिति गठित की जाएगी। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सभी 15 कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को मोहल्ला व ग्राम समितियों का गठन करने का निर्देश दिया है। चारों सर्किल के सीओ, मोहल्ला व ग्राम समितियों की बैठक कर सुझाव देंगे। इससे अराजकता पर काबू पाने में पुलिस को मदद मिलेगी।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला सराय फाटक स्थित जामा मस्जिद के मैदान में सीओ सिटी वरुण मिश्र की अध्यक्षता में मोहल्ला समिति की बैठक की गई। बैठक में सीओ सिटी ने कहा कि मोहल्ला व ग्राम

## पुलिस व पब्लिक के बीच सामंजस्य बनाने में समिति करेगी सहयोग

समितियों का गठन करने का उद्देश्य पुलिस व पब्लिक के बीच आपसी सामंजस्य बनाने के लिए है। वार्ड मेंबर से लेकर मोहल्ले के गणमान्य लोग किसी भी प्रकार की छोटी या बड़ी घटना के बारे में पुलिस को सूचित करेंगे। सोशल मीडिया पर किसी धर्म के बारे में भड़काऊ पोस्ट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाल संजय कुमार दूबे ने कहा कि पुलिस लोगों को बेहतर सेवा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

सोशल मीडिया पर किसी भी धर्म के बारे में यदि कोई पोस्ट आती है तो उसको फारवर्ड न करें बल्कि तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# बाल भिक्षावृत्ति के छह बच्चे किए गए रेस्क्यू

**बलरामपुर।** बाल भिक्षावृत्ति के छह बच्चे रेस्क्यू किए गए हैं। इन सभी बच्चों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए चाइल्ड लाइन को सुपुर्द कर दिया गया है। बच्चों के अभिभावकों को बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम आदि न कराने की सलाह दी गई है। साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर बच्चों की तस्करी को लेकर नजर रखी जा रही है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने मंगलवार को बताया कि जिले की नेपाल देश से सीमा सटी होने के चलते तस्करी की संभावनाएं अधिक रहती हैं। एएचटीयू प्रभारी एसआई ममता सिंह यादव के नेतृत्व में थाना तुलसीपुर क्षेत्र में चार बच्चे रेस्क्यू किए गए हैं, जो भिक्षावृत्ति में संलिप्त रहे। एक बच्चे की आयु पांच वर्ष, एक की 12 वर्ष व दो की करीब सात वर्ष है। नेपाल बार्डर से सटे गांवों में रेस्क्यू किया गया। प्रभारी निरीक्षक हरैया थाना प्रमोद कुमार सिंह, एसआई रामकृपाल वर्मा, किशन प्रसाद, अरक्षी शिवम गौड़, आनंद मिश्र व रतना सिंह आदि मौजूद रहे। कोतवाली नगर क्षेत्र के दो बच्चों को रेस्क्यू किया गया, जिनकी आयु चार व पांच वर्ष हैं। यह बच्चे बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त रहे। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

# खनन में लगी तीन ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**नानपारा, संवाददाता।** अवैध मिट्टी के खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। रात के अंधेरे में खनन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बंजारनटाड़ा इलाके में नायब तहसीलदार नानपारा ने तीन ट्रैक्टर -ट्राली सहित एक हवडिंग कब्जे में ले ली। पकड़े गए वाहनों को सीज कर पुलिस को सौंप दिया गया।

कोतवाली नानपारा के बंजारन टांड़ा में रात को माफिया मिट्टी का अवैध खनन करते हैं। जिसे जरूरतमंद लोगों को एक ट्राली मिट्टी 900 से लेकर 1200 रुपये तक में बेंच रहे हैं। सोमवार की देर रात्रि रात बंजारन टांडा में कई ट्रैक्टरों को लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर रात में ही नायब तहसीलदार नानपारा मनीष वर्मा ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी का अवैध खनन करते तीन ट्रैक्टर- ट्राली मौके पर पकड़ लिया। उन्होंने तीनों वाहन कब्जे में लेकर प्रभारी शमशेर बहादुर को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को वाहन सौंप दिए गए।

# चोरी में वांछित गिरफ्तार

**बहराइच, संवाददाता।** खैरीघाट थाने की पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को दबोच लिया है। उसके पास से चोरी की गई नकदी व चोरी की वारदात में प्रयुक्त राड बरामद किया है।

खैरीघाट एसएचओ निखिल कुमार मिश्रा ने बताया कि गौढ़िया गांव में चंद्र प्रकाश मिश्रा के घर में जून के पहले सप्ताह में चोरी की वारदात हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक संजय कुमार यादव, मुख्य सिपाही मनोज सिंह, सिपाही कार्तिकेय गौड़, अजय यादव, विनीत वर्मा ने पुसूपुरवा के दक्षिण बाग में सोमवार को दबिश देकर टेपरी चिड़ीमारनपुरवा निवासी सकटू को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की गई 4, 870 रुपये नकद व चोरी में प्रयुक्त राड बरामद किया है।

# स्टेडियम में अमृत योग सप्ताह का आगाज

## अमृत महोत्सव

- हरे भरे परिसर में लोगों ने शुरू किया योग की मुद्राओं का अभ्यास
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुरू हुई योग की यह श्रंखला



इंदिरा स्टेडियम में मंगलवार को अमृत योग सप्ताह में अभ्यास करते लोग

बहराइच, संवाददाता। आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में मंगलवार को इंदिरा स्टेडियम के हरेभरे परिसर में अमृत योग सप्ताह का आगाज हो गया। कालीन पर कतारबद्ध बैठे बच्चों, महिलाओं व पुरुषों ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास शुरू किया। योग की यह श्रंखला 20 जून तक चलेगी। योग सप्ताह का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा की ओर से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर के छात्र-छात्राओं की ओर से देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा संजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर दुर्गेश्वर त्रिपाठी, जिला क्रीडाधिकारी नीरज मिश्र, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक पाण्डेय गुलशन जिला होम्योपैथिक अधिकारी भी शामिल हुए। इसके अलावा पियूष नायक, गायत्री परिवार के पदाधिकारी, शिक्षक, खिलाड़ी सहित अन्य लोगों की ओर से भारी संख्या में कॉमन योगा प्रोटोकाल के अनुरुप योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। इसी प्रकार जनपद के ग्राम पंचायतों, न्याय पंचायतों, स्थानीय निकायों एवं नगर पालिका परिषदों के वार्डो में भी योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास किया गया।

# नुपुर शर्मा व नवीन जिंदल के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग



कलेक्ट्रेट में एडीएम मनोज को ज्ञापन देते जमीयत उलमा-ए- हिंद के पदाधिकारी ● जागरण

**संसू, बहराइच :** जमीयत उलमा-ए-हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना कारी जुबैर के नेतृत्व में मुसलिम समाज ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी मनोज को सौंपकर नुपुर शर्मा एवं नवीन जिंदल के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

मौलाना कारी जुबैर ने बताया कि यह हरकत फिरकापरस्त ताकतों की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। इसलिए ऐसे कानून की बहुत सख्त जरूरत है, जिसमें कोई भी शख्स किसी भी धर्म के विषय में कुछ कहे तो उस पर फौरन कार्रवाई हो। सख्त से सख्त सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि अगर दो लोगों की गिरफ्तारी हो जाती तो इतना फसाद न होता।

# 'योग का प्रतिदिन करें अभ्यास, रहें निरोगी'



इंदिरा स्टेडियम में योगाभ्यास करते लोग ● जागरण

**जासं, बहराइच :** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को देखते हुए मंगलवार से अमृत योग सप्ताह शुरू किया गया है। यह 20 जून तक चलेगा। सभी सार्वजनिक स्थानों व गांवों में योग किया जाएगा। 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में 14 से 20 जून तक अमृत योग सप्ताह का आयोजन होगा। विधान परिषद सदस्य डा. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा ने इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में दीप प्रज्वलित कर सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कहा कि योग का प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए। इससे सभी निरोगी रहेंगे और समाज का स्वस्थ विकास संभव होगा।

प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**● अमृत योग सप्ताह शुरू, एमएलसी व विधायक ने किया उद्घाटन**

डा. एसके सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा संजय सिंह, बीएसए अजय कुमार, ईओ नगरपालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी, जिला क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्र, पीयूष नायक ने कामन योगा प्रोटोकाल के अनुरूप योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास किया।

ग्राम पंचायतों, न्याय पंचायतों, स्थानीय निकायों एवं नगर पालिका परिषदों के वार्डों में भी योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास किया गया। विद्यार्थियों को योगा कार्यक्रम व उनकी गतिविधियों के तहत आसन, प्राणायाम, ब्रीथिंग अभ्यास के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अशोक पांडेय गुलशन ने सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी'

**फखरपुर/खैराबाजार :** मंगलवार को फखरपुर के चौधरी सियाराम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बृजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने योग किया। विद्यार्थियों को योग अपनाने के लाभ बताए गए। इस मौके पर देवेशराम पाठक, वासुदेव, हर्षित मिश्र, अमित पांडे, संजीत कुमार, कृपाल सिंह यादव उपस्थित रहे। तेजवापुर ब्लाक के राजकीय हाईस्कूल टेंडवा सिस्टीपुर विद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बच्छराज ने बताया कि 21 जून तक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को योगा का अभ्यास कराया जाएगा। छात्र-छात्राओं को योग, आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया।

# दो डबल डेकर बसों को किया सीज, एक का चालान

**डग्गामार वाहनों पर सख्ती**

**जासं, बहराइच :** डग्गामार वाहनों के संचालन पर सरकार की सख्ती के बाद जिला प्रशासन भी तेजी से कार्रवाई कर रहा है। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर संचालित अभियान के दौरान मंगलवार को एसडीएम नानपारा अजित परेश व पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. जंगबहादुर यादव की अगुआई में चेकिंग अभियान चलाया गया।

मौके पर मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह व एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार की टीम ने नानपारा स्टैंड के पास अवैध तरीके से सवारियों को भर रहे दो डबल डेकर बसों को सीज कर दिया गया। स्थायी परमिट प्रस्तुत न कर पाने के कारण एक टूरिस्ट बस तथा हिमाचल प्रदेश की बस ड्राइवर के पास ड्राइविंग लाइसेंस न होने के कारण चालान की कार्रवाई की गई।

# दोहरे हत्याकांड में शक की सुई करीबियों पर

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच



देहात कोतवाली के बहादुरपुर गांव में दंपति की हत्या के बाद रोते-बिलखते परिवारजन व मौजूद ग्रामीण ● जागरण

बुजुर्ग दंपति की जिस तरह धारदार हथियार से नृशंस हत्या की गई, उसे देखकर सभी दहशत में हैं। मौत के बाद भी जिस तरह उनके शरीर को काटा गया, उसे देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि हत्यारों में किस तरह दंपति के प्रति प्रतिशोध भरा था।

घटना को चुनौती की तरह लेकर पुलिस टीमों को लगाने वाले एसपी हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रहे हैं। फिलहाल दोहरे हत्याकांड मामले में शक की सुई मृतक के करीबियों के इर्द-गिर्द घूम रही है।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम बहादुरपुर गांव निवासी बुजुर्ग दंपति गनी अहमद अपनी पत्नी चुनमुनिया के साथ मुर्गी फार्म हाउस का संचालन कर वहीं रहते थे। सोमवार देर रात दंपति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। बुजुर्ग के हाथ व पैर की अंगुलियों तक को हत्यारों ने काट दिया था। मृतक के पास ठीकठाक संपत्ति होने की बात पता चली।

हाल ही में गनी अहमद ने एक और संपत्ति को खरीदा था। एसपी केशव कुमार चौधरी ने घटना के खुलासे को लेकर एसओजी, सर्विलांस, देहात कोतवाली समेत पुलिस की पांच टीमें गठित की है। पल-पल की जांच रिपोर्ट से एसपी अवगत भी हो रहे हैं। एएसपी शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व सीओ विनय द्विवेदी को भी घटना का जल्द राजफाश करने की हिदायत दी है।

# अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर ट्रालियां सीज

**संसू, बल्हा :** अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार नानपारा ने तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां एवं पोकलैंड मशीन कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दी। नानपारा क्षेत्र के बंजारन टांडा में अवैध खनन कर माफिया लोगों को एक ट्राली मिट्टी नौ सौ रुपये में बेच रहे हैं।

सोमवार की देर रात अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने छापा मारा। अवैध खनन करते एक पोकलैंड मशीन व तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। उन्होंने पकड़े गए वाहनों को पुलिस के हवाले कर दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि पुलिस को कार्रवाई करने को कहा है।

# स्थानांतरित उप जिलाधिकारी सदर को दी गई विदाई



कलेक्ट्रेट में उप जिलाधिकारी सौरभ गंगवार ( मध्य में ) के विदाई समारोह में मौजूद अधिकारी गण ● जागरण

**जासं, बहराइच :** उप जिलाधिकारी सदर के पद पर तैनात रहे आइएएस सौरभ गंगवार को सोनभद्र का मुख्य विकास अधिकारी बनाए जाने पर कलेक्ट्रेट सभागार में भावभीनी विदाई दी गई।

इस मौके पर जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, सीडीओ कविता मीना, एडीएम मनोज, सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय ने उनकी सादगी और विनम्रता की तारीफ की। कहा कि वह सदैव जनसेवा को तत्पर रहे।

अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गंगवार ने कहा कि बहराइच को वह हमेशा याद रखेंगे। डीएम के मार्ग निर्देशन में टीम भावना के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा किया। संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी गुलाम अली शाह ने किया।

# चार गांवों में मारपीट, नौ गिरफ्तार

बहराइच, संवाददाता। तीन थानों के चार गांवों में विभिन्न मामलों को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दबिश देकर नौ लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर शांतिभंग की कार्यवाई कर एसडीएम कोर्ट पर पेश किया है।

रानीपुर थाने के ऐलिहा के मजरे खैराहन में सोमवार शाम मलखान बवाल काटकर मारपीट को आमादा हो रहा था। इसकी भनक लगते ही दरोगा अरविंद यादव, मुख्य सिपाही मुस्तफा हुसैन, सिपाही मोहम्मद करीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। कैसरगंज थाने के तौकलपुर में मारपीट हो गई। इसकी भनक लगते ही दरोगा रमेश चंद्र, मुख्य सिपाही नागेंद्र प्रसाद, सिपाही उमेश चंद्र ने दबिश देकर अमित सिंह, अनुज सिंह, उद्यान सिंह उर्फ बब्बू, मंजीत सिंह, मनोज सिंह सत्यम सिंह उर्फ भोलू को गिरफ्तार किया। पयागपुर थाने में तैनात दरोगा राजेंद्र प्रसाद, राजेन्द्र पांडेय ने मारपीट को आमादा रुकनापुर के मजरे वीरसिंहपुरवा निवासी सर्वजीत यादव, सेवढ़ा निवासी रज्जन को गिरफ्तार कर लिया है।

# योगाभ्यास कर अमृत योग सप्ताह का किया शुभारंभ

## महिला पीजी कॉलेज में दीं महत्वपूर्ण जानकारियां, काफी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। महिला पीजी कॉलेज में मंगलवार को अमृत योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं व अन्य लोगों ने योगाभ्यास भी किया। साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन योग कब, कैसे और क्यों विषय पर छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राएं व प्रवक्ता उपस्थित रहीं।

अमृत योग सप्ताह के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं को योग कब, कैसे और क्यों विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम विधाओं में से एक है। योग का हमारे जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। योग से मनुष्य स्वस्थ व दीर्घायु जीवन जी सकता है। उन्होंने छात्राओं को योग करने का समय बताया व महत्वपूर्ण आसनों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं ने योगाभ्यास भी किया। कार्यक्रम से ऑनलाइन भी छात्राओं को जोड़ा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. संजय सिंह, डॉ. मनीषा खन्ना, प्रियंका श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।





बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम में अमृत योग सप्ताह के शुभारंभ पर योगाभ्यास करते लोग। -संवाद

# धर्मगुरुओं ने डीएम व एसपी से की भेंट

**बहराइच।** धर्मगुरुओं के एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी से मुलाकात की। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के चैंबर में धर्म गुरुओं ने आश्वस्त किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा।

इस दौरान डीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था के साथ ही तेज विकास किया जा सकता है। डीएम व एसपी ने धर्मगुरुओं से अपील की कि आम लोगों को सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करें क्योंकि पूरा समाज उनकी की बात को गंभीरता से सुनता है। डीएम व एसपी ने कहा कि जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। सौहार्दपूर्ण वातावरण को प्रभावित करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि ऐसे लोगों के बारे में पता चले तो तत्काल पुलिस व प्रशासन को सूचित किया जाए। संवाद

# भड़काऊ पोस्ट डालने वाला युवक गिरफ्तार

**बहराइच।** जिले में विभिन्न आरोपों में मंगलवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। रिसिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने बताया कि तश्कीम अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर भड़काऊ पोस्ट डालने का आरोप है। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि भड़काऊ पोस्ट डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। वहीं, खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि टेपरी गांव निवासी पंचराम को सोता पुल के पास तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। उस पर मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। पयागपुर थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने बताया कि सहजनवा गांव निवासी सुनील वर्मा के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज था। आरोपी को पयागपुर बस अड्डे के पास गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद जेल रवाना कर दिया गया। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-06-2022

# 64 वाहनों का किया गया चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की।

इसमें 64 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 89 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने वाहन चालकों को नियम पालन करने को कहा।

# महिलाओं को किया गया जागरूक

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशानुसार मंगलवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलग अलग स्थानों पर महिलाओं को इकट्ठा कर उन्हें हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 आदि की जानकारी दी।

# इनामी वन माफिया पुलिस के हत्थे चढ़ा, जेल भेजा

## कार्रवाई

**श्रावस्ती, संवाददाता।** मंगलवार को सिरसिया पुलिस ने वांछित वन माफिया को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। आरोपी के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज है और उस पर 15 हजार का इनाम घोषित किया था।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एसपी के निर्देशानुसार मंगलवार को सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षण प्रेमपाल सिंह टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों, वारंटियों आदि की धर पकड़ को भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इनाम घोषित वन माफिया जमुना प्रसाद पुत्र सहज राम निवासी बलनपुर बसंतपुर थाना सिरसिया को गुलरा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। किया गया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि आरोपी आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी से जंगल से लकड़ियों की अवैध कटान की घटनाएं कारित करता रहा है।

# तीन नफर वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजे

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक की ओर से अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। साथ ही अभियान चलाकर वांटरी व वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने को निर्देशित किया गया है। इस क्रम में मंगलवार को मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह टीम के साथ वांछितों की तलाश पर निकले थे।

इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नफर वारंटी अनुज कुमार सिंह उर्फ पुत्तान पुत्र उदयराज सिंह, दिनेश सिंह पुत्र उदयराज सिंह व ननकू पुत्र उदय राम सिंह निवासी ग्राम मुनव्वर गांव थाना मल्हीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर एक अन्य आरोपी रमेश को भी गिरफ्तर किया गया।

# तीन अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**श्रावस्ती।** अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। थाना इकौना पुलिस की ओर से तीन शातिर अपराधी भीम खटीक उर्फ भीमसेन सोनकर पुत्र जंगली खटीक निवासी गोकुली थाना ललिया जनपद बलरामपुर, इंद्रसेन पुत्र चेतराम निवासी प्रतापवली पुरवा थाना सिरसिया व अशोक कुमार पांडेय पुत्र अयोध्या प्रसाद पांडेय निवासी प्रतापवली पुरवा के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई।

# तीन अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**जासं, श्रावस्ती :** मंगलवार को इकौना पुलिस टीम ने चोरी व नकबजनी की घटनाओं में लिप्त तीन शातिर आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एएसपी के नेतृत्व में सिरसिया पुलिस टीम ने बलरामपुर जिले के ललिया क्षेत्र गोकुली निवासी भीम खटीक उर्फ भीमसेन सोनकर, सिरसिया क्षेत्र के प्रतापवली पुरवा निवासी इंद्रसेन व अशोक पांड्येय के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। बताया कि आरोपितों का संगठित गिरोह हैं। इसका लीडर भीमसेन है।

**15 हजार का इनामी दबोचा :** सिरसिया पुलिस टीम ने फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट आरोपित बलनपुर बसंतपुर निवासी जमुना प्रसाद को गुलरा नहर पुल के पास से दबोच लिया। एसपी ने गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। आरोपित चोरी से जंगल की लकड़ी काटने की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

# फिट रहने के लिए जवानों ने लगाई दौड़

**जासं, श्रावस्ती :** एएसपी केसी गोस्वामी ने मंगलवार को भिनगा स्थित पुलिस लाइन पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में शामिल जवानों ने दौड़ लगवाई। कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योगाभ्यास कराया। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रत्येक दिन पीटी व योगासन करने के लिए जवानों को प्रेरित किया। यूपी- 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश प्रभारी को दिए। कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की जांच की। बावर्दी रहकर निष्ठा के साथ ड्यूटी करने व जनता से मधुर व्यवहार करने के लिए जवानों को निर्देशित किया।

# आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : भिनगा क्षेत्र की पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपित लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा क्षेत्र के नरैना बाबा गांव निवासी रमेश उर्फ बाला को बगुरैया मोड़ चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को जेल भेजा गया है। (वि.)

## शांतिभंग में 12 पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सभी को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है।( वि.)

## ई-चालान

**श्रावस्ती :** यातायात पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 64 वाहनों का ई-चालान कर 89,500 रुपये का शमन वसूला।( वि.)

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुनव्वर पटना निवासी वारंटी अनुज कुमार सिंह उर्फ पुत्तान, दिनेश सिंह व ननकू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को न्यायालय पर पेश किया गया है।( वि.)

# कानून की दी जानकारी

**श्रावस्ती :** महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति मोबाइल ने गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया। इस दौरान विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। जागरूकता पंफ्लेट भी वितरित किया।(वि.)

# अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी



पुलिस लाइन परिसर में पीआरवी वाहनों की जांच करते एएसपी। -संवाद

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाईन भिनगा के परेड ग्राऊंड में मंगलवार को रैतिक परेड का आयोजन हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी द्वारा सलामी ली गई।

एसपी ने परेड का निरीक्षण भी किया। इसके बाद उन्होंने यूपी 112 वाहनों का निरीक्षण कर मौजूद पुलिस कर्मियों को बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाने, जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। मौजूद पुलिस कर्मियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योगाभ्यास कराया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे। (संवाद)

## शांतिभंग की आशंका में 12 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार रात 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया है। विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंगलवार को 64 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने 89,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# सरकारी काम में बाधक बने सात गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)**। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर कठौतिया के मजरा बंजारन पुरवा में भीमसेन ने थाना दिवस में एक अर्जी दिया था। जिसके निस्तारण के लिए रविवार को राजस्व टीम कानूनगो प्रहलाद विश्वकर्मा, लेखपाल रामफल यादव, ओमप्रकाश मिश्रा, बदरुलहक के साथ पहुंचे थे। राजस्व टीम को मौके पर देख कुछ लोगों ने टीम पर हमला बोल दिया था। प्रभारी निरीक्षक सोनवा सुरेंद्र कुमार शर्मा ने राजस्व टीम पर हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले सगीर व अफसर पुत्रगण लशकरी, सलमान पुत्र मजीद, राजू पुत्र साकिर, नसुरुद्दीन पुत्र सगीर, सहाबुद्दीन पुत्र सगीर, गफ्फूर पुत्र साकिर निवासीगण बंजारनपुरवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती/ इकौना**। सिरसिया पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान गैंगस्टर एक्ट के वांछित को गुलरा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। जमुना प्रसाद निवासी बलनपुर बसंतपुर पर 15 हजार का इनाम था। वहीं इकौना पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। जिनमें बलरामपुर जिले के थाना ललिया अंतर्गत गोकुली निवासी भीम खटिक उर्फ भीमसेन सोनकर, सिरसिया के प्रताप अली पुरवा निवासी इंद्रसेन व अशोक कुमार पांडे का नाम शामिल है। जिनके द्वारा एक संगठित गिरोह चलाया जाता है, जिसका लीडर भीमसेन सोनकर है। ये चोरी, नकबजनी की घटनाएं करते हैं। (संवाद)